





# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 73

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

रविवार | 24 दिसंबर, 2023

## योगी ने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया: कहा, अयोध्या में रामजी विराजमान हो रहे, ये लोग वह काम कर पाते क्या, कार्यक्रम में नहीं आए जयंत

# यूपी में भूख-बीमारी से नहीं होगी मौत डबल इंजन सरकार की है गारंटी: सीएम

### प्रदेश के 18 किसानों को भी सम्मानित किया गया, योगी बोले, किसान भाजपा सरकार के एजेंडे में पहले स्थान पर

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर मुरादाबाद पहुंचे
- उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 51 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया

जन एक्सप्रेस । मुरादाबाद

पश्चिमी यूपी में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की 51 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। मुरादाबाद की जमीन से उपराष्ट्रपति की खिल्ली उड़ाने वाले प्रकरण को भी उछाला। सीएम ने कहा, ये लोग किस तरह से संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की खल्लियां उड़ाते हैं। संविधान के अपमान का मतलब, बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर का अपमान। ये किसी भारतीय को स्वीकार नहीं करना चाहिए। क्योंकि हमारी आस्था भारत की एकता-अखंडता के लिए है।



### अब तो सब कहते हैं न कर्फ्यू दंगा यूपी में सब चंगा

मुख्यमंत्री ने कहा, अब यूपी में दंगा नहीं होता है। अब किसानों को कोई परेशान नहीं करता है। उसकी हमने पुख्ता व्यवस्था की है। अब तो सब कहते हैं न कर्फ्यू दंगा यूपी में सब चंगा। 22 जनवरी को अयोध्या में 500 साल बाद राम जी विराजमान हो रहे है। ये लोग वह काम कर पाते क्या? योगी ने कहा, कही पूर्वांचल एक्सप्रेस तैयार है, कहीं बुंदेलखंड एक्सप्रेस तैयार है। नौजवानों को नौकरी की तैयारी के लिए दरवाजे खुल रहे हैं। अब तो मुरादाबाद में भी एयरपोर्ट की तैयारी हो गई है। बता दें कि इस प्रतिमा का निर्माण जाट महासभा ने कराया है। महासभा की तरफ से जयंत चौधरी को भी बुलाया गया है, हालांकि वह नहीं पहुंचे।

### 2 करोड़ किसानों को 60 हजार रुपए दे सके

सीएम योगी ने कहा, पहली बार 2 करोड़ किसानों को 15 किस्त में 60 हजार करोड़ सम्मान निधि दी जा चुकी है। नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है, जहां पर किसान का सम्मान होता है। शासन उनके परिश्रम को नतमस्तक होकर सम्मान देता है। हमने अपने कृषि उत्पादन को 9 फीसदी तक पहुंचाया है। हम कृषि उत्पादन 3 गुना रफ्तार से आगे बढ़ाएंगे। जिससे कि उत्तर प्रदेश 1 ट्रिलियन इकोनॉमी को प्राप्त कर सके। हमें परंपरागत खेती के साथ-साथ वेजिटेबल स्ट्रॉबेरी और नेचुरल फार्मिंग की तरफ भी ध्यान देना होगा।

### सीएम ने कहा- जाट महासभा आगे, उनके पीछे सरकार

उन्होंने कहा, मैं चौधरी चरण सिंह को नमन करता हूं। मुझे उनकी 51 फीट की मूर्ति का अनावरण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। चौधरी साहब भारत की अर्थव्यवस्था की सारी जानकारी रखते थे। जाट महासभा आगे है, सरकार उनके पीछे खड़ी है। 51 फीट की प्रतिमा संदेश दे रही है। उनमे हमारी भी आस्था है। क्योंकि उन्होंने देश के लिए, किसानों के लिए काम किया था।

### किसान को दी है फ्री बिजली

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश के अंदर जितने भी निजी ट्यूबवेल लगाए गए हैं, उनको हम फ्री में बिजली देने का काम कर रहे हैं। डीजल से चलने वाले जितने भी ट्यूबवेल हैं, उनको हम सोलर पैनल देकर डीजल की बचत करने की दिशा में आगे बढ़ने जा रहे हैं।

### योगी ने किसानों और कृषि वैज्ञानिकों को किया सम्मानित

चौधरी चरण चौधरी चरण सिंह की जयंती के मौके पर राजधानी लखनऊ के लोक भवन सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कई किसानों, कृषि उद्यमियों ,एफपीओ और कृषि वैज्ञानिकों को सम्मानित भी किया। साथ ही, उन्हें ढ्ढ (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के जरिए समस्याओं के समाधान का तोहफ़ा दिया। उन्होंने कहा,ऽअब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के द्वारा किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसमें चैट बोर्ड के माध्यम से समस्याएं जल्द खत्म हो सकेंगी। अभी इस चैट बोर्ड से कीटनाशक की सलाह दी जाएगी। कृषि संबंधी सवाल हिंदी और अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं में सुने जाएंगे। ये एक अलग तरह की क्रांति होगी।

### किन-किन कैटेगरी में किया गया सम्मानित..

खरीफ (धान, मक्का, उड़द, तिल एवं अरहर) में सर्वाधिक उत्पादन के लिए 15 कृषकों को पुरस्कार

रबी (गेहूं, चना, मटर, मसूर एवं राई / सरसों) में सर्वाधिक उत्पादन के लिए 15 कृषकों को पुरस्कार

श्रीअन्न (ज्वार, बाजरा, रागी एवं कोदो) में सर्वाधिक उत्पादन के लिए 14 कृषकों को पुरस्कार

### राज्य स्तर पर किया गया सम्मानित

- 3 महिला कृषकों को विशिष्ट पुरस्कार
- प्राकृतिक खेती करने वाले 3 कृषकों को पुरस्कार
- 3 कृषि उत्पादक संगठनों (एफ.पी.ओ.) को पुरस्कार
- औद्यानिक खेती करने वाले 3 कृषकों को पुरस्कार
- संरक्षित खेती करने वाले 3 कृषकों को पुरस्कार
- 3 कृषि उद्यमियों, 3 कृषि वैज्ञानिकों एवं पराली प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

**जयंत नहीं पहुंचे, मंच पर गन्ना मंत्री रहे मौजूद:** योगी के साथ मंच पर जाट नेता गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी और जाट सभा के पदाधिकारी मौजूद रहे। चौधरी चरण सिंह की जयंती पर किसानों को सम्मानित किया गया। उन्हें ट्रैक्टर की चाभियां सौंपी गईं। सीएम योगी ने मंच पर पहुंचने से पहले प्रदर्शनी देखी। यहां एक बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार भी किया। उसका दुलार किया।

### एक साल में पांच लाख तक के इलाज की गारंटी

सीएम योगी ने कहा कि भूख और बीमारी से कोई मौत नहीं होगी, इसकी गारंटी डबल इंजन सरकार देने आई है। आयुष्मान कार्ड से गरीबों का इलाज मुफ्त हो रहा है। एक साल में पांच लाख तक के इलाज की गारंटी है। गरीबों को मुफ्त राशन देने का काम उनकी सरकार ने किया है। पहले की सरकारें गरीबों को भख, बीमारी और मकान के अभाव में मार देती थी। उन्होंने कहा कि अब कांवड़ यात्रा भी निकल रही और राम मंदिर का भी निर्माण हो रहा है।

### नजीबाबाद और बिजनौर से बचपन से ही लगाव रहा: सीएम

सीएम योगी ने कहा कि बचपन से ही नजीबाबाद और बिजनौर से लगाव रहा है। सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ से बिजनौर जितनी दूर लगता है। मैं बिजनौर आने में उतना ही नजदीक महसूस करता हूं। उन्होंने कहा कि बचपन में अनेक बार नजीबाबाद आया और यहीं से होकर गुजरा करता था। सीएम योगी ने नजीबाबाद की सहकारी चीनी मिल से किसानों में आए खुशहाली का जिक्र किया लेकिन, गन्ना मूल्य को लेकर कोई घोषणा नहीं की। कहा कि हमारी संवेदनाएं माफिया और अपराधियों के लिए नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद से उद्यमियों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिली है। साथ ही कहा कि उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ गरीब लोगों को राशन वितरण का लाभ दिया जा रहा है।

### सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों ने मंच से सुनाई योजना के लाभ मिलने की कहानी

लाभार्थी मनीष ने मंच पर आकर कहा कि आयुष्मान कार्ड की वजह से उसकी पित्त की थैली में पथरी का ऑपरेशन निजी अस्पताल में हुआ है। वहीं, सामने बैठे सीएम योगी ने पूछा कि इलाज में कितना खर्च हुआ तो लाभार्थी ने जवाब में बताया कि कोई पैसा खर्च नहीं हुआ है। इस दौरान किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अनेक योजनाओं के लाभार्थियों ने एक-एक लाभ मिलने की कहानी अपनी जुबानी सुनाई। इस बीच एक-एक कर लाभार्थी मंच पर पहुंच रहे थे और सीएम योगी व उनके विधायक मंच के सामने नीचे मूढो पर बैठे हुए थे। सीएम योगी और उनके नेता दर्शक की तरह लाभार्थियों की कहानी सुन रहे थे।

### सीएम योगी और नेताओं ने ली शपथ

इस दौरान सीएम योगी और भाजपा नेताओं समेत पंडाल में मौजूद भीड़ ने हाथ उठाकर भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के सपने को साकार करने की शपथ ली। गुलामी की मानसिकता को भी उखाड़ फेंकने की शपथ ली गई। सीएम योगी ने अपने 19 मिनट के भाषण के शुरुआत और अंत में चौधरी चरण सिंह को नमन किया। इससे पहले सीएम योगी ने सबसे पहले विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। सीएम योगी ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और इसके बाद संकल्प यात्रा का उद्घाटन किया। यह यात्रा जिले में गांव-गांव में जाएगी। वहीं, सीएम के पहुंचने से पहले भूपेंद्र सिंह चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व सांसद कुंवर भारतेंद्र सिंह, पूर्व सांसद यशवंत सिंह, विधायक सूची चौधरी, कुंवर शुशांत सिंह, अशोक कुमार राणा, ओम कुमार, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन दिनेश सिंह, अशोक कटारिया, सत्यपाल सैनी, एमएलसी रामगोपाल, ब्लॉक प्रमुख तपराज सभा स्थल पर पहुंच गए थे।

### लोकसभा चुनाव से पहले जाट वोट बैंक में सेंधमारी

दरअसल, लोकसभा चुनाव 2024 से पहले पश्चिमी यूपी में भाजपा ने बड़ा दाव खेला है। 23 दिसंबर को चौधरी चरण सिंह की जयंती और यह साल जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जाट महासभा द्वारा होने वाले इस बड़े आयोजन के सियासी मायने भी जाट वोटों की काट के रूप में भी देखा रहा है। दरअसल, पश्चिमी यूपी में 2014 के बाद जाट दो दलों में बंट गया है। एक रालोद और दूसरा भाजपा समर्थित जाट। आयोजन के जरिए भाजपा रालोद के उस वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिश कर रही है, जो अभी बीजेपी से दूर हैं।

### जाटों के लिए बड़ा संदेश

मंच से सीएम योगी ने बड़ा संदेश दिया। सीएम ने कहा, चौधरी चरण सिंह किसी वर्ग विशेष के नहीं, बल्कि सभी जाटों, किसानों, मजदूर वर्ग के नेता हैं। किसी एक दल का उन पर विशेषाधिकार नहीं है। सीएम का यह संदेश रालोद के जाट, किसान वोटर में सेंधमारी का काम करेगा। इस पूरे आयोजन के पीछे मकसद यह जताना है कि भाजपा भी किसानों और जाटों के लिए खड़ी है। जाट महासभा के अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने बताया कि इस प्रतिमा का निर्माण चौधरी चरण सिंह स्मारक व शिक्षण संस्थान ट्रस्ट द्वारा कराया जा रहा है। इसके लिए पिछले एक साल से काम कर रहे हैं। 7 बीघा जमीन पर पूरा प्रोजेक्ट तैयार हो रहा है। यहां 5 मंजिल का जाट भवन और एक ऑडिटोरियम भी बनवाया जा रहा है। 100 बेड का वृद्धा आश्रम भी बन रहा है।



## माता सीता की भूमि सीतामढ़ी से अयोध्या वंदे भारत का ट्रायल आज

जन एक्सप्रेस । सीतामढ़ी

माता जानकी की जन्मस्थली बिहार के सीतामढ़ी से श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को चलाने की तैयारी शुरू हो गई है। स्लीपर कोच के साथ चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को अगले साल 2024 के 14 जनवरी के बाद नियमित रूप से चलाया जाना है। उससे पहले ट्रेन का ट्रायल रन किया जाना है, जिसके लिए 24 दिसंबर की तारीख तय की गई है। रविवार को ट्रायल रन दरभंगा से शुरू होकर सीतामढ़ी से अयोध्या तक होगा।

### स्टेशनों का नाम

रविवार को दरभंगा से ट्रायल में यह ट्रेन चलने वाली है। ट्रेन ट्रायल का वक्त शाम के तीन बजे शुरू होगा। ट्रेन दरभंगा से कमतौल, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनिया, घोड़ासहन, रक्सौल, नरकटियागंज वाया सिकटा होते हुए वाल्मीकिनगर कप्तानगंज के रास्ते अयोध्या तक जाएगी। इस संबंध में सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन अधीक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेन ट्रायल से पूर्व की तैयारी के निरीक्षण के लिए पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन पहुंच रहे हैं। ट्रायल में चलने वाली इस ट्रेन में वरिष्ठ अधिकारीगण एवं सुरक्षा अधिकारी सवार होंगे। इसके साथ ही ट्रेन के मार्ग की निगरानी तीनों जोन के महाप्रबंधकों, डीआरएम और वरिष्ठ परिचालन प्रबंधकों द्वारा की जाएगी।

### क्या है खासियत

इस ट्रेन की तमाम खासियत है। माना जा रहा है कि खरमास यानी 14 जनवरी के बाद से ट्रेन के नियमित परिचालन शुरू होगा।देश में अब तक जितनी वंदे भारत चलाई जा रही है, सभी में एसी कोच है। यह पहली बार होगा जब वंदे भारत स्लीपर कोच के साथ चलेगी। इस ट्रेन की खास बात यह है कि पुश-पुल तकनीक से तैयार की गई है। इसका फायदा यह होगा कि पुश-पुल तकनीक में ट्रेन के आगे और पीछे लोकोमोटिव होते हैं। आगे वाला इंजन ट्रेन को खींचता है और पीछे वाले को धक्का देता है, जिससे ट्रेन की रफ्तार तेजी से बढ़ती है।

## देश में बढ़ रही बेरोजगारी

### राहुल गांधी ने साझा किया हार्वर्ड के छात्रों से बातचीत का वीडियो

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



हार्वर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ बातचीत का कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक पोस्ट सोशल मीडिया में साझा किया है। 15 दिसंबर को हुई बातचीत का वीडियो साझा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है लेकिन धन का वितरण नहीं हो रहा है। साथ ही कहा कि बेरोजगारी एक चुनौती बनकर उभर रही हैं। वीडियो के मुताबिक राहुल गांधी ने बातचीत करते हुए कहा कि जब आप कभी आर्थिक विकास के बारे में बात करते हैं तो आपको यह सवाल पूछना होगा कि आर्थिक विकास किसके हित में हैं। उन्होंने कहा कि पूछने का सवाल यह है कि उस विकास की प्रकृति क्या है, साथ ही सोचना होगा कि उससे किसे लाभ हो रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि हम ऋण मॉडल पर काम कर रहे हैं लेकिन उत्पादन नहीं कर पा रहे हैं। भारत में वास्तिवक चुनौती यह है कि हम उत्पादन अर्थव्यवस्था कैसे स्थापित करें। जिससे बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिल सकें।

### छात्रों से बातचीत के दौरान केंद्र सरकार पर हमला

वहीं अदाणी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि हमें पता है कि मिस्टर अदाणी सीधे प्रधानमंत्री से जुड़े हुए हैं। वह हमारे सभी बंदरगाहों, हवाई अड्डों, हमारे बुनियादी ढांचे के मालिक है। साथ ही राहुल गांधी ने छात्रों से बातचीत करते हुए जाति को ही वास्तविक समस्या करार दी। वहीं छात्रों से बातचीत के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह भारत को राज्यों के संघ के रूप में नहीं बल्कि एक विचारधारा, एक धर्म, एक भाषा वाले राष्ट्र के रूप में मानती है।

कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

## आजम को राहत के साथ झटका: सात-सात साल की सजा में कोर्ट ने खारिज की अपील, पड़ोसी पर हमले में बेटे समेत बरी

जन एक्सप्रेस । रामपुर



सपा नेता आजम खां व उनके बेटे अब्दुल्ला को कोर्ट ने एक मामले में राहत दी है। सात साल की कारावास मामले में कोर्ट ने निचली अदालत का फैसला बरकरार रखा। पड़ोसी पर हमले के मामले में कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में आजम-अब्दुल्ला समेत चारों को बरी कर दिया है।सपा नेता आजम और उनके बेटे को शनिवार दोपहर बाद कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस ने कोर्ट में पेश किया था। गंज थाना क्षेत्र में जेल रोड निवासी मोहम्मद अहमद ने 2019 में सपा नेता आजम खां, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम, भाई शरीफ अहमद व भतीजे बिलाल खां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें घर में घुसकर जानलेवा हमला करने, रंगदारी मांगने और आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाया था। आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई थी। मामले में सभी आरोपी जमानत पर चल रहे थे। केस की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चली। शनिवार को सुनवाई करते हुए अदालत ने चारों आरोपियों को बरी कर दिया है। सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से विवेचक एसएसआई कृष्ण किशोर मिश्रा व अजय कुमार गवाह के रूप में कोर्ट में पेश हुए।

# नए साल में लगेगी आईएएस अफसरों के प्रमोशन की झड़ी

- प्रदेश के 94 आईएएस अधिकारियों के प्रमोशन को शासन स्तर से मंजूरी मिल गई है
- बड़े पैमाने पर अफसरों को मिलने वाली पदोन्नति से आईएएस लॉबी में खुशी है

जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा

**लखनऊ।** नए साल में योगी सरकार प्रशासनिक अफसरों पर मेहरबान होने वाली है। प्रदेश के 94 आईएएस अधिकारियों के प्रमोशन को शासन स्तर से मंजूरी मिल गई है। बड़े पैमाने पर अफसरों को मिलने वाली पदोन्नति से आईएएस लॉबी में खुशी है। 1999 बैच के चार आईएएस अधिकारी सचिव से प्रमुख सचिव बनेंगे। संयुक्ता समदार, रविंद्र, नवदीप रिनवा और पी गुरु प्रसाद प्रमुख सचिव बनेंगे। 2008 बैच के 17 आईएएस अफसर सचिव रैंक से प्रमोट होंगे। 21 आईएएस अफसर जूनियर एडमिनिस्ट्रेशन ग्रेड से सलेक्शन ग्रेड में पद्दोन्नत होंगे। 2015 बैच के 34 अधिकारी सीनियर टाइम स्केल से जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड पाएंगे।

### 25 साल की सेवा पूरी करने पर आयुक्त व सचिव स्तर से प्रमुख सचिव बनेंगे

वर्ष 1999 बैच के चार आईएएस अधिकारी हैं जो 25 साल की सेवा पूरी करने पर आयुक्त व सचिव स्तर से प्रमुख सचिव बनेंगे। इनमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम व पारेषण निगम के प्रबंध निदेशक पी. गुरुप्रसाद आयुक्त अलीगढ़ मंडल रविन्द्र और आयुक्त राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र संयुक्ता समद्दार शामिल हैं।

### 17 आईएएस अधिकारी विशेष सचिव से सचिव/आयुक्त बनेंगे

इसके साथ ही 16 साल की सेवा पूरी करने वाले 2008 बैच के 17 आइएएस अधिकारी विशेष सचिव से सचिव/आयुक्त के पद पर पदोन्नत होंगे। इनमें किंजल सिंह, सौम्या अग्रवाल, डा.सरोज कुमार, के. विजयेन्द्र पांडियन, पवन कुमार, कुमार रविकांत सिंह, डॉ. काजल, अमृत त्रिपाठी, बी.चंद्रकला, अनिल ढींगरा, राजेश कुमार,बाल कृष्ण त्रिपाठी, चन्द्र भूषण सिंह, विमल कुमार दुबे, सुख लाल भारती, डा. वेदपति मिश्र और अखिलेश सिंह शामिल हैं।




### इनको भी मिलेगा प्रमोशन

इसी तरह 13 साल की सेवा पूरी करने वाले 2011 बैच के 24 अधिकारी विशेष सचिव स्तर के हैं, इन्हें जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड से सेलेक्शन ग्रेड (पे मैट्रिक्स लेवल 12 से 13) में प्रमोशन मिलेगा। नौ साल की सेवा पूरी करने वाले 2015 बैच के 34 अधिकारी सीनियर टाइम स्केल से जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड (पे मैट्रिक्स लेवल 11 से 12) में प्रमोशन पाएंगे। चार साल की सेवा पूरी करने वाले 2020 बैच के 18 अधिकारी सीनियर टाइम स्केल में प्रमोशन पाकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से सीडीओ बन जाएंगे।

# लोक संस्कृति समूहगत चेतना का है प्रतीकः आर एन त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इण्डियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च द्वारा प्रायोजित ग्रामीण जीवन में लोक संस्कृति अस्तित्व एवं चुनौतियाँ विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चैधरी व उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ आरएन त्रिपाठी ने किया।
उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ आरएन त्रिपाठी ने कहा कि लोक संस्कृति जीवन का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि लोक संस्कृति का आरम्भ भारतीय वैदिक काल से ही माना जाना चाहिए, जहां अथर्ववेद से ही इसके प्रथम साक्ष्य मिलते हैं। उन्होंनें कहा कि लोक संस्कृति समूहगत चेतना की प्रतीक है। मनुष्य के जीवन में संस्कारों का बहुत महत्वपूर्ण स्थान होता है। संस्कृति से ही संस्कार ग्रहण किए जाते हैं। सरलता, सहृदयता, सहिष्णुता, परंपरा, चेतना, गीत -संगीत, रीति- रिवाज, उत्सव, जन्म व मृत्यु के उपरांत सामाजिक रस्में आदि ऐसे तत्व हैं जो हमारी लोक संस्कृति में छिपे हुए हैं। यही वे सूत्र हैं जो मनुष्य को समाज से एक स्वस्थ धागे से साथ बांधकर रखते हैं।




संयोजक डॉ राजेश कुमार पाल ने कहा कि कंप्यूटर और मोबाइल क्रांति ने उसे पंगु बना दिया है। किसी से जाकर मिलने या गपशप करने की उसके पास फुर्सत नहीं है। अपने पड़ोसियों के प्रति उसका दृष्टिकोण नकारात्मक हो गया है। अब मनुष्य मशीनी यंत्र का पर्याय बनता जा रहा है। इस अंधी दौड़ मंष वह भौतिक सुख सुविधाएं तो पा सकता है, मगर आनंद या वास्तविक खुशी उससे दूर होती जा रही है। एमएमपीजी कालेज गाजियाबाद डॉ राकेश राणा ने कहा कि संस्कृसति फूलों में विद्यमान सुगंध की तरह है जिसे लोक जीवन से अलग नहीं किया जा सकता। अखिल भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान के रामकृष्णल गोस्वानमी ने संस्कृयति संरक्षण हेतु चरित्र निर्माण एवं विकास की बात कही। जवाहरलाल नेहरू विश्वषविद्यालय के प्रो हरीराम मिश्र ने लोक संस्कृति के संरक्षण एवं विकास के लिए उच्चल शिक्षण संस्था्नों में अध्यीयनरत युवाओं को अपनी मूल संस्कृाति को पहचानने और उससे जुडने का आग्रह किया साथ ही चित्रकूट जैसे क्षेत्र में केन्द्री कोय हिन्दूत विश्वुविद्यालय की स्था पना के सुझाव भी दिये।
महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चैधरी ने कहा कि 21वीं शताब्दी के इन वर्षों में समाज में बहुत तेजी से बदलाव आए हैं। सभी तरफ बाजारवाद जोरों पर है, मनोरंजन के साधनों में बेतहाशा वृद्धि हुई है, संकुचित दृष्टिकोण व्यापक हुआ है। खानपान, रस्मों रिवाज, फैशन और संस्कृति में अभिनव प्रयोग हुए हैं। वही शहरी सभ्यता के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इस कारण देहाती जीवन को उपेक्षा की नजरों से देखा जाने लगा है।

# श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा अक्षत कलश यात्रा का शिवरामपुर में हुआ भव्य स्वागत

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या से आए पूजित अक्षत को लेकर श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा अक्षत कलश यात्रा के साथ शनिवार को शिवरामपुर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसमें हिन्दू वादी संगठनों के पदाधिकारियों एवं संतों ने आगामी 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम के रूपरेखा की जानकारी दी।
शिवरामपुर में आयोजित कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के धर्म यात्रा महासंघ के प्रान्त प्रमुख छेदीलाल गौतम ने कहा कि लगभग साढे चार सौ वर्षों से भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या बाबरी मस्जिद के रूप में दास्तां की बेडियों में जकडी थी। उस समय विश्वहिन्दू परिषद के तत्कालीन मुखिया स्व अशोक सिंघल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व बजरंग दल के कार्य सेवकों और संतों के सहयोग से बड़ा आन्दोलन किया था। जिसमें 6 दिसम्बर 1992 को रामजन्म भूमि को मुक्त कराने के लिए तमाम कार्यसेवकों ने अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। इस राष्ट्रीय धरोहर को संरक्षित करने की जिम्मेदारी वर्तमान पीढि के युवाओं की है।



विभाग समरसता प्रमुख रामचरण तिवारी ने बताया कि आगामी 22 जनवरी 2024 को भगवान श्रीराम के मन्दिर में आयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के पूरे कार्यकर्ता कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दीपोत्सव जैसा त्योहार मनाएंगे। इस दौरान सरस्वती शिशु मन्दिर शिवरामपुर के विद्यार्थियों, रामलीला समाज बिहारा द्वारा कलश यात्रा निकाली गयी। आयुष्मान ग्राम पुरवा तरौंहा के वेद पाठी छात्रों ने वेद मंत्रों के जरिए पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में प्रजापति समाज ने कुम्हरई गायन, रैकवार समाज ने ढिमरई गायन, यादव समाज ने देवारी नृत्य प्रस्तुत किया।

# किसान सम्मान दिवस पर कृषि गोष्ठी का हुआ आयोजन




**जन एक्सप्रेस । बांदा**

विकासखंड बड़ोखर खुर्द में शनिवार को आयोजित ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ और कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) योजनांतर्गत किसान सम्मान दिवस के अवसर पर किसान मेला, कृषि प्रदर्शनी एवं कृषक गोष्ठी कार्यक्रम में प्रतिभाग कर उपस्थित किसान भाईयों को संबोधित कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री रामकेश निषाद, सांसद हमीरपुर महोबा पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, सदस्य विधान परिषद जितेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष संजय सिंह, चेयरमैन मालती बासू, जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, शिक्षक डस्ब् बाबूलाल तिवारी के प्रतिनिधि आलोक सिंह, ब्लॉक प्रमुख स्वर्ण सिंह, आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ वेदप्रकाश मौर्य सहित अन्य गणमान्य जनो की गरिमामई उपस्थिति रही।

# श्रीअन्न को अपनाकर ज्वार, बाजरा की बढाएं पैदावारः जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भूतपूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस के उपलक्ष्य में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के अंतर्गत किसान दिवस एवं प्रदर्शनी का आयोजन कलेक्टरेट परिसर एवं सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने चैधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।
जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि आज भूतपूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह का जन्म दिवस मनाया जा रहा है। वह किसानों के कृषि में सुधार के साथ भूमि सुधार पर भी कार्य किया। कृषि के कानून लागू कर पैमाइश कराकर खसरा खतौनी स्पष्ट कराए। उन्होंने राजस्व विभाग में भी आमूलचूल परिवर्तन किया और पारदर्शिता लाने की व्यवस्था लागू की। साथ ही आजादी के बाद किसानों को एक सम्बल मिला, जमीदारी खत्म करने में योगदान था। उन्होंने 1950 में उन्मूलन विधेयक पास किया, उसके बाद कृषि क्षेत्र में हरित क्रांति लाने में योगदान दिया। वह भारत के प्रधानमंत्री भी चुने गए, उनके अनुकरणीय कार्यों के कारण आज इसी उद्देश्य से किसान दिवस संपन्न कराकर जनपद के 52 किसानों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री का सपना है कि किसान अलग हटकर खेती करें। उन्होंने कहा कि श्री अन्न को अपना कर ज्वार, बाजरा की पैदावार बढ़ाए और अपनी आय दोगुनी करें। उन्होंने कहा कि जिन किसानों को आज ज्वार बाजरा की पैदावार में सम्मानित किया गया है, उनसे अन्य किसान प्रेरित होकर मिलेट्स की खेती को बढ़ावा दे। उन्होंने किसानों से अपील की कि मोटे अनाज को बढ़ावा दें। साथ ही मत्स्य पालन, पशुपालन पर भी कार्य करें। उन्होंने कहा कि अन्ना पशुओं की जो समस्या है, उसमें लगातार प्रयास करके गौशालाओं पर संरक्षित कराया जा रहा है। कुछ वर्ष पहले शासकीय गौशालाओं पर 35 हजार गोवंश सुरक्षित थे जो इस वर्ष 53 हजार गोवंश सुरक्षित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि खंड विकास अधिकारियों और पशु चिकित्साधिकारियों को लगाकर पशु संरक्षण का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान जागरूक हो, पराली न जलाएं। प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री द्वारा किसानों के उत्थान के लिए जो योजनाएं लागू की गई है, उसका आप लोग लाभ ले।

# जबलपुर की टीम ने कानुपर को तीन रन से हराया

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

राष्ट्र ऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख की स्मृति पर आयोजित किया जा रहे नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट चित्रकूट चैलेंज कप 2023 में शनिवार को महिला वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस वर्ग के दो मुकाबले खेले गए। पहला रोमांचक मैच उत्तर प्रदेश की कानपुर और मध्य प्रदेश की जबलपुर के मध्य खेला गया। महामंत्री भाजपा राजेश्वरी द्विवेदी, ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर नीलम चैरे एवं पार्षद नगर पालिका रवि माला सिंह, भारतीय रेलवे के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर वंश नारायण सिंह एवं भाजपा नेत्री विनीता शिवहरे ने दोनों टीमों खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए जबलपुर की टीम ने आफिया के 26, तनु के 25 एवं शुभम सिंह के 19 रनों के योगदान की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 115 रन बनाए। कानपुर की सुप्रिया और संस्कृति को दो-दो विकेट प्राप्त हुए। 116 रन के लक्ष्य को प्राप्त करने उतरी कानपुर की टीम 20 ओवर में 9 विकेट होकर 112 ही बना सकी। कानपुर की ओर से सुरभि राजा ने 19 और रिया राजोरिया ने 17 रनों का योगदान दिया। जबलपुर की काजल और पायल को दो-दो जबकि आफिया को एक विकेट प्राप्त हुआ। कानपुर 18 ओवर तक जीत की स्थिति में थी, किंतु 19 में ओवर में लगातार तीन विकेट खोने से वह दबाव में आ गई और मैच को मात्र तीन रन से गवा दिया। जबलपुर की कप्तान आफिया को मैन ऑफ द मैच दिया गया। महिला वर्ग का दूसरा मैच पूर्वांचल स्पोर्ट क्लब चंदौली एवं मध्य प्रदेश की रीवा के बीच खेला गया। जहां चंदौली ने रीवा को आसानी से 8 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रीवा की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 8 विकेट होकर 52 रन बनाए। कप्तान सारिका ने सर्वाधिक नाबाद 19 रन बनाए। चंदौली की शुभम पाल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट प्राप्त किए। चंदौली ने निर्धारित लक्ष्य को आसानी से 7.1 ओवर में प्रिया के नाबाद 22 एवं शिवा के नाबाद 11 रनों के योगदान से केवल दो विकट को प्राप्त कर लिया।

# महिला महाविद्यालय में स्मार्ट फोन वितरण और मतदाता जागरूकता अभियान का हुआ कार्यक्रम




**जन एक्सप्रेस । बांदा**

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्मार्ट फोन वितरण कर मतदाता जागरूकता का का कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो0 दीपाली गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू, विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्या ने स्मार्ट फोन वितरण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित करके किया। समारोह में सत्र 2022-23 की बीए/बीएससी पास आउट 244 छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान 2024 में शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूकता अभियान की भी चर्चा की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष वंदना गुप्ता ने की। इस कार्यक्रम में डा0 सपना सिंह, डा0 जयंती सिंह, डा0 जयकिशोर चैरसिया, डा0 विनय कुमार पटेल, डा0 ज्योति मिश्रा एवं समस्त प्रध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गजल गीत सुनाते हुये नुक्कड नाटक से जागरूकता अभियान चलाया गया।

# जिले में चलाया गया प्लास्टिक उन्मूलन अभियान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

शासन के निर्देशानुसार चित्रकूट की सभी स्थानीय निकायों में निकाय जिला प्रभारी, एडीएम वन्दिता श्रीवास्तव के निर्देशन में पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी व नगर पंचायत मऊ में शासन के निर्देशानुसार सिंगल यूज प्लास्टिक जप्तिकरण महाभियान के अंतर्गत अधिशासी अधिकारी बी के गौतम, वरिष्ठ लिपिक कर्मोत्तम सिंह और डीपीएम शिवा कुमार के नेतृत्व में सघन पॉलिथीन उन्मूलन अभियान चलाया गया। जिसमें 40 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त की गई। साथ ही 6000 रूपए का जुर्माना वसूला गया। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम में भी शासन के निर्देशानुसार सिंगल यूज प्लास्टिक जप्तिकरण महाभियान के अंतर्गत अधिशासी अधिकारी लालजी यादव, इन्स्पेक्टर कमलाकान्त शुक्ला, आर आई



राहुल पांडेय और डीपीएम शिवा कुमार के नेतृत्व में लगभग 5 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त की गई। साथ ही 2800 रूपए का जुर्माना वसूला गया। इस दौरान नगर के व्यापारियों को मानक के अनुसार जागरूक किया गया और सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणाम के बारे में बताया गया।

# यातायात पुलिस ने वाहनों में लगाया रेट्रोरेफ्लेक्टिव टेप

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के द्वितीय चरण के परिपेक्ष्य में शनिवार को पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सड़क सुरक्षा अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राज कमल के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह द्वारा ट्रकों एवं ट्रक्टर-ट्राली में रेट्रोरेफ्लेक्टिव टेप लगाया गया। इस मौके पर टीएसआई सुरेन्द्र कुमार सचान, मुख्य आरक्षी देवेन्द्र राजपूत, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# धान चोरी करने वाले 02 अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन क्लीन के क्रम में शुक्रवार की शाम को थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा सूचना के 24 घण्टे के भीतर धान चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 02 अभियुक्तों को अवैध तमंचे व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना बिसण्डा क्षेत्र के ग्राम बाघा में 20/21 दिसम्बर की रात्रि को 02 अभियुक्तों द्वारा किसान रमाकान्त निवासी बाघा के पशुबाड़े से 17 बोरी धान चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना बिसण्डा पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। जिसके क्रम में 22 दिसम्बर की शाम को थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा सूचना के 24 घण्टे के भीतर ग्राम बाघा से दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 17 बोरी धान व अवैध तमंचे व कारतूस बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में पिन्टू सिंह उर्फ गोविन्द पुत्र उमाशंकर सिंह, विकास सिंह पुत्र पुष्पराज सिंह निवासी बाघा थाना बिसण्डा है। चोरी के 17 बोरी धान (वजन 3.86 क्विंटल), 2 अदद् अवैध तमंचा 315 बोर, 3 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 1 अदद् चारपहिया वाहन चोरी की घटना में प्रयुक्त बरामदगी किया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में श्याम बाबू शुक्ला प्र0निरी0 बिसण्डा, उ0नि0 सुभाषचन्द्र चैकी प्रभारी ओरन, उ0नि0 रामआधार सिंह, कां0 विकास कुमार, कां0 पवन कुमार शामिल है।

# रोडवेज कर्मियों ने ज्ञापन भेजकर बहाली की मांग की

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



विगत दिनों रोडवेज डिपो के चालक द्वारा किये गये आत्महत्या के विरोध में संविदा रोडवेज चालकों परिचालकों ने मृत चालक के सहयोग में परिजनों को लाभ दिलाने के लिये विरोध प्रदर्शन किया था और अधिकारियों से न्याय की मांग की थी, जिस पर डिपो के चालकों परिचालकों ने हत्या का कारण सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक के उत्पीडन का आरोप लगाया था। इस विरोध में रोडवेज डिपो के जो भी कर्मचारी सम्मिलित रहे हैं उन्हें चिन्हित करते हुये मनमानी तरीके से अपने अधिकारों का दुरूपयोग करते हुये विभाग के अधिकारियों ने चालकों परिचालकों की संविदा समाप्त कर दी है। चालकों परिचालकों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री और रोडवेज परिवहन के उच्चाधिकारियों तथा संगठन के पदाधिकारियों को ज्ञापन देकर संविदा कर्मियों की बहाली की मांग की। ज्ञापन देने में शिवबरन, सुशील तिवारी, इमरान खान, आविद अग्रवाल, प्रवीण सिंह पटेल, अंसार अहमद, अशोक सिंह, नत्थूराम सहित दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे।

# जेडीयू और भाकपा ने प्रदर्शन कर भाजपा का जताया विरोध

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

जनता दल यूनाइटेड एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का संयुक्त एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन अशोक लाट में शनिवार को किया गया और जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजा गया। भारत देश में लोकतंत्र को भाजपा सरकार के द्वारा पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद द्वारा ही पास जारी कर संसद के भीतर अराजक तत्वों को अंदर प्रवेश कर हमले की साजिश राजी गई और विपक्ष द्वारा सवाल पूछने पर



निलंबन की कार्यवाही की जाती है जबकि जिस भाजपा सांसद द्वारा पास जारी करके इतनी बड़ी साजिद रची गई। उसे आज तक गिरफ्तार नहीं किया गया और न ही उस सांसद की सदस्यता खत्म की गई न ही कोई कार्रवाई की गई। वर्तमान सरकार में देश खतरे में है अघोषित इमरजेंसी के जैसे हालात है अगर कोई सांसद सवाल उठाते हैं सुरक्षा की मांग करते हैं तो उनको निलंबित कर दिया जाता है तथा सत्ता के सवाल पूछने पर विपक्ष के ऊपर कारवाई होती है और इतनी बड़ी संख्या में 146 सांसद आज तक कभी भी सांसद निलंबित नहीं किए गए। आज नौजवान बेरोजगारी से त्रस्त है किसान आत्महत्या कर रहे हैं महिलाएं असुरक्षित हैं और अगर विपक्ष के द्वारा संसद में सवाल पूछे जाते हैं तो बर्खास्त कर दिया जाता है। सरकार ऐसा अनैतिक एवं तानाशाही रवैया बंद करें और हमारी मांग है कि बरखात सांसदों की वापसी तत्काल प्रभावित की जावे और इस लोकतांत्रिक सरकार को बर्खास्त की जाए अन्यथा की स्थिति में हमारा आंदोलन प्रदर्शन आज भी है और आगे भी जारी रहेगा।

# खस्ताहाल पुल से ओवर लोड वाहनों का बना है आवागमन, हो सकती है अनहोनी

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

50 नंबर ओवर ब्रिज से बड़ी संख्या में होने वाले वाहनों संग मार्ग की देखरेख न किए जाने के कारण आवागमन कभी भी हादसों भरा हो सकता है। दरअसल पुल में आने वाली दरारों संग मार्ग के खस्ताहाल होने के कारण यहां पर होने वाले हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। जिससे इस मार्ग का आवागमन कभी भी बाधित हो सकता है।पूर्व में शांतीनगर से राधानगर तक होने वाले मार्ग निर्माण के दौरान पीडब्ल्यूडी द्वारा 50 नंबर ओवर ब्रिज का मरम्तीकरण की खानापूरी किया गया है लेकिन वर्तमान में पुल में आने वाली दरारों व मार्ग के खस्ताहाल हो जाने के कारण राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुल से बड़ी संख्या में छोटे व बड़े ओवरलोड वाहनों का आवागमन बना है। इसके बावजूद सम्बंधित विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। जिससे पुल में हो चुकी दरारों व मार्ग खस्ताहाल होने के कारण हादसों की आशंकाए बढ़ती जा रही है।

# छोटे भाई ने नशे में बड़े भाई की डण्डा मारकर की हत्या, फरार

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

नसे के चलते सगे भाइयों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि छोटे भाई ने अपने बड़े भाई की हत्या कर दिया। वही मॉ दोनो नसेडी बेटो के बीच बीच-बचाव करती रही। घटना मलवां थाना क्षेत्र के कुरुस्ती कला गांव की है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवही मे लग गयी। बताया जाता है कि थाना खेत्र के कुरुस्ती कला निवासी स्व0 लाल बहादुर सिंह परिहार के तीन पुत्र हैं। बडा बेटा गीरेंद्र सिंह अने सगे छोटे भाईओ के नसे के चलते अपने बीबी बच्चो के साथ अलग रहता है। वही छोटे दो भाई जितेंद्र सिंह और रावेंद्र सिंह उर्फ पोट्टल मॉ के साथ रहते है। जितेन्द्र और रावेंद्र नसे के आदी है और आये दिन नसा करके विवाद करते रहते है। वही बीती रात नसे मे धुत दोनो भाई घर आये और आपस मे ही विवाद करने लगे। प्रतिदिन की भॉति हो रहे विवाद के कारण बडा भाई और पडोसी नही आये। वही नसे के हालत मे विवाद बढता चला गया और रावेन्द्र ने बडे भाई जितेन्द्र के सिर पर डण्डे से वार कर दिया। जिससे जितेन्द्र जमीन पर गिर गया वही बडे भाई को मरणासन्न हालत मे छोड कर रावेन्द्र मौके से फरार हो गया। वही बडे भाई गिजेन्द्र सहित पडोसी घायल जितेन्द्र को ईलाज हेतु जिला अस्पताल ले गये। घायल की गम्भीर स्थित देख डाक्टरो ने कानपुर रेफर कर दिया। परिजनो ने बताया कि कानपुर मे डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया।

# माह के अन्तिम पड़ाव में सर्द हवाओं के चलते ठण्ढ ने लिया रौद्र रूप

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

दिसंबर माह के अंतिम पड़ाव पर पहुंचते ही सर्दी अपने रौद्र रूप में आने लगी है। पारा न्यूनतम नौ डिग्री रहा। गलन की वजह से आम जनमानस बदहाल नजर आया। सुबह से ही घना कोहरा व बादल छाए रहने से इंसान व पशु पक्षी बेहाल नजर आये जबकि सर्दी के सितम ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया। दिन भर सूर्य देवता के दर्शन न होने से हाड़ कंपाऊ ठंड का एहसास होता रहा।
घर से निकलने वाले लोग स्वेटर जैकट पहनने के बाद भी शीतलहर व गलन की मार से बेहाल दिखाई दिये। आम दिनों की तरह स्कूल खुले होने की वजह से छोटे बच्चों को सुबह स्कूल जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह के वक्त घना कोहरा व शीतलहर से



झूझते हुए बच्चों के स्कूल पहुंचने की जद्दोजहद व स्कूल छोड़ने को जाने वाले अभिभावकों की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। जबकि रोजमर्रा के काम करने वालो के अलावा सड़को से आम दिनों में दिखाई देने वाली भीड़ गलन बढ़ने से अब गायब होने लगी है। सड़कों पर दो पहिया व चार पहिया वाहनो की संख्या भी रोज की अपेक्षा कम ही रही। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी होने बढ़ी हुई गलन ने लोगो की मुश्किलों में और भी इजाफा कर दिया है। बर्फीली हवाओ सर्दी से बचने के लिये लोग घरों में ही दुबके रहे और रूम हीटर ब्लोवर के अलावा घरों के अंदर भी ठंड से बचने के लिये आग को सहारा बनाये रहे। नगर पालिका परिषद द्वारा जलवाए जाने वाले अलाव नदारत रहने से राहगीरों व सड़को पर जीवन गुजरने वालो को ठंड से जूझना पड़ रहा है।
कोहरे व धुंध ने जहां हाइवे की रफ्तार को छीन लिया। सुबह के वक्त हाइवे पर वाहन लगभग रेंगते हुए दिखाई दिये। जबकि कोहरे के कारण ट्रेने भी निर्धारित समय से काफी देरी से चल रही है। लोगों को आने जाने के लिये अपनी ट्रेनों की प्रतीक्षा करनी पड़ी। कड़कड़ाती हुई ठंड से सबसे अधिक सर पर छत न होने वाले निराश्रित परेशान हैं। जिन्हें रात बिताने के लिये इधर-उधर भटकने को मजबूर होना पड़ रहा है।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में आसमान साफ रहने के आसार हैं, बर्षा की कोई संभावना नहीं है तथा प्रातःकाल एवं रात्रि के समय ठण्ड पड़ने के आसार है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 22.4 (+1.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 8.2 (+0.8)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 95 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 53 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

आंखें एक टक निहार रही हैं शहीद हुए लाल के पार्थिव शरीर को

# शनिवार को भी देश के लिए कुर्बानी देने वाले करन सिंह का शव नहीं आया गांव




कानपुर का बेटा जम्मू कश्मीर के राजौरी आतंकी हमले में हुआ शहीद

पिता रामबालक बोले फरवरी में छोटी बेटी की शादी करने वाले थे करन



**जन एक्सप्रेस फॉलो अप**

कानपुर नगर

जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में गुरुवार को सर्च ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना की गाड़ियों पर आतंकियों ने हमला कर दिया था। जिसमें कई जवान शहीद हो गए थे और कई जवान घायल हो गए थे। शहीद हुए जवानों में से कानपुर जनपद के बिल्हौर तहसील अंतर्गत भाऊपुर गांव के किसान रामबालक यादव के बड़े बेटे करन सिंह यादव भी शहीद हो गए थे। करन सिंह के शहीद होने की सूचना जैसे ही परिवार वालों को मिली पूरे क्षेत्र में मातम छा गया। तीन दिन बीत जाने के बाद भी शहीद का शौक गांव ना आने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। शनिवार को ग्रामीणों ने चौबेपुर बिठूर रोड पर जाम लगाने का भी प्रयास किया ग्रामीण व पारिवारिक जन भारतीय सेना के रवैया से नाखुश नजर आ रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक शनिवार की सुबह शहीद करन के पारिवारिजनों और ग्रामीणों के इंतजार का बांध आखिर टूट गया। करन के पिता रामबालक यादव का कहना है कि आखिर भारतीय सेना उनके पुत्र केशव को गांव लाने को क्यों मना कर रही है। शनिवार की सुबह शहीद हुए करन सिंह की पत्नी अंजू बेटी आर्या बेटे आयुष व भाई अरुण को यह कहकर घर से ले गए थे कि इन्हें जम्मू कश्मीर शहीद करन के पार्थिव शरीर को ले आने के लिए लेकर गए थे। लेकिन पूरा दिन बीत जाने के बाद भी शहीद करन सिंह यादव का परिवार शाम 4:00 बजे तक चकेरी एयरपोर्ट पर ही इंतजार करता रहा। लेकिन उन्हें ले जाने वाली फ्लाइट नहीं आई। इधर गांव में क्षेत्रीय ग्रामीण जनता जो शहीद करन सिंह को हृदय से प्रेम करती थी। उन सभी का इंतजार का बांध टूट गया। आक्रोश में ग्रामीण चौबेपुर बिठूर तिराहे पर जाम लगाने के लिए पहुंच गए। चौबेपुर पुलिस को जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी संजय कुमार पांडे अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंच गए और आक्रोशित ग्रामीणों को काफी कड़ी मशक्कत के बाद समझा बूझकर शांत कराया।

### मासूम आर्या और आयुष के सर से उठ गया पिता का साया

शहीद करन सिंह यादव अपने परिवार से बहुत प्रेम करते था। सीमा पर भी फोन के माध्यम से हमेशा अपने परिवार की खोज खबर लेता रहता था। पत्नी अंजू अपने दोनों बच्चों आर्या और आयुष के साथ लाल बंगले ने रहती थी। घटना से बेखबर आर्या अपने पिता के बारे में मां से पूछती हुई नजर आई। वह कह रही थी मम्मी पापा कब आएंगे। 6 वर्षीय बेटी आर्या परिवार के सभी सदस्यों से अपने पिता के बारे में पूछ रही है। लेकिन किसी के पास कोई जवाब नहीं सब उसे समझाते हुए नजर आते हैं।

### राजनीतिक दलों के लोग भी शहीद करन सिंह के घर पहुंचे

घटना के बाद से शहीद करन सिंह के घर पर राजनीतिक दलों लोगों का बराबर आना-जाना लगा हुआ है। समाजवादी पार्टी से पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह यादव, गौरव कुमार, शहीद के परिवार से मिलने पहुंचे और शाहिद करन सिंह के पिता रामबालक यादव को धैर्य ढांढस बंधाया। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर भी शहीद के घर पहुंचे और हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया।

## पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय महेंद्र में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय महेंद्र नगर मे शनिवार को उमंग वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सहसंयोजक शिक्षा संवर्ग कानपुर शैलेन्द्र द्विवेदी, खण्ड शिक्षा अधिकारी कल्याणपुर डॉ.अनिल कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर शैलेन्द्र द्विवेदी ने शिक्षा क्षेत्र मे सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। डॉ.अनिल कुमार सिंह ने पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय महेंद्र नगर को जनपद का मुकुट बताया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका खुर्शीदा परवीन ने विद्यालय की उपलब्धियों और आने वाले दिनो की कार्ययोजना के बारे मे जानकारी दी। कार्यक्रम में वर्षभर के कार्यक्रमो के विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। खण्ड शिक्षाधिकारी के द्वारा विद्यालय के पूरे स्टाफ को प्रशस्तिपत्र पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम मे जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के प्रतिनिधि के रुप मे जिला समन्वयक प्रबोध प्रताप सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश कानपुर नगर के जिलाध्यक्ष चन्द्र दीप सिंह यादव, ब्लाक महामंत्री आशुतोष निगम, शिक्षक संकुल अवधेश शर्मा, ब्लाक रिसोर्स पर्सन प्रिया, लाल सिंह तथा देवेश कटियार मौजूद रहे।

## बजरंगियों ने पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंप जताई क्रिसमस डे की आड़ में धर्म परिवर्तन की आशंका



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में आगामी 25 दिसम्बर को धर्म परिवर्तन की आशंका को लेकर बजरंग दल के पधाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पुलिस कमिश्नर डॉक्टर आर.के. स्वर्णकार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। बजरंग दल के नेता कृष्णा तिवारी की अगुवाई में पहुंचे पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंप चेतावनी दी है कि अगर पुलिस धर्मांतरण पर रोक नही लगा पाई तो बजरंग दल के कार्यकर्ता सड़को पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे, कृष्ण तिवारी ने पुलिस कमिश्नर से कहा कि ईसाई समाज के लोग 25 दिसंबर को क्रिसमस के त्यौहार की आड़ में हिंदू समाज के लोगों को लालच देकर जगह जगह धर्म परिवर्तन करने का काम करते हैं जिस पर रोक लगाई जाए अगर ईसाई धर्म द्वारा हिन्दुओं का धर्मांतरण नही रुका तो कार्यकर्ता सड़को पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। पुलिस आयुक्त की जन सुनवाई में लोगो की फरियाद सुन रहे एसीपी अशोक कुमार ने बताया की कुछ दिन पूर्व ईसाई धर्म के गुरुओं ने पुलिस कमिश्नर से बैठक कर क्रिसमस के त्यौहार पर चर्च पर होने वाली प्रार्थना सभा में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा हंगामा करने का आरोप लगाते हुए सुरक्षा की मांग की थी और आज बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन देकर शहर में प्रार्थना की आड़ में धर्मांतरण पर रोक लगाने की मांग की है पुलिस अधिकारियों ने दोनो पक्षों की बात सुनकर सुरक्षा का आश्वासन दिया है और कहा कि सभी लोग प्रेम पूर्वक त्यौहार मनाए पुलिस हर समय सुरक्षा प्रदान करेगी किसी भी अराजक तत्वों को हंगामा और बवाल करने नही दिया जाएगा।

## विश्वविद्यालय में गीता के पहले, नौवें एवं अठारवें अध्याय के एक-एक श्लोक का किया गया वाचन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



गीता जयन्ती के अवसर पर छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय मे शनिवार को विश्वविद्यालय में मानव श्रंखला बनायी गयी जिसमें विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों, शिक्षकों के साथ-साथ पूर्व छात्र भी शामिल हुए। मानव श्रंखला के दौरान गीता के पहले नौवे एवं अठाहरवें अध्याय का एक-एक श्लोक का वाचन किया गया। मानव श्रंखला विश्वविद्यालय, में स्थित विश्वेश्वर महादेव मन्दिर में विसर्जित हुयी जहां पर पं. आर. के. दिवेदी द्वारा गीता के बारहवें अध्याय का समस्त भक्तजनो को वाचन करवाने के साथ ही घर-घर गीता जन-जन गीता का संकल्प दोहराया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होने वैश्विक परिदृश्य में गीता की प्रासांगिकता के विभिन्न पहुलओं पर चर्चा करते हुए प्रतिभागियों के साथ श्लोक वाचन भी किया। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो. सुधीर अवस्थी ने मन्दिर प्रागंण में गीता के महत्व को बताया। उन्होने गीता के माध्यम से मानव कल्याण के बारे में सभी को संबोधित भी किया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ.अनिल कुमार यादव, प्रो.राजेश दिवेदी, प्रो.नीरज सिंह, डॉ.प्रशान्त मिश्रा, डॉ.शशि किरन मिश्रा, डॉ.मानस उपाध्याय, डॉ.राहुल तिवारी, डॉ.मयूरी सिंह मौजूद रहे।

## गीता जयंती पर चाचा नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज में बनाई गई मानव श्रंखला



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

गीता जयंती के शुभ अवसर पर चाचा नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज गोविंद नगर में शनिवार को मानव श्रृंखला बनायी गई। जिसमें छात्रों को गीता के विषय मे प्रधानचार्य डॉ.सरस कुमार तिवारी ने बताया कि ये शास्वत ग्रंथ है व इसमे विश्व को मोक्ष प्राप्ति का मार्ग एवं जीवन का सार निहित है। उन्होंने गीता जयंती पर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अनवेश सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक व छात्रों एवं अभिभावकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। गीत के मुख्य श्लोकों का वाचन हिंदी व संस्कृति में सहायक अध्यापक वेद प्रकाश व नारे अतुल कुमार तिवारी द्वारा उच्चारण कराये गए। इस अवसर पर शिक्षक सुनील वाजपेई, श्वेता दीक्षित, त्रिभुवन मौर्या, प्रस्कन्दन पजोरिया, गया प्रसाद, विमलेश त्रिपाठी, बी.सी.जी.शर्मा सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।

### दो पक्षों में हुआ जमकर विवाद

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** रावतपुर थाना क्षेत्र के एक वायरल एक वीडियो ने पुलिस को खूब छकाया बाद में पुलिस ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो सही से देखा और परखा तो कुछ देर तक जो वादी थे वह आरोपी बन गये। मामले में कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दरअसल रावतपुर के मसवानपुर में बीती शुक्रवार की रात दो पक्षों में मारपीट हुई थी। एक पक्ष की तरफ से वीडियो वायरल किया गया जिसमें कुछ लोग कार से आकर प्लाट में घुस कर ईट उठा रहे है। आरोप लगाया गया कि कार सवारों ने पथराव किया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी तो एक और वीडियो हाथ लगा जिसमें पथराव का आरोप लगाने वाले ही पथराव करते दिखे। रामशंकर पथराव का आरोप लगा रहा था। जांच में वह खुद आरोपी निकला। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्यवाही की जा रही है।

## चौधरी साहब किसानों के थे सच्चे हमदर्द: डॉ.आर.के. यादव

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशालय एवं कृषि विज्ञान केंद्र, दिलीपनगर के संयुक्त तत्वाधान में प्रसार निदेशालय के लाल बहादुर शास्त्री सभागार में शनिवार को एक विशाल किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा चौधरी साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। बताते चलें कि राष्ट्रीय किसान सम्मान दिवस पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है। इस किसान सम्मान दिवस के अवसर पर निदेशक प्रसार डॉ.आर के यादव ने कहा कि चौधरी साहब किसानों के सच्चे हमदर्द थे। किसानों की तकलीफों को वे अपनी तकलीफ समझते थे। किसानों के लिए बनाई गई योजनाओं को आज भी याद किया जाता है। सह निदेशक प्रसार डॉ. पीके राठी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के द्वारा कृषि विकास में योगदान विषय पर किसानो को जानकारी दी। प्रो.सर्वेश कुमार द्वारा भी किसानों को चौधरी साहब के कृषि में योगदान विषय पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ. पीके उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानो को सम्मानित किया।मृदा वैज्ञानिक डॉ.ख़लील खान ने मृदा परीक्षण एवं पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर जानकारी दी। उन्होंने रबी फसलों में खरपतवार प्रबंधन विषय पर जानकारी दी। डॉ.अरुण कुमार सिंह ने उद्यानिकी फसलों के बारे में जानकारी दी। गृह वैज्ञानिक डॉ. निमिषा अवस्थी ने किचन गार्डन के बारे में बताया। इस अवसर पर चंद्रशेखर कृषक समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश सिंह समेत प्रगतिशील किसान चरण सिंह यादव, छुन्ना सिंह,राम आसरे सहित कुल जनपद कानपुर देहात एवं नगर के 12 किसानों को अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। इन किसानों के द्वारा खाद्यान्न, पशुपालन, उद्यानिकी फसलों की खेती एवं तकनीकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं। इस अवसर पर अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग में एमएससी एवं पी एचडी की क्विज प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को भी प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र डॉ.अजय कुमार सिंह द्वारा सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम में लगभग एक सैकड़ा से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया।इस अवसर पर डॉ.कौशल कुमार, डॉ.लोकेंद्र सिंह, डॉ.श्वेता यादव, डॉ.एन लारी,डॉ. एसएल वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### टोनी कक्कड़ के गीतों पर झूमें कनपुरिया



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** शहर में 2 दिवसीय फूड कॉर्निवाल का आयोजन किया गया जिसका आगाज़ म्यूजिकल इवेंट से किया गया. इस इवेंट में मशहूर बॉलीवुड सिंगर टोनी कक्कड़ भी शामिल हुए इस आयोजन में टोनी कक्कड़ ने अपने शानदार परफॉर्मेंस से स्टेज पर आग सी लगा दी. टोनी के गानों ने एक अलग ही माहौल बना। कोका कोला तू से शुरू हुआ मयूजिकल इवेंट फिर धीमें-धीमें, मिले हो हम तुमकों जैसे सुपरहिट गीतों से गोवा वाले बीच मे जब सुनाया तो महफ़िल में मौजूद कोई भी फैंस थिरके बिना नही रह सका। टोनी ने अपने नए गाना लॉलीपॉप प्रियंका आहूजा के साथ गया अपने शानदार परफॉर्मेंस से माहौल बना दिया टोनी अपने गानों से लोगों को मदहोश करते दिखे।

## 11 साल की छात्रा को स्कूल ले जाते वक्त वैन चालक ने बनाया हवस का शिकार

- जीपीएस स्कूल की प्रिंसिपल और टीचरों ने मामले को दबाने का किया प्रयास
- कोतवाल रावतपुर ने तत्काल मामले का संज्ञान लेते हुए किया मुकदमा दर्ज और आरोपी को भी दबोचा

**जन एक्सप्रेस । अंकित चौधरी**





कानपुर नगर। जिन टीचरों पर गुड टच बैड टच की जानकारी बच्चों को देने की जिम्मेदारी थी वही टीचर कुकर्म जैसे मामले में छात्रा के परिजनों को गुमराह करते रहे, लेकिन वहीं दूसरी ओर कानपुर पुलिस की रावतपुर पुलिस की सजगता के चलते कुछ ही पलों में रेप की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई कर दी गई है, साथ ही साथ जिन टीचरों के द्वारा मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा था उनके विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज कर जांच आरंभ कर दी गई है।

मामला रावतपुर थानाक्षेत्र का है जहां छठी क्लास में पढ़ने वाली छात्रा के साथ वैन चालक ने सूनसान स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म किया और स्कूल छोड़ दिया, दर्द से बिलखती बच्ची ने क्लास टीचर को घटना बतायी तो वह उसे लेकर प्रिंसिपल के पास गयी लेकिन मासूम का दर्द बांटने की जगह स्कूल वालों ने बच्ची को घर भेज दिया मामला परिजनों तक पहुंचा तो वैन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। साक्ष्य छुपाने और इतनी बड़ी घटना को दबाने के लिये स्कूल की प्रिंसिपल और टीचर के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

थाना रावतपुर क्षेत्र में रहने वाले एक कारोबारी की बेटी आवास विकास केशवपुरम के जीपीएस स्कूल में कक्षा छह की छात्रा है हर रोज की तरह स्कूल की वैन चलाने वाला चालक कल्लू छात्रा को लेकर स्कूल जाने के लिये निकला था। परिजनों के अनुसार स्कूल से पहले सूनसान स्थान पर ले जाकर चालक ने बच्ची के साथ कुकर्म किया। बच्ची रोती बिलखती रही पर वैन चालक रहम नहीं खाया स्कूल में बच्ची को छोड़ कर वह भाग निकला। दर्द से कराह रही बच्ची के स्कर्ट में खून लगा देख टीचर को शक हुआ तो बच्ची से पूंछताछ की तो उसने बताया कि वैन वाले अंकल ने गंदा काम किया है। टीचर मधु उसे लेकर अलका भाटिया प्रिंसिपल के पास गयी जहां दूसरी टीचर प्रिया मैम को बुलाया गया। सभी ने बच्ची से पूछताछ करने के बाद उसे समझाया कि किसी से कुछ न बताये वैन चालक को हटा दिया गया। उसके बाद स्कूल की हेमा मैम ने बच्ची के परिजनों को फोन करके तबियत खराब होने की बात कहकर घर भेज दिया। बच्ची ने घर में घटना बतायी तो परिजनों ने स्कूल में फोन कि या तो घटना को दबाते हुए कहा गया कि वैन चालक को निकाल दिया है। मामले में मुख्य आरोपी कल्लू समेत स्कूल की टीचर मधु, प्रिया, अलका भाटिया, हेमा के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है। रावतपुर कोतवाल अशोक कुमार सरोज को जैसे ही घटना की जानकारी मिली उनके द्वारा तत्काल मुकदमा दर्ज करते हुए कुछ ही पलों में आरोपी कल्लू को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## कानपुर से पहुंचे व्यापारियों के स्वाभिमान यात्रा रथ को मिला प्रथम पुरस्कार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर/बरेली**



बीते दिन 23 दिसंबर शनिवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर बरेली में 23 व 24 को प्रशिक्षण शिविर में 30 सितंबर 2023 को जो स्वाभिमान रथ यात्रा कानपुर पहुंची थी पूरे प्रदेश में कानपुर द्वारा स्वाभिमान यात्रा का भव्य स्वागत करने पर कानपुर के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता व उनकी पूरी टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक प्रशस्ति पत्र दिया गया, प्रशिक्षण शिविर में पांच सत्र चले हर सत्र में अलग-अलग विषयों पर चर्चा हुई प्रदेश से लगभग 1500 पदाधिकारी जिला अध्यक्ष जिला महामंत्री वह प्रदेश पदाधिकारी पधारे थे उन सभी ने इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई वह शिविर में हुई तमाम बातों पर मनन किया व अपने-अपने जिले में जाकर इस प्रकार के प्रशिक्षण लगाने का आश्वासन भी दिया कानपुर जिले से प्रमुख रूप से विजय पंडित रामेश्वर गुप्ता लाला भैया कृपा शंकर त्रिवेदी महेंद्र गुप्ता विराट गुप्ता संतोष शर्मा निर्मल त्रिपाठी नीरज दीक्षित रामकिशोर मिश्रा संत मिश्रा राकेश पांडे प्रदेश मंत्री राकेश सिंह आदि तमाम व्यापार मंडल के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे

### कमिश्नर ने समीक्षा बैठक की

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** पुलिस आयुक्त डॉ. आर.के. स्वर्णकार व संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था आनंद प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों- गौवध/गौ-तस्करी, फुट पेट्रोलिंग किरायेदार सत्यापन, चालको का सत्यापन अवैध शराब गौवध निवारण अधिनियम के अन्तर्गत अपराधो की शीघ्र गुणवत्ता पूर्ण विवेचना उक्त अभियानों में अब तक की गई कार्यवाही हेतु कार्ययोजना आदि के सम्बन्ध में जनपद के उपायुक्त/अपर पुलिस उपायुक्त के साथ बैठक आयोजित की गई।

# चौधरी चरण सिंह के जन्म दिन पर किसान सम्मान दिवस, रबी उत्पादकता गोष्ठी एवं दो दिवसीय मिलेट्स कार्यशाला का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। अमेठी

शनिवार को जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज के प्रांगण में भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्म दिन के अवसर पर किसान सम्मान दिवस,रबी उत्पादकता गोष्ठी एवं दो दिवसीय मिलेट्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिलाधिकारी ने फीता काटकर एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का डीएम राकेश कुमार मिश्र तथा सीडीओ सान्या छाबड़ा ने अवलोकन किया।किसान सम्मान दिवस के अवसर पर जनपद के छब्बीस प्रगतिशील किसानों को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिनमें बारह किसान कृषि विभाग के,छह मत्स्य विभाग के,छह



उद्यान विभाग के एवं दो किसान प्राकृतिक विधि से खेती करने वाले शामिल हैं। इस अवसर पर मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी ने कहा कि वर्तमान में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की आर्थिक आय बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं।उन्होंने कहा कि किसानों की आमदनी कैसे दोगुनी हो इसके लिए बहुत सारे कदम उठाए गए हैं। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस गोष्ठी का उद्देश्य है की किसानों के लिए शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचाना।एवं उन्हें उन्नत कृषि के संबंध में जानकारी देना है।गोष्ठी में किसान अपनी समस्याओं को सीधे संबंधित अधिकारी को बता सकते हैं।उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में खेती घाटे का धंधा नहीं है।किसान अपनी जमीन पर सभी प्रकार की खेती करने के साथ ही पशुपालन का कार्य भी करें। आज के दौर में फूलों की खेती से अच्छी आमदनी हो सकती है।किसान पारंपरिक खेती के साथ साथ आधुनिक एवं उन्नत कृषि भी करें।इसके लिए सरकार ने किसानों के हित में कई योजनाएं भी संचालित की हैं। जो उन्हें आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं। किसान सम्मान दिवस में जनपद के आए हुए किसानों को फसल उत्पादकता बढ़ाने व अपनी आय दोगुनी करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।कृषि वैज्ञानिक रेनु कुमारी द्वारा मिलेट्स, डॉ सत्येंद्र सिंह द्वारा पशुपालन, डॉक्टर आरके आनंद एवं ओपी सिंह द्वारा उन्नत कृषि के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त गोष्ठी में प्रगतिशील किसानों द्वारा भी खेती एवं पशुपालन करके अपनी आय को कैसे दोगुना किया जाए इस बारे में अपने अनुभव साझा किए गए।इसके साथ ही गोष्ठी में कृषकों को कृषि संबंधी योजनाओं प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि,फसल बीमा योजना,कृषि यंत्र आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक डॉ एलबी यादव, जिला कृषि अधिकारी रविकांत सिंह,मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जेपी सिंह,जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, जिला भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ हरिओम मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में राज्यमंत्री ने लाभार्थियों को वितरित किया प्रमाण पत्र

जन एक्सप्रेस। अमेठी

सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शनिवार को जनपद की हसवा,शेषपुर,करनगांव अहोरवा भवानी,ठेंगहा,खौपुर बुजुर्ग,लौकापुर कड़ेरगांव बलभद्रपुर,अजबगढ़ नेवादा किशुनगढ़ व बहोरखा ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम किया गया।विकासखंड सिंहपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत करनगांव व अहोरवा भवानी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में राज्यमंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उप्र मयंकेश्वर शरण सिंह ने प्रतिभाग किया।इस अवसर पर राज्यमंत्री ने विभिन्नयोजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण व प्रशस्ति पत्र वितरित किया।गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करने के साथ ही छह माह के बच्चों को प्रथम बार अन्नप्राशन कराया। इस




अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा सम्बन्धित योजनाओं के स्टॉलों को लगाया गया। इन स्टॉलों पर विभिन्न जनकल्याणकारीयोजनाओं से वंचित रह गये पात्रलाभार्थियों का नामांकन किया गया।मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत सरकार के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों द्वारा प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में अपने-अपने अनुभवों को बताया गया।

## दस दिन बाद भी नहीं लिखा मुकदमा, पीड़ित ने सीएम से लगाई गुहार

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** खाकी ने दीवार बनवाने और गिरवाने का ठेका ले लिया है। पीड़ित दस दिनों से न्याय के लिए परेशान है लेकिन उसे जिले के अधिकारियों से न्याय नहीं मिला। अब उसने सीएम से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाया है। मामला करौंदीकला थाना अंतर्गत अमरेमऊ गांव का है। बबबगांव निवासी अधिवक्ता फूलचंद तिवारी ने हाल में ही पुश्तैनी आबादी की जमीन पर बाउंड्रीवाल का निर्माण करवाया था। इसे गांव के दबंग राजपति उपाध्याय, सुरेंद्र उपाध्याय उर्फ देवी, विवेक उपाध्याय, गौरव उर्फ गोलू आदि ने बीते 13 दिसंबर की रात ट्रैक्टर आदि लगाकर गिरा दिया। आरोप है कि दबंगों को क्षेत्राधिकारी कादीपुर का संरक्षण प्राप्त था। पीड़ित अधिवक्ता को थाने में बैठाने के बाद दीवार गिराई गई।बफूलचंद तिवारी के अनुसार हमारे परिवार के लोगों ने दीवार गिराने से दबंगों को रोका तो दर्जनों की संख्या में मौके पर मौजूद दबंगों ने गाली-गलौज करते हुए हमारे भाई के ऊपर फायर तक झोका। इस पर गांव वाले मौके पर पहुंचे तब आरोपी दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। हमारे परिवार के लोगों को चोट तक आई लेकिन ना ही उनका मेडिकल कराया गया और ना ही केस दर्ज किया गया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### जिंगल बेल की धुन पर राइजिंग चाइल्ड स्कूल के बच्चों ने जमकर मचाया धमाल

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** शहर के प्रभूटाऊन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल में क्रिसमस उत्सव धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। राइजिंग चाइल्ड स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चे सैंटा क्लॉज, स्टार तथा फेरी की वेषभूषा में विद्यालय पहुँचे और मेरी क्रिसमस और जिंगल बेल्स आदि क्रिसमस गीतों पर जमकर धमाल मचाई। स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने बच्चों को क्रिसमस का त्योहार मनाए जाने के कारण एवं महत्व को विस्तार से बताया। प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने सभी को क्रिसमस एवं नव वर्ष की शुभकामनाएं दिया। नन्हे मुन्ने बच्चों में अराध्या, तबीबा, पार्थ, मिशिका, अयंतिका, अन्वी, शौर्य, अलमीर, मायरा, प्रभुनूर, सामर्थ्य, यथार्थ, फातिमा, आद्या आदि बच्चों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी रवीन्द्रनाथ हरी सहित की विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

### बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत आम जनता को किया गया जागरुक

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में शनिवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के नवम दिवस पर जनपद रायबरेली यातायात पुलिस द्वारा बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत शहर में सार्वजनिक स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों का प्रचार प्रसार करते हुए आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए पंपलेट स्टीकर वितरित किए गए एव सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग तथा बैनर लगवाए गए, निर्धारित गति से अधिक चलने वाले वाहनों की गति की चेकिंग स्पीड राडार के माध्यम से की गई निर्धारित गति से तेज चलते हुए पाए जाने वाले वाहनों पर प्रवर्तन की कार्रवाई की गई तथा शीत ऋतु में कोहरे के कारण दृश्यता के अभाव में होने वाली सड़क घटनाओं की रोकथाम हेतु मालवाहक, वाहनों ट्रैक्टर ट्रालियों में निशुल्क रिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए तथा राजमार्गों पर सड़क के किनारे वाहन खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों को राजमार्ग के किनारों से हटवाया गया साथ ही उनको ऐसा न करने की चेतावनी दी गई ना मानने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को फूल देकर तथा माला पहनाकर गांधीगिरी के माध्यम से उनको यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया, मोडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों की सघन चेकिंग की गई मोडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों से मोडिफाइड साइलेंसर निकलवाए गए तथा उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई भी की गयी। रायबरेली शहर सड़क के किनारे वाहन खडा कर जाम का कारण बनने वाले वाहनों को क्रेन के माध्यम से हटवाकर उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई साथ ही नो पार्किंग में गलत तरीके से खड़े वाहनों में व्हील क्लैम्प लगवा कर उन पर चालान व प्रवर्तन की कार्रवाई की गई सड़क के किनारे लगे ठेले, खोमचे तथा फल की दुकानें हटवाई गई तथा शहर नो पार्किंग जोन में जगह जगह नो पार्किंग बोर्ड लगवाए गए। उक्त संपूर्ण अभियान के दौरान पूरे जनपद में कुल 502 चालान करते हुए 623500 का जुर्माना योजित किया गया।

### उत्तर प्रदेश में वैश्य समाज आगामी लोकसभा चुनाव में निभाएगा अहम भूमिका: डॉ सुमंत

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 से पहले अपने समाज को संगठित करने और उसकी भूमिका को सुनिश्चित करने के लिए वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुमंत गुप्ता 24 दिसंबर को फतेहपुर में एक बड़े सम्मेलन को संबोधित करेंगे। जिसके चलते वह शनिवार को जनपद रायबरेली पहुंचे और उन्होंने समाज की तरफ से लोकसभा चुनाव को लेकर एक बड़ा संदेश देने का प्रयास किया। शहर के राम जानकी मंदिर में आयोजित बैठक में जिले से समाज के लोगों को फतेहपुर पहुंचने का आवाहन किया, साथ ही एक होटल में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान डॉक्टर सुमंत गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 12 लोकसभा सीट ऐसी हैं जिसमें वैश्य बहुसंख्यक है जबकि लोकसभा में सिर्फ दो वैश्य समाज के सांसद हैं उन्होंने रायबरेली, प्रतापगढ़, मेरठ गाजियाबाद, आगरा और झांसी सहित कई ऐसी सीटों का जिक्र किया जिसमें वैश्य समाज के मतदाताओं की संख्या सबसे ज्यादा है। डॉ सुमंत ने साफ कहा कि इस क्षेत्र में समाज के मतदाता जिसके साथ जाएंगे, उसका समीकरण बनेंगा और इसके साथ नहीं जाएंगे उसका समीकरण बिगड़ने की क्षमता रखेंगे। डॉ सुमंत ने वैश्य समाज के व्यापारियों का भी जिक्र किया उन्होंने कहा कि कर चोरी में जो व्यापारी पकड़े जाते हैं उन्हें हथकड़ी ना लगाई जाए साथ ही उन्हें कर अपराधी ना कहा जाए और उन्हें जेल में उस स्थान पर ना रखा जाए जहां पर पेशेवर अपराधी रखे जाते हैं। भारत रत्न का जिक्र करते हुए उन्होंने भजन गायक रविंद्र जैन और विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष रहे अशोक सिंघल को भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित करने की मांग की। उनका कहना है कि राष्ट्रीय संस्कृत और धार्मिक पहचान को बनाने के लिए अशोक सिंघल ने अपना जीवन दे दिया वहीं दूसरी ओर सनातन संस्कृति को प्रसारित और प्रचारित करने के लिए रविंद्र जैन ने गायकी के माध्यम से विशेष योगदान दिया है इसलिए उन्हें यह पुरस्कार मिलना चाहिए। वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय महासचिव इं विजय रस्तोगी ने बताया कि फतेहपुर में होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में लगभग पचास हजार लोगों की संख्या आने की संभावना है यह संख्या और भी बड़ी हो सकती है उन्होंने इस सम्मेलन का उद्देश्य व्यापारी हितों की रक्षा, सुरक्षा, व्यवस्था और वैश्य समाज के राजनीतिक अधिकार मांग को लेकर है जहां पर रायबरेली से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे। इंजीनियर विजय रस्तोगी ने भारतीय संस्कृति का हवाला देते हुए लिवइन रिलेशनशिप का विरोध किया उन्होंने कहा कि इस पर तत्काल प्रतिबंध लगना चाहिए ताकि समाज बिगड़ने न पाए साथ ही उन्होंने लव मैरिज के मामले पर भी अपनी राय रखी उन्होंने लव मैरिज करने वाले युवाओं के दोनों पक्षों के परिजनों की स्वीकृति अनिवार्य करने की मांग की। बैठक में जिला अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता एडवोकेट, जिला संरक्षक शंकर लाल गुप्ता एडवोकेट, के के अग्रहरि, अजय गुप्ता, डॉ जे के गुप्ता, आलोक गुप्ता एडवोकेट, अरविंद जायसवाल सहित आदि आदि समाज के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में क्रिसमस डे पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में आजाद हाउस के सौजन्य से प्रभु ईसा मसीह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 'क्रिसमस डे' का कार्यक्रम बहुत ही भव्य तरीके से मनाया गया।
इस अवसर पर प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उपस्थित रहकर बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रमों का भरपूर आनन्द लिया। विद्यालय के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने बड़ी ही सुन्दर प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित लोगों का मन मुग्धकर लिया। कार्यक्रम में प्रभु यीशू के जीवन से जुड़े अनेक प्रसंगों की मन मोहक झाँकियां बनाई गई थी। बच्चों को सांता क्लॉस के आने की प्रतीक्षा पूरे कार्यक्रम में बनी रही।

## बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड रायबरेली द्वारा वाटर प्यूरीफायर कराया गया उपलब्ध

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड यूनिट रायबरेली द्वारा स्पोर्ट स्टेडियम रायबरेली को खिलाड़ियों को पीने के लिए शुद्ध जल हेतु वॉटर प्यूरीफायर उपलब्ध कराया गया। वाटर प्यूरीफायर प्रदान करते हुए मानव संसाधन प्रमुख हेमंत किशोर श्रीवास्तव ने कहा कि स्पोर्ट स्टेडियम में आने वाले खिलाड़ियों को शुद्ध शीतल जल प्राप्त हो एवं खेल के साथ साथ बेहतर स्वास्थ्य भी बना रहे। क्योंकि अशुद्ध जल पीने से स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी डी के पुरुषोत्तम ने कहा की खेलकूद को बढ़ावा देने हेतु बिरला कॉरपोरेशन का यह सहयोग खिलाड़ियों के हित में है। इस अवसर पर शिव गोविंद सिंह, बाबूलाल सहित तमाम खिलाड़ी मौजूद रहे।

# नया सवेरा कार्यक्रम से बच्चों में होता है बौद्धिक क्षमता का विकास: धीरेन्द्र प्रताप सिंह

जन एक्सप्रेस। अमेठी

जिला बेसिक शिक्षाअधिकारी संजय तिवारी के निर्देशन और राम किशन कश्यप खण्ड शिक्षा अधिकारी के देखरेख में चार सप्ताह का %नया सवेरा कार्यक्रम% विद्यालयों में बेहतर ढंग से चलाया गया।नया सवेरा कार्यक्रम का उद्देश्य निपुण भारत लक्ष्य के आधार पर प्रार्थना सभा के समय का समुचित सदुपयोग करना, आकर्षक एवं रुचिकर प्रार्थना सभा के माध्यम से छात्रों की उपस्थिति को बेहतर बनाना, बच्चों को भावानात्मक रुप से विद्यालय से जोड़ने,बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि करने,बच्चों को स्वानुशासन हेतु प्रेरित करने का सुअवसर प्रदान करना है।शनिवार को



सप्ताह के अन्तिम दिन बच्चों को सड़क सुरक्षा व सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई।
जिसके अन्तर्गत कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला तिलोई अमेठी में विद्यालय की शिक्षिकाओं ने बच्चों से सड़क सुरक्षा से सम्बंधित अनेक गतिविधियां करायी गईं।तथा बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों की भी जानकारी दी।इसके बाद मानव सुरक्षा के लिए बने हेल्पलाइन नंबर को बच्चों के समूह द्वारा प्रदर्शित किया गया।कार्यक्रम के आकलन के लिए नियुक्त शिक्षिका शुभ्रा सिंह ने भी सभी गतिविधियों में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बच्चों को सड़क सुरक्षा व हेल्पलाइन नंबर की समुचित जानकारी दी।और कहा कि नया सवेरा कार्यक्रम से बच्चों के आत्मविश्वास एवं बौद्धिक क्षमता का विकास हुआ है। प्रधानाध्यापक व जिलाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह ने नया सवेरा कार्यक्रम से जुड़े समस्त एसआर?जी राकेश मिश्र,अमिता मिश्रा,एवं अनिल मिश्र,जिला समन्वयक प्रशिक्षण अभिनव पाण्डेय सहित सभी एआरपी बन्धुओं को सफलता पूर्वक कार्यक्रम के क्रियान्वयन व जनपद के समस्त कर्मठ शिक्षिकाओं व शिक्षकों को सुन्दर व बेहतर रुप से नया सवेरा कार्यक्रम कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कैसे होगा स्वच्छ भारत का सपना, टॉयलेट में भरे उपले

जन एक्सप्रेस। राजेश पाल

**बाजार शुक्ल अमेठी।** अफसरों ने भले ही हजारों, लाखों शौचालय बनाने का आंकड़ा पेश कर कई गांवों को ओडीएफ बनाने का दावा करते हुए वाहवाही लूटी हो, लेकिन हकीकत में तस्वीर इसके बिलकुल उलट ही है।गांवों में इज्जत घर के नाम से बने शौचालय जर्जर हो चुके हैं।स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचायते कई साल पहले ओडीएफ (खुले में शौच मुक्त) घोषित किया जा चुका है। लेकिन अभी भी लोग खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। सरकारी योजना के तहत इज्जतघर के नाम से जो शौचालय बनाए गए उनमें अधिकांश जर्जर हो चुके हैं।अधिकांश शौचालय में किसी ने गोबर के उपले,लकड़ियां और भूसा भर रखा है। कई शौचालयों में तो दरवाजा तक नहीं है तो किसी में छत नहीं। ऐसे में सबसे बड़ी दिक्कत महिलाओं के सामने होती है। महिलाएं खुले में शौच जाने को मजबूर हैं।

**स्वच्छ भारत मिशन बना मजाक**



*जन एक्सप्रेस टीम,* भ्रमण पर निकलकर पंचायतो में इस मुद्दे पर सच जानने का प्रयास किया तो कई रोचक तथ्य सामने आए ।पंचायतों में शौचालय ग्रामीण परिवार को शौचालय देने की महत्वाकांक्षी योजना मजाक बनकर रह गई है। गांव में इज्जतघर के नाम से बने शौचालय जर्जर हो चुके हैं। दरवाजे गायब दरवाजों की जगह लोग टाट और पल्ली टांग कर काम चलाते देखे जा रहे हैं।केंद्र सरकार की ओर से दिए गए लक्ष्य को शौचालय बनाकर सरकार को पूरा कर खुले में शौक से मुक्त कर दिया गया ।जबकि जमीनी सच्चाई इसके विपरीत देखी जा रही है। गांव में शौचालय तो बने पर ग्रामीण इसका प्रयोग भूसा और उपले के लिए करते देखे जा रहे हैं। जिसमें साफ है कि ग्रामीण अभी खुले में शौच करते देखे जा रहे हैं ऐसे में फिलहाल भारत सच होने का सपना साकार होता नजर नहीं आ रहा है।

## साज कंप्यूटर इंस्टीट्यूट द्वारा जरूरतमंद गरीबों को वितरित किये गये वस्त्र

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी साज कंप्यूटर इंस्टीट्यूट की ओर से गरीबों को वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन सुपर मार्केट में कैंप लगा कर किया गया। संस्थान के प्रबंधक आजमी जमाल सर ने बताया कि विगत 13 वर्षों से लगातार ठंड के शुरू होने पर वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन कर गरीबों को ठंड से बचाने के लिए कपड़ो का वितरण किया जा रहा है। हम सबके घरों में इस्तेमाल में न आने वाले कपड़ो का भंडार होता है ऐसे अच्छे और मूल्यवान कपड़ो को किसी गरीब को देकर उसे इस ठंड से राहत दिलाई जा सकती है ऐसे पुनीत कार्य में साज परिवार के सहयोगियों का मैं आभार वक्त करता हूं। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक इंद्रेश विक्रम सिंह ने साज परिवार द्वारा किया जा रहे इस कार्य की प्रशंसा करते हुआ कहा कि दूसरे लोगों को भी इस कार्य से प्रेरणा लेना चाहिए और अधिक से अधिक इस ठंड में गरीबों को मदद करनी चाहिए।

# किसान दिवस व किसान सम्मान दिवस का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

चैधरी चरण सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर आज जिला प्रशासन द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र में किसान दिवस वा किसान सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कृषि विभाग मत्स्य विभाग व पशुपालन विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाकर किसानों को जागरूक किया गया। विभागीय अधिकारियों ने किसानों को अच्छी फसलों का कैसे उत्पाद करे इसके बारे में बताया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि सुलतानपुर के विधायक व पूर्व मंत्री विनोद सिंह रहे। विनोद सिंह ने मंच से स्व चैधरी चरण सिंह के बारे में बताया कि चैधरी जी का जीवन हमेशा किसानों के हित में ही बीत गया उन्होंने कहा की मौजूदा सरकार किसानों को लेकर काफी गंभीर है सरकार किसानों व बेहतर खेती को लेकर तरह की योजनाएं चला रही है। विधायक विनोद सिंह ने किसानों से आग्रह करते हुए कहा की किसी किसान कोई भी समस्या आती है तो वो उनके पास आए हर किसान भाई की समस्या का निस्तारण तुरंत होगा। कार्यक्रम के आयोजक सीडीओ अंकुर कौशिक ने कहा की आज के इस कार्यक्रम से किसानों को बेहतर खेती के बारे में कृषि वैज्ञानिकों ने बताया साथ ही उन किसानों का सम्मान भी किया गया जिन्होंने अपनी मेहनत के बल पर अच्छी खेती कर अनाज को पैदा किया है।

## मंडी में अव्यवस्थाओं का बोलबाला महंगी पल्लेदारी, सर्वर फेल की समस्या

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

अधिकारी ऑफिस की कुर्सी पर बैठकर आराम फरमा रहे। जनप्रतिनिधि हैं जो किसानों के लिए रोज बड़े-बड़े बखान कर रहे हैं। इसके बाद किसान खेत से लेकर मंडी तक में परेशान खड़ा है। आलम ये है कि नगर में अधिकारियों की नाक के नीचे धान क्रय केंद्र पर अव्यवस्थाओं का बोल बाला है। लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित नवीन मंडी में ÷नीलामी चबूतरा÷ के निकट बने धान क्रय केंद्र पर अव्यवस्थाओं का बोल बाला है। एक दिन पूर्व दर्जनों किसान सर्वर डाउन होने के कारण वापस लौट गए।किसानों ने बताया कि वह अपना धान बेचने के लिए कई दिनों से परेशान हैं। जो डेट मिलती है उस डेट को भी उनका धान नहीं बिक पाता। ऐसे में प्राइवेट आढ़तियों को मजबूरी में औने-पौने दाम धान को बेचना पड़ रहा। महंगाई का हंटर किसानों की पीठ पर लगातार पड़ रहा है। बढ़ी मजदूरी, महंगे बीज, सिंचाई आदि के बाद अब मंडी के पल्लेदार 25 रुपये प्रति कुंतल धान की तौल करवाई ले रहे हैं जिससे किसानों की कमर टूट जा रही है। केंद्र पर आए किसान राम अभिलेख, राम दुलारे, सन्तोष आदि ने बताया कि अचानक से मजदूरों ने पल्लेदारी की दरें दोगुनी कर दी जिससे उन्हें घाटा हो रहा। वहीं पल्लेदारों ने बताया कि महंगाई के इस दौर में मजबूरी में उन्हें अपनी पल्लेदारी बढ़ानी पड़ी है। उधर तस्वीर ने मंडी समिति के जिम्मेदार अफसरों की पोल खोल दी है। मंडी पहुंचने के बाद भी यहां सांड किसानों का पीछा नहीं छोड़ रहे।

# शिकायतों के फर्जी निस्तारण पर तत्कालीन एसओ व बीडीओ सस्पेंड

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

डीएम-एसपी के मातहत सरकार को बदनाम करने का मंसूबा बना चुके हैं। शासन स्तर से हुई जांच में इसका खुलासा हुआ है। सीएम ऑफिस ने फर्जी रिपोर्ट लगाने वाले और पीड़ित पर मुकदमा दर्ज करने के मामले में बीडीओ और थानाध्यक्ष को सस्पेंड कर जांच के आदेश दिए हैं।

जिले के ब्लॉक भदैंया के सलाहपुर गांव निवासी संगीता मिश्रा पत्नी देवी प्रसाद मिश्र को वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रधानमंत्री आवास आवंटित हुआ था। पहली किस्त भी संगीता तिवारी को दे डाली गई। पीड़ित के पुत्र ने 22 जुलाई को डीएम से शिकायत किया कि प्रधान आदि पैसे की डिमांड कर रहे। ऐसे में बीडीओ भदैंया को जांच मिली। बीडीओ के निर्देश पर हुई जांच में पीड़ित का पक्का मकान दर्शाकर शिकायत का निस्तारण 1 अगस्त 2023 को कर दिया गया। निस्तारण में गांव के राम सागर व प्रधानपति यशपाल की गवाही लगा दी गई। इस बाबत पीड़िता के पुत्र अमित ने 12 अगस्त को सांसद मेनका गांधी से शिकायत की। इसी दौरान बीडीओ ने संगीता तिवारी का आवास निरस्त कर



पहली किस्त की रिकवरी का आदेश देते हुए मामले को निस्तारित दिखा दिया। बीडीओ ने पीड़िता संगीता मिश्रा का नाम आवास दिलाने की डिमांड में डालते हुए आईजीआरएस पोर्टल पर निस्तारण रिपोर्ट भेज दी। उधर मुख्यमंत्री कार्यालय के कॉल सेंटर से अनीता मिश्रा के पास फोन आया तो उसने अपने साथ हुई कार्रवाई को खुलकर बताया। फर्जी निस्तारण और शिकायत की प्रकृति बदलने से सीएम योगी सख्त हुए। उन्होंने बीडीओ को निलंबित करने का आदेश ग्राम्य विकास आयुक्त को दिया है। वही मोतिगरपुर के तत्कालीन थानाध्यक्ष पर भी गाज गिरी है। थानाक्षेत्र के हांसापुर ग्राम पंचायत में पूर्व प्रधान की ओर से लगवाए पेड़ काटने व उसे नीलाम न कराने की शिकायत भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कपिलदेव सिंह ने एसडीएम से की थी। नायब तहसीलदार से कराई गई जांच में यूकेलिप्टस का करीब 100 बोटा व 10 पेड़ खड़ा पाया गया। नायब तहसीलदार ने उसे ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में दे दिया और एसडीएम ने नीलामी कराने का आदेश दिया। शिकायतकर्ता भाजपा नेता ने ग्राम प्रधान पर सारे पेड़ बेच लेने की शिकायत एसडीएम से की तो एसडीएम ने 19 अप्रैल 2023 को ग्राम प्रधान नीलकमल व उनके पति पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश थानाध्यक्ष को दिया। तत्कालीन एसओ मोतिगरपुर राजकुमार वर्मा ने प्रधान पर केस के बजाय शिकायतकर्ता कपिलदेव सिंह पर शांतिभंग का केस दर्ज कर डाला। इसको लेकर पूर्व विधायक अर्जुन सिंह समेत अन्य भाजपा नेताओं ने थाने पर विरोध जताया। तत्कालीन एसओ ने प्रधान व उनके पति पर चोरी का केस दर्ज किया। तब पीड़ित कपिल देव ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की। एसओ ने निस्तारण दर्शाते हुए गलत रिपोर्ट सीओ जयसिंहपुर को भेज दी।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 24°C | 11°C |
| कानपुर | 24°C | 11°C |
| देहरादून | 22°C | 07°C |
| नई दिल्ली | 24°C | 09°C |

# रात में वरिष्ठ अधिकारी करें रैन बसेरों और शेल्टर होम्स का निरीक्षण : मुख्यमंत्री योगी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



सर्द रातों में उत्तर प्रदेश में कोई भी खुले आसमान के नीचे न सोने पाए, इसको लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद स्थानीय निकाय निदेशालय ने नगरीय निकायों में अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। ठंड एवं शीतलहर को देखते हुए निदेशालय की ओर से सभी नगर आयुक्तों एवं अधिशासी अधिकारियों को निकायों में निराश्रित एवं दुर्बल वर्ग के आश्रयहीन व्यक्तियों के ठहरने, रुकने के लिए सुरक्षित स्थान प्रदान किए जाने और रैन बसेरों व शेल्टर होम्स के संचालन के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिए हैं। निदेशक डॉ नितिन बंसल द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि सभी नगरीय निकायों में रैन बसेरों/शेल्टर होम्स को मिशन मोड में सक्रिय किया जाए।

### जरूरतमंद लोगों को मिले रहने की सुविधा

निर्देशों में रैन बसेरों और शेल्टर होम्स के संचालन के विषय में कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके अनुसार, समस्त चिकित्सालयों, मेडिकल कॉलेज, बस स्टेशनों, रेलवे स्टेशनों, श्रमिकों के कार्य स्थलों एवं बाजारों में अनिवार्य रूप से रैन बसेरे व शेल्टर होम्स संचालित किए जाएं। आवश्यकतानुसार नए अस्थाई रैन बसेरों का निर्माण भी किया जा सकता है। इसके लिए राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं विकास प्राधिकरण आदि द्वारा भी अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाए। रैन बसेरा व शेल्टर होम्स में ऐसे जरूरतमंद व्यक्तियों जिनके पास ठहरने की सुविधा नहीं है तथा विशेष रूप से जो चिकित्सा एवं रोजगार आदि के लिए बाहर से आए हैं, रहने की सुविधा दी जाए जिससे उन्हें खुले में या सड़क या पटरियों पर न सोना पड़े।

### महिला-पुरुषों के लिए अलग-अलग हो व्यवस्था

दिशा निर्देशों में बताया गया कि रैन बसेरा व शेल्टर होम्स में रुकने वाले व्यक्तियों को ठंड से बचाने एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समस्त उपाय (साफ-सफाई, स्वच्छ बेड शीट, कंबल, गरम पानी, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था तथा सीसीटीवी आदि का प्रबंध किया जाए। बेड शीट, कंबल इत्यादि की सफाई और धुलाई नियमित रूप से की जाए। रैन बसेरा व शेल्टर होम्स में महिलाओं और पुरुषों के सोने व शौचालय आदि की व्यवस्था अलग-अलग की जाए। जिला प्रशासन के सहयोग से प्रत्येक जरूरतमंद निर्धन व्यक्ति को कंबल आदि उपलब्ध कराए जाएं। समस्त रैन बसेरों में केयर टेकर भी तैनात किए जाएं, जिसका नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर रैन बसेरों के गेट पर अवश्य दर्शाया जाए। प्रत्येक रैन बसेरे के लिए एक उपयुक्त वरिष्ठता का नोडल अधिकारी नामित किया जाए, जिस पर रैन बसेरे के संचालन का उत्तरदायित्व होगा।

### रात में रैन बसेरों का होगा औचक निरीक्षण

रात में जनपद, निकाय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया जाए। रैन बसेरों के केयर टेकर के पास निरीक्षण रजिस्टर भी रखा जाए जिसमें निरीक्षण अधिकारी अपनी टिप्पणी भी अंकित करें। शीतलहर एवं ठंड से बचाव कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए तथा स्थानीय समाचार पत्रों, इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से इससे संबंधित सूचनाएं प्रसारित कराई जाएं ताकि शासन द्वारा जनसामान्य को ठंड से बचाव के लिए किए जा रहे व्यापक उपायों की जानकारी हो सके। रैन बसेरा के संचालन के विषयगत सिविल सेवा संगठन, सिविल डिफेंस, विद्यालयों, व्यापार संगठन, औद्योगिक संघ, रेड क्रॉस सोसाइटी इत्यादि का भी परस्पर सहयोग लिया जाए। शीत ऋतु के दृष्टिगत मुख्य बाजार के चौराहों पर अस्पताल, बस स्टेशन, रेल स्टेशन इत्यादि स्थलों पर नियमानुसार अलाव की व्यवस्था की जाए।



## लोकसभा चुनाव से पहले यूपी प्रभारी पद से हटीं प्रियंका गांधी, अविनाश पांडेय को दी गयी जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लोकसभा चुनाव के ठीक पहले प्रियंका गांधी यूपी के प्रभारी पद से हट गई हैं। लंबे समय से इस बात के कयास लग रहे थे कि प्रियंका इस पद से अपने आप को हटा सकती हैं। लोकसभा चुनाव के कुछ महीने पहले प्रियंका गांधी ने यूपी के प्रभारी पद से अपने आप को अलग कर लिया है। अविनाश पांडेय यूपी के नए प्रभारी होंगे। अविनाश पांडेय इसके पहले राजस्थान के प्रभारी रह चुके हैं। वह लंबे समय से कांग्रेस संगठन के साथ जुड़े हुए हैं। सचिन पायलट को महासचिव बनाया गया है साथ ही उन्हें छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी की भी जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, रमेश चेन्निथला को महाराष्ट्र कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किया गया।

## विपक्ष अभी रणनीति भी नहीं बना सका और भाजपा ने शुरू कर दिया प्रचार

* भाजपा सांसद निरहुआ ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक गाना लांच किया
* भाजपा नेताओं का दावा है कि 2024 के चुनाव में भाजपा 400 सीटों पर जीत दर्ज करेगी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद अब लोकसभा चुनाव के लिए माहौल बनने लगा है। एक तरफ जहां विपक्षी गठबंधन इंडिया अभी बैठकें कर गठबंधन और रणनीति पर मंथन ही कर रहा है वहीं, भाजपा ने चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। इस कड़ी में भोजपुरी फिल्मों के स्टार और आजमगढ़ से भाजपा सांसद निरहुआ ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक गाना लांच किया है। जिसके बोल हैं... 24 में फिर मोदी ही आएंगे। आकर्षक संगीत से सजे इस गाने में मोदी सरकार की उपलब्धियां को बहुत ही कर्णप्रिय ढंग से बताया गया है। भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 में राम मंदिर और मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के साथ ही जनता के बीच जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या में श्रीराम एयरपोर्ट का लोकार्पण कर रामनगरी को सौगात देंगे। इसके बाद 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा जो कि देश प्रदेश के माहौल को पूरी तरह भगवामय कर देगा। दूसरी तरफ विपक्षी गठबंधन इंडिया के दल के किसी एक नेता को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर सहमत नहीं है। अभी तक उन्होंने गठबंधन के लिए कॉमन मिनिमम प्रोग्राम तक तय नहीं किया है। ऐसे में उनके लिए भाजपा को चुनौती देना बेहद कठिन होने वाला है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के चुनाव में हार के बाद माहौल भी इंडिया गठबंधन के पक्ष में नहीं है। 19 दिसंबर को दिल्ली में हुई बैठक में इंडिया गठबंधन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर ही मतभेद उभर आए। हालांकि, इस बैठक में 28 दलों के नेता शामिल हुए थे। भाजपा विपक्ष के मुकाबले चुनावी तैयारियों में काफी आगे है। तीन राज्यों में सरकार बनाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास भी उठा हुआ है। भाजपा नेताओं का दावा है कि 2024 के चुनाव में भाजपा 400 सीटों पर जीत दर्ज करेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

## यूपी में सीईएमए का गठन, निवेशकों के लिए होगा सहायक



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

वरिष्ठ मध्यस्थता वकील और रिसोर्स पर्सन मनीष मेहरोत्रा ने कहा कि सेन्टर ऑफ एक्सिलेंस एण्ड आर्बिट्रेशन के रूप में मीडियेशन व आर्बिट्रेशन के लिए उत्कृष्टता केंद्र इस वर्ष की शुरुआत में उत्तर प्रदेश राज्य में अपनी तरह के पहले केंद्र के रूप में गठित किया गया है। भारत का सबसे बड़ा राज्य होने के अलावा उत्तर प्रदेश के पास संसाधन, क्षमता और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति है, जिसने %व्यापार करने में आसानी% का माहौल बनाया है। इसलिए, निवेशकों और उत्तर प्रदेश सरकार का समर्थन करने के लिए पक्षों के बीच किए गए अनुबंधों से उत्पन्न होने वाले विवादों पर हितधारकों को त्वरित, सरल और लागत प्रभावी विवाद समाधान तंत्र प्रदान करने के लिए सीईएमए की स्थापना करके पहल की गई है। इसके अलावा, सीईएमए का लक्ष्य भारत में एडीआर के विकास और वृद्धि के लिए प्रशिक्षण प्रदान करके, सेमिनार आयोजित करके मध्यस्थता और मध्यस्थता के क्षेत्र में कानून के विकास में प्रभावी योगदान देना है। वाणिज्यिक विवादों के त्वरित न्यायनिर्णयन के लिए वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र अब दुनिया भर में मान्यता प्राप्त है जो सरल, समयबद्ध और लागत प्रभावी है। दुनिया भर के साथ-साथ भारत में भी यह युग अब तदर्थ मध्यस्थता के बजाय संस्थागत मध्यस्थता की ओर ध्यान केंद्रित कर रहा है क्योंकि किसी संस्था के माध्यम से एडीआर के माध्यम से प्रक्रिया की एकरूपता होती है और मामलों का समयबद्ध और त्वरित निपटान होता है जो किसी भी व्यावसायिक संगठन के लिए अनिवार्य है। भारत सरकार पिछले कुछ वर्षों से तदर्थ मध्यस्थता की तुलना में %संस्थागत मध्यस्थता% को सक्रिय रूप से बढ़ावा और प्रोत्साहित कर रही है। उत्तर प्रदेश राज्य के इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष और औद्योगिक कामकाज और निवेश का गहरा ज्ञान रखने वाले मुकेश सिंह ने कहा कि सीईएमए का गठन उत्तर प्रदेश राज्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि संस्थागत मध्यस्थता अब हो गई है। नई दिल्ली, मुंबई और चेन्नई में अच्छी तरह से स्थापित, हालांकि उत्तर प्रदेश राज्य में ऐसी कोई संस्था मौजूद नहीं थी और यह उत्तर प्रदेश राज्य में बड़ी संख्या में आने वाले व्यावसायिक निवेश का समर्थन करने के लिए एक बड़ा कदम है। इसलिए, यह अनुबंध करने वाले पक्षों के हित में है कि वे तदर्थ मध्यस्थता के बजाय संस्थागत मध्यस्थता की प्रक्रिया के माध्यम से मध्यस्थता खंड में विवादों के समाधान के लिए सहमत हों। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत चंद्रा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सीईएमए गुणवत्तापूर्ण संस्थागत कामकाज प्रदान करने के लिए विभिन्न घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्रों के साथ सहयोग करेगा। न्यायमूर्ति एस.यू. खान, (सेवानिवृत्त); न्यायमूर्ति के.एस. रखरा, (सेवानिवृत्त); न्यायमूर्ति ए.एन. वर्मा (सेवानिवृत्त) और न्यायमूर्ति राघवेंद्र कुमार, (सेवानिवृत्त) ने मध्यस्थता और मध्यस्थता में उत्कृष्टता केंद्र का दौरा किया और कहा कि एक संस्था के माध्यम से मध्यस्थता आयोजित करना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर प्रवीर कुमार (आईएएस) सेवानिवृत्त भी उपस्थित थे।

## एस आर इण्टरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस डे

जन एक्सप्रेस | पीयूष द्विवेदी




**बीकेटी, लखनऊ।** एस आर इण्टरनेशनल स्कूल में क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया। बता दें कि स्कूल के चेयरमैन पवन सिंह चौहान ने प्रभु यीशू की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर क्रिसमस महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होने बताया कि ईसा मसीह ने कहा था कि हर मानव के भीतर वही एक परमात्मा है। इसलिए हमें धर्म और जाति के नाम पर आपस में झगड़ा नही करना चाहिए। हम सब को मिलजुल कर प्रेम से रहना चाहिए और एक दूसरे में परमात्मा के दर्शन करने चाहिए। कार्यक्रम में बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समां बांध दिया। प्रभू यईशू के जन्म से संबंधित कई नाटक बच्चों ने प्रस्तुत किए। वहीं सेंटा क्लाज ने बच्चों को उपहार बांटे। सेंटा क्लाज के रूप में सजे छोटे-छोटे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर स्कूल के वाइस चेयरमैन पीयूष सिंह चौहान ने बच्चों को प्रभू यईशू के जन्म से जुड़े कई रोचक प्रसंगों को सुनाया। बच्चों ने भी प्रभू यईशू के जन्म से संबंधित मनमोहक नाटक प्रस्तुत किया। सेंटा क्लाज के स्वरूपों में सजे बच्चों ने क्लास रूम में साथियों को टॉफी व अन्य उपहार भेंट किये। विद्यालय प्रांगण में विशाल क्रिसमस ट्री सजाया गया। इस अवसर पर संस्थान की वाइस चेयरपर्सन सुष्मिता सिंह चौहान ने कहा कि प्रभू यईशू ने जीवन पर्यंत मानवता की शिक्षा दी। मानवता की रक्षा के लिए उन्होंने अपना जीवन बलिदान कर दिया। ऐसे प्रभू से हर किसी को शिक्षा लेनी चाहिए एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों को क्रिसमस डे की शुभकामनाये दी।

## मैरिज लॉन, बैंकवेट हॉल के जीएसटी रिटर्न एवं विवरणों की हुई जांच

* कर की दर कम प्रदर्शित कर करापवंचन का किया जा रहा प्रयास

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

कमिश्नर राज्य कर विभाग द्वारा मैरिज लॉन एवं बैंकवेट हॉल फर्मों पर कार्यवाही के निर्देश के क्रम में अपर आयुक्त ग्रेड 2 विअनुशा जोन प्रथम, राज्य कर, लखनऊ द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मैरिज लॉन एवं बैंकवेट हॉल की एक फर्म के द्वारा दाखिल जीएसटी रिटर्न्स एवं अन्य विवरणों का विभागीय आईटी टूल्स का प्रयोग कर परिशीलन किया गया। परिशीलन करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि फर्म द्वारा मुख्यतः बीटूसी आउटवर्ड सप्लाई दाखिल की जा रही है तथा उसमे कर की दर को कम करके प्रदर्शित करते हुए, करापवंचन करने का प्रयास किया जा रहा है।इस आधार पर अपर आयुक्त द्वारा प्रकाश यादव संयुक्त आयुक्त विअनु शा संभाग-बी,राज्य कर लखनऊ को फर्म के दाखिल रिटर्न्स एवं वास्तविक कार्य प्रणाली की विस्तृत जाँच करने का निर्देश दिया गया। संयुक्त आयुक्त द्वारा परीक्षण पर फर्म के रिटर्न्स मे व्यापक कमियों को देखने पर उन्होंने अजीत कुमार सिंह उपायुक्त विअनुशा रेंज बी, राज्य कर, लखनऊ तथा हर्षित श्रीवास्तव, राज्य कर अधिकारी विअनुशा रेंज बी, राज्य कर, लखनऊ को फर्म के व्यापर स्थल की रेकी हेतु निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों द्वारा कई दिनों तक फर्म मे होने वाले शादी एवं अन्य पार्टियों की सूची बनाते हुए क्षेत्रीय सूचनाए एकत्र की गई।इस आधार पर संयुक्त आयुक्त द्वारा 21 दिसम्बर को फर्म की जाँच के निर्देश दिए गए। जाँच के दौरान उपायुक्त अजीत कुमार सिंह, विजय पाल सिंह, सहायक आयुक्त विशाल सिंह, राज्य कर अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव, दिवाकर दुबे, भावेश तिवारी एवं बैजनाथ ने दो टीमों मे व्यापर स्थल की जाँच करते हुए कई महत्वपूर्ण दस्तावेज़ अभिग्राहित किये जिनके आधार पर स्पष्टः प्रमाणित होता है कि फर्म द्वारा सपरेशन ऑफ टर्नओवर किया जा रहा है तथा कर की दर को भी कम प्रदर्शित करते हुए कर भुगतान से बचने का प्रयास किया जा रहा है। जाँच के समय फर्म द्वारा 1 करोड़ रूपया कर के रूप में जमा किया गया। अभिग्राहित दस्तावेजो का परिशीलन जाँच इकाई द्वारा किया जा रहा है।



## इटौंजा थाना प्रभारी ने थाना दिवस पर फरियादियों की सुनी फरियाद

* थाना समाधान दिवस में 14 शिकायतों में महज़ 4 का निस्तारण
* शेष फरियादियों को आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही सभी शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा

जन एक्सप्रेस | पीयूष द्विवेदी

**इटौंजा, लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना समाधान दिवस में फरियादियों ने 14 शिकायतें की, जिसमें से चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। श्री रामचंद्र निवासी भिखारीपुर मेडबंदी की शिकायत की तथा देशराज पुत्र छंगा ने शिकायत की खेत में मौके पर जमीन कम है। वहीं मोतीलाल निवासी भवानीपुर ने शिकायत की। मौके पर चार शिकायतों का निस्तारण हो गया तथा शेष फरियादियों को आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही सभी शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। ज्यादातर शिकायते राजस्व विभाग संबंधित हुई। वहीं इस मौके पर इटौंजा थाना अध्यक्ष सर्वेश कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी, उपनिरीक्षक पंकज मिश्रा, नायाब तहसीलदार रूचि गुप्ता, कानूनगो राजेन्द्र प्रसाद, लेखपाल सत्यपाल सहित फरियादी मौजूद रहें।

## सचिव युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल ने विजयी कलाकारों को वितरित किया पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र

* राज्य युवा उत्सव के विजेता कलाकार राष्ट्रीय युवा उत्सव में प्रतिभाग करेंगे

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे राज्य युवा उत्सव में प्रदेश के कलाकारों द्वारा युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दलमहानिदेशालय, पुरानी जेल रोड, उत्तर प्रदेश, लखनऊ में अन्तिम दिवस अपनी सांस्कृतिक विधाओं का शानदार प्रदर्शन किया गया। यह राज्य युवा उत्सव 21 से 23 दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा था। इस कार्यक्रम में प्रदेश के 18 मण्डलों के जनपदों से 600 विजयी कलाकारों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

राज्य युवा उत्सव में लोकनृत्य, लोकगीत, फोटोग्राफी, पोस्टर मेकिंग, डिक्लेमेशन एवं थीमैटिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। समापन समारोह में लोकनृत्य विधा के अन्तर्गत आगरा मण्डल द्वारा मयूर और होलिका नृत्य पर गोरखपुर मण्डल एवं वीणा पाणी संस्थान, महोबा द्वारा एक भारत-श्रेष्ठ भारत पर थीमैटिक विधा के अन्तर्गत अपनी प्रस्तुति दी गयी। होली एवं झांसी मण्डल द्वारा राई नृत्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया।समापन अवसर पर सचिव,महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल सुहास एलवाई द्वारा विजयी कलाकारों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवा मित्रों को सफलता पाने के लिए जी-जान से कोशिश करना चाहिए। सफलता से ज्यादा सफलता की यात्रा महत्वपूर्ण है।राज्य युवा उत्सव के विजेता कलाकार 12 से 16 जनवरी तक युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती के अवसर पर नासिक, महाराष्ट्र में आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय युवा उत्सव में प्रतिभाग करेंगे।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक, युवा कल्याण अशोक कनौजिया सहित कार्यक्रम की नोडल अधिकारी के रूप में विभाग के उप निदेशक मेघना सोनकर, विवेकचन्द्र श्रीवास्तव, अजय कुमार त्रिवेदी, अरविन्द स्वरूप कुशवाहा, मनोज कुमार, अजातशत्रु शाही, संदीप कुमार, संजय सिंह एवं विशेष कार्याधिकारी सीपी सिंह उपस्थित रहे।

## दावोस में पहली बार प्रदर्शित होगी यूपी पैवेलियन, मंत्री बोले, एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था बनाने पर जोर

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा है कि दावोस में विश्व आर्थिक मंच के सम्मेलन से उत्तर प्रदेश में एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने के लिए दिशा मिलेगी। उत्तर प्रदेश पहली बार विश्व आर्थिक मंच के सम्मेलन में शामिल हो रहा है। उन्होंने कहा कि दावोस में पहली बार उत्तर प्रदेश पैवेलियन प्रदर्शित किया जा रहा है जिससे पूरी दुनिया के लोग यहां के औद्योगिक विकास और संस्कृति की झलक से रूबरू हो सकेंगे। इसके जरिये दुनिया भर के निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करने का प्रयास किया जाएगा। नंदी ने शुक्रवार को पिकप भवन में दावोस (स्विटजरलैंड) में 14 से 20 जनवरी 2024 तक होने वाली विश्व आर्थिक मंच की बैठक के लिए तैयारियों की समीक्षा की। विश्व आर्थिक मंच की बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल शिरकत करेगा। प्रतिनिधिमंडल में नंदी के अलावा वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह और मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह शामिल हैं। उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधिमंडल 14 जनवरी को दावोस पहुंचेगा। नंदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को 2027 तक एक ट्रिलियन



डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य हासिल करने के लिए यह एक अच्छा एवं उपयुक्त मंच साबित होगा। इसमें पहली बार उत्तर प्रदेश का स्टेट पैवेलियन प्रदर्शित किया जाएगा। हमारा मकसद वैश्विक सीईओ और अन्य बड़े निवेशकों के सामने उत्तर प्रदेश को एक आकर्षक निवेश स्थल के रूप में प्रस्तुत करना है ताकि दुनिया भर के निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित किया जा सके। नंदी ने निर्देश दिए कि राज्य सरकार के पैवेलियन में उत्तर प्रदेश के कारोबारी माहौल व यहां की संस्कृति दोनों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए। उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास और कारोबारी सहूलियतों के लिए लागू की गई नीतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पैवेलियन में एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) का सुंदर ढंग से प्रस्तुतिकरण किया जाना चाहिए ताकि पैवेलियन में आने वाले लोगों को सुखद अनुभूति हो। ऐसी व्यवस्थाएं की जाएं जिससे पैवेलियन में आने वाले वैश्विक सीईओ और अन्य प्रमुख लोगों के बीच उत्तर प्रदेश की अच्छी छवि बने। बैठक में प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अनिल सागर व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) एक स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था का एजेंडा निर्धारित करता है। विश्व आर्थिक मंच वैश्विक, क्षेत्रीय और उद्योग एजेंडा को आकार देने के लिए व्यापार, तकनीकी, राजनीतिक, शैक्षणिक और समाज के अन्य नेताओं को शामिल करता है। दावोस सम्मेलन में 1000 से अधिक वैश्विक सीईओ, उद्योगों के नेतृत्वकर्ता, तकनीकी विशेषज्ञ, राष्ट्राध्यक्ष और शासनाध्यक्ष शिरकत करेंगे। भारत सरकार की ओर से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, हरदीप सिंह पुरी और श्री अश्वनी वैष्णव विश्व आर्थिक मंच की बैठक में शामिल होंगे।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# इंडिया गठबंधन को स्वीकार नहीं राहुल का नेतृत्व

**बीती 3 दिसंबर को विधानसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा हुई। मल्लिकार्जुन खड़गे ने 6 दिसंबर को इंडी अलायंस की बैठक की चौथी बैठक की घोषणा की। लेकिन ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार ने कोई न कोई बहाना लगाकर बैठक में आने से इंकार कर दिया। असल में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल दलों समाजवादी पार्टी, जनता दल यूनाइटेड, राष्ट्रीय लोकदल में सीटों के बंटवारे को लेकर तनातनी हुई थी। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेताओं के बीच शर्मनाक बयानबाजी खूब चर्चा में रही थी।**

*इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस यानी इंडिया की चौथी बैठक दिल्ली में संपन्न हो गई। इस बैठक से उम्मीद थी कि गठबंधन अपना संयोजक या फिर प्रधानमंत्री पद के चेहरे को लेकर कोई निर्णय ले सकता है। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। छह महीने में चार बैठकें करने बावजूद गठबंधन के दल साथ चलने, बीजेपी को हराने की हवा हवाई बातों से ज्यादा कुछ कर नहीं पाए हैं। लेकिन इस बैठक में एक खास बात हुई कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया। ममता का समर्थन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया। हालांकि इस मुद्दे पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका। लेकिन ममता बनर्जी और केजरीवाल ने बड़ी चालाकी से खरगे का नाम आगे करके राहुल गांधी के नेतृत्व को खारिज कर दिया। मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता समझते हुए खरगे ने कहा, पहले जीतें, फिर देखेंगे। इस मसले पर भले ही कोई फैसला नहीं हुआ, लेकिन ममता और केजरीवाल ने राहुल की पीएम पद की दावेदारी को तो डाउन कर दिया। बीजेपी को सत्ता से बाहर करने की नीयत से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गठबंधन के गठन के लिए भागदौड़ की थी। नीतीश के प्रयासों के चलते ही बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की पहली बैठक हुई थी। इसके बाद बेंगलुरु और मुंबई में दूसरी और तीसरी बैठक हुई। लगभग छह महीने में गठबंधन की चार बैठकें हुई। पहली बैठक से ही कांग्रेस अपने को ऐसे पेश कर रही थी कि, विपक्षी दल उसके प्रयासों से एकजुट हुए हैं। कांग्रेस ने हर बैठक में अपना हाथ और एजेंडा ऊपर रखा। कांग्रेस ने ऐसे प्रोजेक्ट किया कि इस गठबंधन को लीड करेगी और राहुल गांधी गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री का चेहरा होंगे। गठबंधन में शामिल कई दल राहुल गांधी के चेहरे और नाम पर सहमत नहीं थे। वो स्वयं को प्रधानमंत्री पद का सशक्त दावेदार समझते हैं। कर्नाटक में शानदार जीत के बाद कांग्रेस का उत्साह सातवें आसमान पर था। 13 मई को कर्नाटक चुनाव नतीजों के ठीक एक महीना दस दिन बाद यानी 23 जून को विपक्षी गठबंधन की पहली बैठक हुई। पहली बैठक में ही संयोजक, सीट शेयरिंग आदि मुद्दों पर सुगबुगाहट शुरू हो गई थी। विपक्षी पार्टियों के नेताओं की दूसरी बैठक जुलाई को बेंगलुरु में हुई थी जहां गठबंधन का नाम इंडिया गठबंधन होगा, इस बात का ऐलान किया गया था। गठबंधन की तीसरी बैठक शिवसेना की मेजबानी में इस साल 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में हुई थी। इस बैठक में गठबंधन की कोआर्डिनेशन कमेटी का गठन हुआ था। कोऑर्डिनेशन कमेटी की भी एक बैठक हुई थी। हालांकि, वह बैठक पांच राज्यों के चुनाव कार्यक्रम के ऐलान से पहले हुई थी। इन तीन बैठकों में कांग्रेस जानबूझकर सीट शेयरिंग और संयोजक के नाम के अहम मुद्दे का टालती रही। कांग्रेस की मंशा यह थी कि पांच राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव के बाद इन मसलों पर बात की जाएगी। असल में कांग्रेस को पूरी उम्मीद थी कि कर्नाटक की भारी जीत और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से उसके पक्ष में माहौल बना हुआ है, और वो इन राज्यों में शानदार जीत हासिल करेगी। विधानसभा चुनाव में जीत के बाद उसका पलड़ा भारी होगा और वो अपने शर्तों के हिसाब से गठबंधन में शामिल दलों से तमाम मुद्दों पर तोल-मोल कर सकेगी।*

## एक्सप्रेस आलेख

लघु भारत कहे जाने वाले सूरीनाम में भारतवंशी चंद्रिका प्रसाद संतोखी राष्ट्रपति हैं। संतोखी ने पूर्व सैन्य तानाशाह देसी बॉउटर्स की जगह ली है। संतोखी देश के न्यायमंत्री व प्रोग्रेसिव रिफॉर्म पार्टी (पीआरपी) के नेता रहे हैं। अगर बात ब्रिटेन की मौजूदा संसद की कर लें तो वहां प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के अलावा 15 भारतवंशी सांसद हैं। इनमें से सात कंजरवेटिव पार्टी से और इतने ही लेबर पार्टी से हैं। कनाडा की संसद में भी भारतीय भरे हुए हैं। कनाडा में कुछ हद तक स्थिति अलग है। वहां पर चंद खालिस्तानी तत्व भी भारत को बदनाम करने की लगातार चेष्टा करते रहते हैं। पर भारत को शक्ति मिलती है उन अनाम भारतीयों से जो देश के प्रति अपनी निष्ठा और प्रेम का परिचय देते रहते हैं।

# भारत का खजाना भरते सात समंदर पार बसे भारतीय



आर.के. सिन्हा

**अगर बात सिखों की करें तो उके लिए भारत तो उनका गुरुघर है। यही स्थिति बौद्धों और जैन धर्मावलम्बियों के साथ भी है। सनातनी हिंदुओं तो भारत के अलावा कुछ दिखाई ही नहीं देता है। इसलिए इनकी भारत के प्रति निष्ठा सदैव बनी रहती ही है। भारत सिखों के लिए एक पवित्र भूमि है।**

अपने वतन से सात समंदर दूर कामकाज के लिए गए भारतीयों ने देश के खजाने को लबालब भर दिया है। उन्होंने चालू साल 125 बिलियन डॉलर यानी करीब 136 अरब रुपये भारत में भेजे। विश्व बैंक की हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत से बाहर रहने वाले लाखों भारतीयों ने साल 2022 की तुलना में 11 फीसद अधिक धन चालू साल में स्वदेश भेजकर अपने देश से प्रेम का सशक्त परिचय दिया। भारत के बाद मेक्सिको और चीन को अपने देशवासियों से पैसा मिला। हालांकि, भारत की तुलना में इन दोनों देशों को अपनी आबादी के अनुपात में बहुत कम धन मिला। मेक्सिकों को 67 बिलियन और चीन को मात्र 50 बिलियन डॉलर मिले। बात बहुत साफ है कि संसार के कोने-कोने में रहने वाले भारतीयों ने अपने देश के खजाने को अपने धन से लबालब भर दिया है। यह उनकी अपनी मातृभूमि के प्रति अद्भुत प्रेम दर्शाता है। भारतीय संसार के किसी भी भाग में चल जाएं पर उनकी पहचान भारतीय के रूप में ही होती है। उन्हें भारत से बाहर बसने के सालों, दशकों तो छोड़िए, कई पीढ़ियों के बाद भी भारतीय ही माना जाता है। भारतीय अफ्रीका, कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन त्रिनिदाद, गुआना, मारीशस,फिजी आदि देशों में बसने के बाद भी अपने को भारत से कभी दूर नहीं कर पाते। भारतीय अपने खानपान तथा वेशभूषा के स्तर पर भी सदा भारतीय ही बने रहते हैं। दिवाली और होली, रक्षा बंधन, छठ, करवा चौथ, नवरात्र, शादी समारोह आदि अवसरों पर भारतीय महिलाएं आमतौर पर साड़ी ही पहनती हैं। इनके घरों में ज्यादातर भारतीय व्यंजन ही पकते हैं। लेकिन, ये जिस देश में भी जाकर बसे वहां की भाषा, खानपान और वेशभूषा को भी आसानी से अपना लेते हैं। आप रविवार को किसी भी चर्च में जाकर देख लें। वहां पर आपको साड़ी पहन कर आईं मसीही स्त्रियां मिलेंगी। यही दृश्य मंदिरों में भी मिलेगा। यानी वेश-भूषा हरेक भारतीय की एक जैसी ही है। आपको भारतीय खाड़ी के देशों के कठिन हालातों से लेकर अमेरिका, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और यूरोप के तमाम देशों में आई टी सेक्टर से लेकर तमाम दूसरे कामों को करते हुए मिलेंगे। चूंकि आमतौर पर भारतीय मितव्ययी होते हैं, इसलिए वे कमाकर पैसा अपने देश भेज देते हैं।



**शेष भारतवंशियों के संबंध में और भारत में जन्में धर्म मानने वालों के बारे में भी कमोबेश यही कहा जा सकता है। एक बात पर गौर करें कि भारतवंशी विदेशों में बसे चीनियों की तुलना में उन देशों में सियासत भी करते हैं, जहां पर जाकर भारतवंशी बस जाते हैं।**

जाहिर है, उनके भेजे धन से देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। तो कहना होगा कि भारत की मजबूत आर्थिक सेहत के लिए हमारे उन अनाम भारतीयों का भी कम बड़ा योगदान नहीं है जो हर साल भारत में पैसा भेजते हैं। हालांकि आमतौर पर मीडिया में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा या केन्या के हॉकी के महान खिलाड़ी अवतार सिंह सोहल जैसों की ही चर्चा होती है। बेशक, भारत के बाहर बसे सारे भारतीय ही सही माने में हमारे ब्रांड एंबेसेडर भी हैं। इनकी वजह से ही विदेशी मूल के परिवारों में भारत के प्रति और भारतीय रस्म रिवाजों के प्रति झुकाव बढ़ता चला जा रहा है ढ्ढ कल रात मैं दिल्ली में छतरपुर के पास एक विवाह समारोह में गया। लड़का बंगाली है और लड़की आयरिश। लेकिन जब वर-वधु मेरा पैर छूने आये तो साड़ी-गहनों में सजी सिंदूर से मांग भरी लडकी को देखता ही रह गया। मजे की बात तो यह रही की आयरिश दुल्हन को आयरलैंड से आये हुये उनके पिता और लड़की के दो बड़े भाई मुझसे मिलवाने को ले आये। इसी तरह पिछले माह मुझे एक बिहारी लड़के की शादी में आमंत्रित किया गया था जो कि एक आस्ट्रिया की लड़की से शादी कर रहा था। ये सब भारतीयों के प्रति आकर्षण दर्शाती हैं। इन प्रवासी भारतवंशियों के हितों को लेकर केन्द्र और राज्य सरकारों को भी हमेशा नई-नई योजनाओं को लाते रहना चाहिए। उन्हें उनके निवेश पर बेहतर रिटर्न भी दिया जाये, ताकि वे अधिक से अधिक धन देश में भेजते रहें। जिस मुल्क का विदेशी मुद्रा भंडार भरा होता है, वह उतनी ही तेजी से प्रगति की राह पर बढ़ता है। असली बात यह है कि देश में पैसा आना चाहिए। पैसा चाहे अमेरिका की सिलिकॉन वैली में काम करने वाले भारतीय आई टी इंजीनियर भेज रहे हों या फिर दुबई या खाड़ी के किसी भाग में काम करने वाले कुशल-अकुशल मजदूर। भारत में धन की आवक अमेरिका से लेकर खाड़ी देशों में बसे हुए भारतीयों की मार्फत खूब हो रही है। यह तो सबको पता ही है कि भारत के बाहर से पैसा आने से देश में इंफ्रास्ट्रक्चर को और बेहतर करना संभव हो पाता है और देश का इंफ्रास्ट्रक्चर जितना मजबूत होगा, उतने ही ज्यादा उद्योग-धंधे लगेंगे और रोजगार के अवसर बढेंगें । एक बात समझने की है कि यह भी ध्यान रखा जाए कि भारतवंशियों या प्रवासी भारतीयों (एनआईआई) के लिए भारत एक भौगोलिक वास्तविकता मात्र नहीं है। अगर बात सिखों की करें तो उके लिए भारत तो उनका गुरुघर है। यही स्थिति बौद्धों और जैन धर्मावलम्बियों के साथ भी है। सनातनी हिंदुओं तो भारत के अलावा कुछ दिखाई ही नहीं देता है। इसलिए इनकी भारत के प्रति निष्ठा सदैव बनी रहती ही है। भारत सिखों के लिए एक पवित्र भूमि है। शेष भारतवंशियों के संबंध में और भारत में जन्में धर्म मानने वालों के बारे में भी कमोबेश यही कहा जा सकता है। एक बात पर गौर करें कि भारतवंशी विदेशों में बसे चीनियों की तुलना में उन देशों में सियासत भी करते हैं, जहां पर जाकर भारतवंशी बस जाते हैं। यह नए देश की सियासत में आसानी से सक्रिय हो जाते हैं। इधर कुछ सालों में यह भी देखा जा रहा है कि अन्य देशों में बस गए भारतीय किसी एक दल या नेता के साथ नहीं होते। वे लगभग सभी दलों में होते हैं। इसका उदाहरण मारीशस से ले सकते हैं।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | त्रयोदशी 29:55 तक |
| नक्षत्र: | कृत्तिका 21:19 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | रविवार |
| योग: | सिद्ध, 07:17 |
| सूर्योदय: | 07:11 |
| सूर्यास्त: | 17:29 |
| चंद्रमा: | वृषभ राशि में |
| राहुकाल: | 16:12-17:29 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्त: | 11:59 - 12:41 |

## जन एक्सप्रेस

### खूब हो रही बैठक !

*चिंतन मंथन चल रहा ।*
*हो कैसे सुधार ?*
*रूठ गई है जनता ।*
*ना करती उपकार ।।*
*कायाकल्प हो पुनः ।*
*है ऐसा प्रयास ।।*
*जनता को नहीं आया पर ।*
*कार्यशैली रास ।।*
*खूब हो रही बैठक ।*
*नहीं निकलता हल ।।*
*ले रहे संकल्प ।*
*उत्तम करना कल ।।*
*कहां हो रही गलती ।*
*नहीं समझ ये आया ।।*
*है लेकिन ये सत्य ।*
*हो रहा सफाया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*संबंधों की संवेदना। किसी बात को पूरा कर पाना संभव नहीं हो पाता समय और कालखंड के साथ। संबंधों की गर्माहट हमेशा ताजगी लिए हुए नहीं रह पाती। पानी की लहरों की तरह आकार रहित होते अलग-अलग गर्म और रीते हुए संबंध, नाम दे देना बहती हवाओं, लहराती पानी की लहरों को*

*किसके बस की बात है, आकार रहित एहसासों को नाम देना भी एहसासों को खो देना होता है। किसी खूबसूरत मखमली रिश्ते को नाम देना बेमानी होगा नर्म एहसास को ख्वाबों की तरह महसूस करने को, हमारी पहल तो है पर शायद उन पर जुल्म होगा बहुत यह जाहिर करना कि मेरे उससे संबंध है पानी की लहरों की तरह सीमा रहित दूर तक चले जाने वाले बुलबुलों की तरफ, लहरों का अस्तित्व नहीं होता।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*रुकावट आती है सफलता की राह में यह कौन नहीं जानता फिर भी वह मंजिल पा लेता है जो कभी हार नहीं मानता*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# फ्रेश एलोवेरा लगाने से त्वचा पर हो जाती है खुजली



**एलोवेरा** का इस्तेमाल लगभग हर घर में किसी न किसी रूप में होता है। औषधीय गुणों से भरपूर एलोवेरा के अनेक फायदे होते हैं, इसका जूस पीने से स्वास्थ्य बेहतर होता है, वहीं अगर एलोवेरा का इस्तेमाल चेहरे और बालों के लिए किया जाए तो अच्छा रिजल्ट मिलता है। लेकिन कुछ लोगों को ताजा एलोवेरा लगाने के बाद चेहरे पर खुजली और लाल चकत्ते होने लगते हैं। ऐसे में लोग एलोवेरा को चेहरे पर लगाना बंद कर देते हैं।

**एलोवेरा लगाने के बाद खुजली क्यों होती है?:** एलोवेरा एक ऐसी हर्ब है जिसके अनेक फायदे हैं लेकिन कई बार लोग इसे गलत तरीके से इस्तेमाल कर लेते हैं, जिसके कारण चेहरे पर खुजली की समस्या हो सकती है। अगर आपके घर में एलोवेरा है तो आपने इस बात पर गौर किया होगा कि जब आप एलोवेरा तोड़ते हैं तो तुरंत ही इससे एक पीले रंग का पदार्थ रिसने लगता है। इस पीले पदार्थ को एलो लेटेक्?स कहते हैं, जो कि आपकी स्किन पर खुजली और लाल चकत्ते की वजह बनता है। कई बार लोग एलोवेरा को तोड़ने के बाद तुरंत ही इसके अंदर के जेल को निकालकर इस्तेमाल करने लगते हैं, ऐसे में एलो लेटेक्स भी इस जेल में मिल जाता है और फिर स्किन पर खुजली की समस्या होने लगती है। एलोवेरा में कई ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो आपकी स्किन और बालों को हेल्दी बनाने में मदद कर सकते हैं। आइए जानते हैं एलोवेरा को इस्तेमाल करने का सही तरीका क्या है।

### एलोवेरा से खुजली कैसे खत्म करें

- अगर आप फ्रेश एलोवेरा इस्तेमाल कर रहे हैं तो सबसे पहले इसकी पत्ती को तोड़ने के बाद पानी से अच्छे से साफ करें।
- पानी के धोने के बाद एलोवेरा की पत्ती को टुकड़ों में काट लें।
- अब एक बाउल में पानी भरकर इसमें कटा हुए एलोवेरा डालकर कम से कम 30 मिनट के लिए रखें।
- 30 मिनट बाद आप देखेंगे कि एलोवेरा से निकलने वाला पीला पदार्थ पानी में मिल चुका है।
- एक बार फिर एलोवेरा को निकालकर अच्छे से पानी से धोएं।
- पानी से दोबारा एलोवेरा धोने के बाद इसे छीलकर अंदर दिखने वाला जेल निकालें और इस्तेमाल करें।
- अगर आप एलोवेरा जेल को स्टोर करते हैं तो उससे पहले भी इसी प्रोसेस को फॉलो करें।

## एक्सप्रेस विशेष

# राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस: चीटिंग छोटी हो बड़ी, जाएं कंज्यूमर कोर्ट



योगेश कुमार गोयल

**शोषण से मुक्ति पाने के लिए सबसे जरूरी है कि आप जो भी वस्तु, सेवा अथवा उत्पाद खरीदें, उसकी रसीद अवश्य लें। यदि आपके पास रसीद के तौर पर कोई सबूत ही नहीं है तो आप अपने मामले की पैरवी सही ढंग से नहीं कर पाएंगे।**

**ऐसी ही छोटी-बड़ी समस्याओं का सामना जीवन में कभी न कभी हम सभी को करना पड़ता है लेकिन अधिकांश लोग अपने अधिकारों की लड़ाई नहीं लड़ते। इसका प्रमुख कारण यही है कि देश की बहुत बड़ी आबादी अशिक्षित है, जो अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति अनभिज्ञ है। हालांकि जब शिक्षित लोग भी अपने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति उदासीन नजर आते हैं तो हैरानी होती है।**

**देश** में प्रतिवर्ष 24 दिसंबर को उपभोक्ता हितों और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए 'राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस' मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उनके हितों के लिए बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियमों तथा उनके अंतर्गत आने वाले कानूनों की जानकारी देना है। दरअसल ऑनलाइन खरीदारी हो या ऑफलाइन, ग्राहकों को कई बार सामान की गड़बड़ी अथवा अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है और इसी तरह की समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने तथा उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। हालांकि वर्ष 2020 तक विभिन्न ई-कॉमर्स साइटों से ऑनलाइन खरीदारी को लेकर उपभोक्ताओं को कोई संरक्षण प्राप्त नहीं था लेकिन उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) में ई-कॉमर्स को भी दायरे में लाकर उपभोक्ताओं को और मजबूती देने का प्रयास किया गया। पुराना उपभोक्ता संरक्षण कानून करीब साढ़े तीन दशक पुराना हो चुका था, जिसमें समय के साथ बड़े बदलावों की जरूरत महसूस की जा रही थी। इसीलिए ग्राहकों के साथ अक्सर होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए 20 जुलाई 2020 को 'उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019' (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई प्रावधान शामिल हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस वास्तव में उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत मुम्बई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर 9 दिसंबर, 1986 को उपभोक्ता संरक्षण विधेयक पारित किया गया, जिसे राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बार 24 दिसंबर 1986 को देशभर में लागू किया गया। पिछले कई वर्षों से भारत में प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें। उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अगर उपभोक्ताओं का शोषण होने और ऐसे मामलों में उनके द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण लिए जाने के बाद मिले न्याय के कुछ मामलों पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता अदालतों का उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण में क्या योगदान है। एक उपभोक्ता ने एक दुकान से बिजली का एक पंखा खरीदा लेकिन एक वर्ष की गारंटी होने के बावजूद थोड़े ही समय बाद पंखा खराब होने पर भी जब दुकानदार उसे ठीक कराने या बदलने में आनाकानी करने लगा तो उपभोक्ता ने उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने अपने आदेश में नया पंखा देने के साथ उपभोक्ता को हर्जाना देने का भी फरमान सुनाया। एक अन्य मामले में एक आवेदक ने सरकारी नौकरी के लिए अपना आवेदन अंतिम तिथि से पांच दिन पूर्व ही स्पीड पोस्ट द्वारा संबंधित विभाग को भेज दिया लेकिन आवेदन निर्धारित तिथि तक नहीं पहुंचने के कारण उसे परीक्षा में बैठने का अवसर नहीं दिया गया। आवेदक ने डाक विभाग की लापरवाही को लेकर उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया और उसे न्याय मिला। चूंकि स्पीड पोस्ट को डाक अधिनियम में एक आवश्यक सेवा माना गया है, इसलिए उपभोक्ता अदालत ने डाक विभाग को सेवा शर्तों में कमी का दोषी पाते हुए डाक विभाग को मुआवजे के तौर पर आवेदक को एक हजार रुपये की राशि देने का आदेश दिया।

# पेयजल परियोजना कोल्हुआ का जल शक्ति मंत्री ने किया उद्घाटन

* लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में 05 लाभार्थियों को वितरित किये स्वीकृति पत्र

जन एक्सप्रेस । बहराइच




जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर आये मंत्री, जल शक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) स्वतन्त्र देव सिंह ने शुक्रवार को देर शाम पयागपुर क्षेत्र के ग्राम कोल्हुवा में जल जीवन मिशन ''हर घर जल कार्यक्रम'' के तहत रू. 307.07 लाख की लागत से निर्मित ग्राम कोल्हुआ पाइप पेयजल परियोजना का उद्घाटन किया। इसके पूर्व मंत्री श्री सिंह ने स्थलीय निरीक्षण किया तथा पानी टंकी का पूजन कर पेयजल परियोजना का शुभारम्भ किया। पेयजल परियोजना के निरीक्षण के दौरान अधि.अभि. जल निगम कमला शंकर ने बताया कि परियोजना के तहत प्रस्तावित 01 अदद ट्यूबवेल, पम्पिंग एवं क्लोरीन प्लांट, 22 किलोवाट का सोलर प्लान्ट, 225 किलो लीटर क्षमता की 12 मी. स्टेजिंग का आर.सी.सी. शिरोमणि जलाशय, 40 मी. राईज़िंग मेन 150 एमएम, 7.357 कि.मी. वितरण प्रणाली, 01 अदद पम्प हाउस एवं क्लोरीनेटिंग रूम व बाउण्ड्री वाल व गेट का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। श्री शंकर ने बताया कि पाईप पेयजल परियोजना के तहत कोल्हुआ, राजाभार एवं सोहनी में 684 अदद हाउस कनेक्शन निर्गत किये गये हैं। अधि.अभि. श्री शंकर ने बताया कि यहां पर सोलर यूनिट के साथ जनरेटर की सुविधा भी उपलब्ध है ताकि 24 घण्टे विद्युत की आपूर्ति बनी रहे। मा. मंत्री श्री सिंह ने परियोजना का निरीक्षण करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि मानक के अनुसार पेयजल परियोजना का संचालन करते हुए ग्रामवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि परियोजना अन्तर्गत आच्छादित ग्रामवासियों को पाईप लाइन परियोजना के माध्यम से आपूर्ति स्वच्छ पेयजल को खाने-पीने में उपयोग के लिए प्रेरित करें। श्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि मार्ग पुर्नस्थापना का कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं। पेयजल परियोजना के उद्घाटन के पश्चात मंत्री श्री सिंह ने लाभार्थी संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अन्तर्गत उथले, मध्यम गहरे एवं गहरे नलकूप योजना से लाभान्वित किसानों के साथ संवाद करते हुए लाभार्थियों से फीड बैक प्राप्त किया तथा 05 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध केन्द्र व राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल सके इसके लिए जगह-जगह पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े। उन्होंने लोगों को स्वच्छता अपनाने की नसीहत करते हुए कहा कि अपने घर व गांव को साफ-सुथरा रखें। इस अवसर पर अधि.अभि. लघु सिंचाई विजय कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में लाभार्थी व ग्रामवासी मौजूद रहे।

# दलितों और किसानों के सच्चे हितैषी थे चौधरी चरण सिंह



* 121वीं जयंती पर सेनानी भवन के सभागार में आयोजित किया गया श्रद्धांजलि कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । बहराइच

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 121 वीं जयंती शनिवार को सेनानी भवन के सभागार में मनाई गई। इस मौके पर स्वतंत्रता सेनानियों के उत्तराधिकारियों ने किसान पुत्र एवं महान स्वतंत्रता सेनानी चौधरी चरणसिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संरक्षक अनिल त्रिपाठी ने कहा कि वे भारतीय राजनीति के जुझारू नेता थे और स्वतंत्रता आन्दोलन से लेकर किसानों की समस्या पर संघर्ष उनकी प्राथमिकता थी, अपने इन्हीं कार्यों से वो एक साधारण किसान के यहां जन्म लेकर देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचे। प्रदेश कार्यवाहक महामंत्री रमेश कुमार मिश्र ने कहा कि उच्च जाति में पैदा होने के बावजूद उन्होंने दलित, मजदूर, पिछड़ों और किसानों के लिए अधिनायकवादी सत्ता के खिलाफ जो संघर्ष किया वो उनके उच्च आदर्शों की प्रतीक बनी, उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन भारतीयता, और ग्रामीण परिवेश की मर्यादा में जिया। ब्लाक अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने 1928 में गाजियाबाद में वकालत शुरू किया, पूज्य बापू महात्मा गांधी से प्रेरित होकर वकालत छोड़ गाजियाबाद में कांग्रेस कमेटी का गठन किया, और 1930 में बापू के सविनय अवज्ञा आन्दोलन में भाग लिया। महामंत्री आदित्य भान सिंह ने उनके स्वतंत्रता आंदोलन में सहयोग, उनके द्वारा लिखी गई पुस्तक ÷शिष्टाचार÷एवं उनके द्वारा जमींदारी उन्मूलन में सहयोग पर चर्चा की। अन्त में उपस्थित सेनानी उत्तराधिकारियों ने उनके आदर्शों पर चलकर देश और समाज की सच्ची सेवा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अब्दुल कय्यूम, विनोद कुमार शुक्ल,जानकी प्रसाद शुक्ल, पवन सिंह, रवि जायसवाल, रवि प्रताप सिंह सहित तमाम देश भक्त मौजूद रहे।

# शौच को गए अधेड़ को जंगली हाथी ने कुचलकर मार डाला

जन एक्सप्रेस । बहराइच

* वन विभाग ने दी पांच हजार की अहेतुक सहायता, डब्ल्यू डब्ल्यू एफ देगा दस हजार की सहायता

जिले के गिरिजापुरी में शुक्रवार की रात नौ बजे खेत में शौच के लिए गए एक अधेड़ को जंगली हाथी ने कुचलकर मार डाला। काफी देर तक जब अधेड़ वापस नहीं लौटा तो परिवार के लोगों ने तलाश शुरू की। शनिवार की सुबह अधेड़ का क्षत-विक्षत शव पाया गया।शनिवार की सुबह कतर्नियाघाट रेंज के वन रेंजर ने अहेतुक सहायता प्रदान की है। वन विभाग का पत्र मिलने के बाद डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की ओर से भी पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दी जाएगी। उधर हाथियों के हमले में मौत के बाद कतर्निया घाट रेंज में हाथी बचाव दल ने मोर्चा संभाल लिया है। हाथियों से बचाव के तरीके बताते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। जिले के सुजौली थाना अंतर्गत गिरिजापुरी सिंचाई कॉलोनी के डी ब्लॉक निवासी 52 वर्षीय देवेश्वर पुत्र लक्ष्मण प्रसाद सिंचाई विभाग में दिहाड़ी चौकीदारी व रखवाली का काम करते थे। देवेश्वर अपने भतीजे राकेश के परिवार के साथ रहते थे। प्रतिदिन की तरह देवेश्वर शुक्रवार रात 9ः00 के आसपास नित्य क्रिया के लिए आवास के सामने जंगल के किनारे लगी झाड़ियों के पास गए, लेकिन वापस नहीं लौटे। काफी देर तक न लौटने पर परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन जब परिवारीजन कॉलोनी के लोगों के साथ खोज कर रहे थे तभी हाथियों की चिंघाड़ सुनाई पड़ी। अंधेरा होने के साथ जंगल का क्षेत्र होने के कारण रात में परिवार के लोग ज्यादा दूर तक खोज नहीं कर सके। शनिवार सुबह देवेश्वर का शव क्षत-विक्षत हालत में झाड़ियों में मिला। विधिक औपचारिकताएं वन विभाग और पुलिस ने पूरी की। मौके पर पहुंचे वन क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार ने उच्च अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद शनिवार शाम को रेंजर अनूप कुमार टीम के साथ मृतक के घर पहुंचे, घटना के मामले में परिवार को सांत्वना देते हुए वन विभाग की ओर से ?5000 की अहेतुक सहायता प्रदान की। इस मौके पर मौजूद डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हसन ने बताया कि हाथी के हमले में मौत के मामले में वन विभाग से पत्र मिलने के बाद मृतक के परिवार को डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की ओर से भी 10000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उधर हाथी के हमले में देवेश्वर की मौत के बाद क्षेत्र के लोग दहशत में है वही वन विभाग घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सक्रिय हो गया है, वन क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार ने बताया कि सुबह की घटना के बाद हाथी बचाव दल की टीम को एक्टिव कर दिया गया है, टीम ने भी मोर्चा संभाल लिया है। इस दौरान वन दारोगा मयंक पांडेय, वन रक्षक अब्दुल सलाम, वाचरों की टीम के साथ एसटीपीएफ के जवान भी मौजूद रहे।

# सरदार पटेल इंटर कॉलेज कैसरगंज में स्काउट गाइड प्रशिक्षण संपन्न

जन एक्सप्रेस । बहराइच

शनिवार को भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद बहराइच के तत्वाधान में सरदार पटेल इंटर कॉलेज कैसरगंज, बहराइच में प्रथम एव द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सिराज अली कादरी वरिष्ठ पत्रकार रहे तथा मुख्य अतिथि बृजेश सिंह राठौर, अजय श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य बीपी यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रशासक पवन कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन कल्लन इदरीसी जिला संगठन आयुक्त स्काउट ने किया। मुख्य अतिथि एवम सभी अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाए गए टेंट हस्त निर्मित वस्तुओं का निरीक्षण किया तथा बच्चों द्वारा बनाए गए लजीज व्यंजन बाटी चोखा का लुत्फ उठाया।और सभी बच्चों के कार्य की सराहना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया साथ ही साथ विद्यालय के भौतिक विज्ञान प्रवक्ता/स्काउट प्रभारी सुरजीत कुमार गुप्ता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को स्काउटिंग गाइडिंग का इतिहास, नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, खोज के चिन्ह, टेंट निर्माण, बिना बर्तन भोजन बनाना विभिन्न प्रकार की तालियों के माध्यम से बच्चों को प्रशिक्षित किया गया। समापन के अवसर अंगद पांडेय ट्रेनिंग काउंसलर, कंचन लता श्रीवास्तव गाइड कैप्टन एवम् समस्त विद्यालय परिवार महेन्द्र प्रताप सिंह, सरिता कसौधन, हिटलर वर्मा, नीरज सिंह उपस्थित रहे।

# पति से विवाद के बाद महिला की मौत, पति पर हत्या का आरोप

जन एक्सप्रेस । बहराइच

* मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जांच शुरू

एक महिला का रात में पति से पारिवारिक मामलों को लेकर विवाद हुआ। सुबह महिला के मायके पक्ष को महिला के मौत की सूचना मिली। मृतका के भाई ने पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चाकूजोत के मजरा गड़रियनपुरवा निवासी सीता देवी (35) का विवाह चंदा नामक युवक से हुआ था। उसके चार बच्चे भी हैं। बच्चों का कहना है कि शनिवार की रात को पारिवारिक मामलों को लेकर सीता देवी का उसके पति चंदा से विवाद हुआ था। विवाद के बाद सीता बच्चों को लेकर अलग कमरे में लेट गई। मायके पक्ष का कहना है कि देर रात इससे पति ने महिला की जमकर पिटाई की। इसके बाद महिला के मायके फोन कर जान से मारने की धमकी दी। कुछ देर बाद पति चंदा ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। मां के मौत की सूचना पाकर बच्चे रोने लगे। सभी ने अपने मामा को घटना की सूचना दी। मायके से मृतक महिला का भाई मनोज कुमार अन्य लोगों के साथ पहुंचा। भाई ने थाने में तहरीर देकर गला दबाकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक आरती वर्मा ने बताया कि महिला की आपसी विवाद में गला दबाकर हत्या की बात सामने आ रही है। केस दर्ज किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिवारीजनों का कहना है कि चाकूजोत गांव निवासी महिला सीता देवी का विवाह 20 वर्ष पूर्व हुआ था। मृत महिला के चार बच्चे हैं। मां की मौत से बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है।

## किशुनपुर मीठा में मनाया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस/बहराइच। शनिवार को किशुनपुर मीठा के विद्यालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग की जमकर क्लास ली।मुख्य अतिथि विधायक महसी ने विभागों के लगे स्टालों को चेक करने के दौरान कोई भी दोपहर के भोजन का मीनू नही बता पाया जिससे शिक्षक को फटकार लगाई। अध्यापक सत्यनारायण शुक्ला का स्वास्थ्य परीक्षण करवाने के निर्देश खंड शिक्षाधिकारी जगन्नाथ यादव को दिया। स्वास्थ्य विभाग के प्रति भी काफी आक्रोशित दिखे।अपने संबोधन के दौरान भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुचाने के लिए कहा ।मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारी सरकार 55 लाख आवास दे चुकी है,दो करोड़ एकसठ लाख शौचालय दे चुकी है लेकिन कुछ लोग शौचालयों में कंडा भूसा रखते है।मेरी उन बेटियों से अपील है कि जिस घर में शौचालय न हो वहां शादी कदापि न करने का संकल्प लें। कार्यक्रम को प्रमुख तेजवापुर रमाकर पांडेय, दिवाकर पांडेय, संत कुमार सिंह जायसवाल, खंड विकास अधिकारी हेमंत यादव ने संबोधित किया।

# परिषदीय विद्यालय के बच्चों को एमडीएम में मिलेगा मशरूम

* शिक्षा विभाग व सुहेलदेव एफपीओ के बीच साईन हुआ एमओयू
* प्रथम चरण में चार ब्लाकों में बच्चों की थाल में सजेगी मशरूम की भाजी

जन एक्सप्रेस । बहराइच



जिले के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को अब मिड डे मील में मशरूम खाने को मिलेगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने जिले के 04 विकास खण्डों में संचालित परिषदीय विद्यालयों में एमडीएम में मशरूम की सब्ज़ी परोसे जाने के लिए किसान दिवस के अवसर पर सुहेलदेव एग्रो कृषक उत्पादक संगठन पयागपुर व शिवा एग्रो कृषक उत्पादक संगठन चित्तौरा के साथ एमओयू साईन किया है। कृषि विभाग व बिल मिलिन्डा गेट्स फाउंडेशन बीएमजीएफ़ के टेकनिकल सपोर्ट यूनिट द्वारा इस कार्य में बेसिक शिक्षा विभाग को सहयोग प्रदान किया जायेगा।
हरियाली रिसार्ट में आयोजित किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी व मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर की मौजूदगी में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी तथा कृषक उत्पादक संगठन पयागपुर व शिवा एग्रो कृषक उत्पादक संगठन चित्तौरा के प्रतिनिधियों के बीच एमओयू साईन किया गया। डीएम ने कहा कि बच्चों की थाल में मशरूम का इज़ाफा होने से बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण में गुणात्मक सुधार होगा। डीएम ने कहा कि 04 ब्लाकों में योजना की सफलता को देखते हुए इसे पूरे जनपद में लागू किया जायेगा। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही सहित अन्य अधिकारी तथा टेकनिकल सपोर्ट यूनिट के अरविंद मिश्रा मौजूद रहे।



## व्यापारी अपहरण कांड के दो आरोपी मुठभेड़ में घायल, पुलिस ने सीएचसी में कराया भर्ती

जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई जिले के व्यापारी अपहरण कांड में अपहरणकर्ता के साथ मुठभेड़ के दौरान भागे उसके तीन साथियों में से दो की मुठभेड़ पुलिस के साथ हो गई। घटना में पुलिस की गोली लगने से बाराबंकी जनपद के मसौली थाना क्षेत्र अंतर्गत बिंधौरा गांव निवासी शोभित वर्मा (21) और हरदोई जनपद के हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के सतौथा गांव निवासी शोभित पाठक (30) घायल हुए हैं। व्यापारी रामजी मिश्रा के अपहरण में इस्तेमाल की गई कार भी बरामद हुई है। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है।

# प्रधान, सचिव, जेई और एडीओ से होगी वसूली

जन एक्सप्रेस । हरदोई

फर्जी अभिलेखों के माध्यम से बिना काम कराए ही किए गए करीब सात लाख के भुगतान के मामले में प्रधान, सचिव, जेई और एडीओ से वसूली होगी। डीएम ने संडीला की ग्राम पंचायत किंहौटी में हुई इस गड़बड़ी पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। प्रधान सहित अन्य दोषी कर्मियों से वसूली की जिम्मेदारी संडीला के कार्यक्रम अधिकारियों को सौंपी गई है। विकास खंड संडीला की गाम पंचायत किंहौटी में मनरेगा मद से कराए गए कामों की जांच में 7,03,094 रुपये की गड़बड़ी पकड़ी गई है। डीएम एमपी सिंह ने पूरे मामले के परीक्षण के बाद प्रधान अरविंद कुमार, पंचायत सचिव अनुराग यादव, फर्जी एमबी करने के लिए दोषी लघु सिंचाई विभाग के जेई मंसूर असलम, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता अनुराग गौतम पर रिपोर्ट के आदेश पहले ही दे दिए हैं। अब उन्होंने दोषियों से वसूली के आदेश दिए हैं। श्रम एवं रोजगार उपायुक्त रवि प्रकाश सिंह ने बताया कि संडीला के कार्यक्रम अधिकारी को मनरेगा अधिनियम के तहत दोषियों से आनुपातिक रूप से वसूली कर राशि नोडल एकाउंट में जमा कराने की जिम्मेदारी दी गई है।

### टेंडर प्रक्रिया में ही मिल गई गड़बड़ी

डीएम को मिली जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि सामग्री खरीदारी के लिए टेंडर प्रक्रिया में ही गड़बड़ी की गई है। टेंडर की जानकारी सार्वजनिक प्रकाशित नहीं कराई गई। बावजूद इसके उमा ट्रेडर्स, नंदा ट्रेडर्स और एसके ट्रेडर्स एंड कांट्रैक्टर्स के लिफाफे मिले। सभी संडीला बीडीओ को संबोधित थे। तीनों ही लिफाफों पर एक की व्यक्ति की हस्तलिपि पाई गई। इससे दूषित टेंडर प्रक्रिया अपनाकर आपूर्ति ली गई है।

### इन फर्मों को कुछ इस तरह किया गया भुगतान

जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि सीताराम के घर से हेमनाथ के घर तक इंटरलॉकिंग के लिए तकनीकी सहायक सादाब सिद्दीकी की ओर से 3.96 लाख रुपये का इस्टीमेट बनाया गया। तकनीकी सहायक को छोड़कर अन्य अधिकारियों के हस्ताक्षर हैं। यहां पर काम कराए बिना ही श्रमांश मद पर 26,838 रुपये श्रमिकों के नाम और सामग्री मद में 3,22,812 रुपये का भुगतान फर्मों को किया गया। कुल 3,49,650 रुपये का भुगतान निकाला गया। ऐसे ही रामविलास के घर से ज्ञान के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण के लिए श्रमांश मद पर श्रमिकों के नाम पर 27,264 रुपये और सामग्री अंश का फर्मों के खातों में 3,26,180 रुपये का भुगतान निकाला गया है। कुल 3,53,444 रुपये का भुगतान फर्जी अभिलेखों से निकाला गया है।

## हत्या के प्रयास के दोषी को सात साल की कैद

जन एक्सप्रेस । हरदोई

करीब साढ़े चार साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए शुक्रवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट के अपर जिला जज कुलदीप सिंह द्वितीय ने हत्या के प्रयास के दोषी को सात साल की सजा सुनाई। साथ ही 12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। निर्णय में कहा है कि जुर्माना न देने पर छह माह की और सजा काटनी होगी। जुर्माना की 50 प्रतिशत राशि पीड़ित को देने को दिए जाने आदेश दिए हैं। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सत्यम तिवारी व कृपाल राठौर ने संयुक्त रूप से बताया कि संडीला कोतवाली क्षेत्र के फत्तेपुर के मजरा टिकराकलां निवासी जवाहर ने 21 जून 2019 को अतरौली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि उनका पुत्र पहाड़ी उर्फ बाले 16 जून 2019 को अतरौली थानाक्षेत्र के गांव बम्हनौआ पेंग निवासी सूरज यादव की शादी में बिहार गया था।

# नगर पालिका निर्मित रैन बसेरो में रुकने वाले लोगों को अच्छी से अच्छी सुविधा मिले: वैभव त्रिपाठी

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



नगर पालिका सीतापुर द्वारा शहर में बनवाये जा रहे रैन बसेरों में अच्छी से अच्छी सुविधाएं दी जा रही है, बिस्तर रजाईयां भी अच्छी क्वालिटी की दी गयी है तथा सभी बिस्तर नए दिये गए हैं। यह बातें बस स्टैंड पर निर्मित रैन बसेरा के निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर, वैभव त्रिपाठी ने कही। उन्होंने बताया कि लगभग प्रतिदिन वह स्वयं शहर में बने रैन बसेरों का निरीक्षण कर खामियों को अपने सामने ही दूर कराते हैं। तथा नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी के निर्देशन में रैन बसेरों को मजबूत टीन शैड से बनवाया गया है जिससे कि रुकने वालो को किसी प्रकार की कठिनाईयां न हो तथा साथ ही जाड़ा न लगे। तथा साथ ही रजाई बिस्तर वगैरह सभी सामान बहुत अच्छी स्थिति में है तथा साफ सफाई भी बहुत है। नगर पालिका सीतापुर द्वारा रैन बसेरों को इस तरह से तथा इतनी साफ सफाई से बनाया गया है, कि उसमें कोई प्रतिष्ठित व्यक्ति भी रुक सकते हैं। घर का रूप देकर रैन बसेरों का निर्माण कराया गया है। सीतापुर शहर के मुख्य सार्वजनिक स्थानों पर जैसे रोडवेज बस स्टैंड के समीप रैन बसेरों का निर्माण किया गया है जिससे कि बस स्टैंड पर आने जाने यात्रियों व जरूरत मंद लोगो को इस सुविधा का लाभ मिल सकें। बताते चलें कि सीतापुर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी एक अलग ही व्यक्तित्व रखते हैं। जरूरतमंद लोगों को नगर पालिका से मिलने वाली सुविधाओं का विशेषतौर पर ख्याल रखते हैं। अक्सर उनको दिन में भी और रात में भी अकेले ही रैन बसेरों आदि का निरीक्षण करते हुए देखा जा सकता है। अगर बीते कुछ सालों की बात की जाए तो वैभव त्रिपाठी से ज्यादा सक्रिय और मेहनती तथा जरूरतमंदो के हितो के लिए प्रयास करने वाले शायद ही कोई अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर में आये हो।

## आपदा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

जन एक्सप्रेस । बहराइच

**कैसरगंज।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में तहसील कैसरगंज द्वारा आपदा प्रशिक्षण कार्यक्रम का तीन दिवसीय आयोजन रामकृष्ण परमहंस डिग्री कॉलेज कैसरगंज में किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कर्मचारी ब्लॉक कैसरगंज हुजूरपुर फखरपुर जरवल के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापक गण एवं ग्राम पंचायत के प्रधान पंचायत सहायक कोटेदार द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। तहसीलदार कैसरगंज अजय कुमार यादव द्वार प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नायब तहसीलदार जरवल पी गिरी नायब तहसीलदार कैसरगंज ब्रह्मादीन यादव लेखपाल पवन चौहान द्वारा व मास्टर ट्रेनर शिवम सिंह कुमार वर्मा सुनील कुमार चौधरी द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम संपादित किया जा रहा है।

## आग से 15 लाख का सामान, नकदी जली

जन एक्सप्रेस/हरदोई। मोहल्ला दिलेरगंज में घासमंडी के पास दो मंजिल दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से दो लाख की नकदी समेत करीब 15 लाख का सामान जलकर राख हो गया। लोगों का आरोप है कि दमकल की गाड़ी सूचना देने के करीब एक घंटे बाद पहुंची। मोहल्ला दिलेरगंज में घासमंडी के पास पर रुचि गुप्ता पत्नी संचित गुप्ता के मकान में ही आर्टिफिशियल ज्वेलरी, लहंगा-चुनरी, फर्नीचर और अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों की दुकान है। शुक्रवार को दुकान से धुआं उठता दिखा। रुचि गुप्ता ने बताया कि घासमंडी तिराहे के पास फूल श्रृंगार व ब्यूटी पार्लर की दो मंजिल दुकान है।

# द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़े के नवें दिन एआरटीओ प्रवर्तन द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

आज परिवहन विभाग सीतापुर द्वारा द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़े के नवें दिवस वाहन चालकों का सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत एआरटीओ प्रवर्तन संजय कुमार गुप्ता द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत बिना हेलमेट बाईक दौड़ा रहे 326 दो पहिया चालकों के व 75 बिना सीटबेल्ट वाहन चला रहे चालकों के चालान किये गये। इसके अतिरिक्त विपरीत दिशा में गाड़ी चला रहे 75 चालकों एवं मोबाइल पर बात करते हुए गाड़ी चला रहे 27 चालकों का चालान किया गया। उन्होंने बताया कि 150 से अधिक चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया। यातायात के नियमों का पालन चालान से बचने के लिये नही बल्कि जीवन को बचाने के लिये करें। उन्होंने बढ़ते सड़क हादसों पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि ज्यादातर सड़क हादसों में बाईक सवार बिना हेलमेट पाये जाते हैं जो कि निराशाजनक है।

### प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों व मोडिफाई साइलेन्सर, प्रेशर हार्न इत्यादि की जॉच का अभियान आज चलाया जायेगा

भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की जयन्ती किसान सम्मान दिवस के अवसर पर कृषि भवन में आयोजित कार्यक्रम में एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेयी ने किसानों को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को ट्रैक्टर ट्रालियों में चस्पा करने के लिये नि:शुल्क रेडियम टेप वितरित किया। उन्होने किसान भाईयों से अपील करते हुए कहा कि ट्रैक्टर ट्रालियों में अनिवार्य रूप से रेडियम टेप लगाकर ही चलाये। ट्राली में बैक लाईट न होने के चलते कोहरे में हादसे की सम्भावना बढ़ जाती है। कार्यक्रम के दौरान यातायात चिन्हयुक्त पम्फलेट भी वितरित किये गये। इस दौरान विभागीय कर्मी रंजीत चौधरी, सतीश कुमार, मयंक सिंह आदि मौजूद रहे। ए.आरटी.ओ.प्रवर्तन संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दसवें दिवस मानक से अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों व मोडिफाई साइलेन्सर,हूटर, प्रेशर हार्न इत्यादि की जॉच का अभियान चलाया जायेगा।

# संकल्प यात्रा में गरीबों को दिया जा रहा लाभः सदर विधायक

जन एक्सप्रेस । उरई



जालौन विकास खंड के ग्राम पंचायत मलकपुरा व अलाईपुरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित अधिकारियों ने आम जनता को दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा मौजूद रहे। उन्होंने लाभार्थियों को योजनाओं के प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि हर गरीब को काम मिले। उन्होंने कहा कि 80 करोड़ लोग आज भी गरीब है। ऐसे लोगों को लाभ देने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे गरीब लोगों की सूची विकास खंड स्तर पर तैयार हो रही है। इस मौके को हाथ से न जाने दो और अपना नाम सूची में दर्ज करवाना है। उन्होंने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री ने माफियाओं और गुंडों को परास्त कर दिया है तथा महिलाओं को सुरक्षा देने का काम किया है। कहा कि महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सरकार काम देने का काम कर रही है। इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने कहा कि विकसित संकल्प यात्रा के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास भी उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। तीन किस्तों में लाभार्थियों के खाते में सीधी धनराशि भेजी जाती है। इस मौके प्रमुख रूप से नोडल अधिकरी रविन्द्र राजपूत, ग्राम पंचायत अधिकारी जितेंद्र पटेल, सहायक विकास अधिकारी प्रतिनिधि कुलदीप वर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित रही।

## ट्रक की टक्कर से घायल मेडिकल कॉलेज रेफर

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रामपुरा थाना क्षेत्र के जगम्मनपुर चौकी क्षेत्र में शनिवार को खेत से लौट रहे गरीब मजदूर रामधनी पुत्र सुमेर उम्र करीब 65 वर्ष निवासी जगम्मनपुर ट्रक से टकरा से घायल हो गया। जिससे मजदूर की साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों की मदद से ट्रक को रुकवाया गया तथा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुँचकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा पहुंचाया। जहां से डॉ. निशांत लोहारिया ने प्राथमिक उपचार कर जिला राजकीय मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। डॉक्टर के मुताबिक घायल को अंदरूनी चोटों के साथ पीड़ित का एक तरफ का कान कट गया हैं। चौकी इंचार्ज जगम्मनपुर राजकुमार निगम ने बताया कि ट्रक को चौकी पर खड़ा करा दिया गया है। पीड़ित की तहरीर आने पर मुकदमा पंजीकृत कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# मंडलायुक्त ने थाना समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

जन एक्सप्रेस । उरई



मण्डलायुक्त डॉ. आदर्श सिंह की अध्यक्षता में प्रदेश सरकार की मंशानुरूप थाना समाधान दिवस एट में आये फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना गया। प्राप्त शिकायतों को समयाबधि के तहत निस्तारण के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने कहा कि शिकायतकर्ताओं द्वारा दी गई शिकायत प्रार्थना पत्र को गुणवत्तापूर्ण व गुणदोष के आधार पर निस्तारण किया जाये। उन्होने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जांच अब सीधे फरियादियों से फोन पर वार्ता कर ली जायेगी। यदि निस्तारण में लापरवाही मिली तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होने कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त जमीनी विवाद शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाये। राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उक्त शिकायतों को समयबधि के अन्दर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। थाना दिवस में छोटी-बड़ी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज करा जाये तथा उनका समयसीमा के अन्तर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाये। ताकि उन प्रकरणों की पुनरावृत्ति न की जाये।इस अवसर पर डीएम राजेश कुमार पाण्डेय, एसपी ईरज राजा, एसडीएम कोंच अतुल कुमार, सीओ कोंच उमेश कुमार पाण्डेय आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सूने घर में चोरों ने दिया वारदात को अंजाम, नगदी समेत लाखों के ज़ेवर लेकर हुए फरार

जन एक्सप्रेस । उरई



कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लहरियापुरवा में सूने घर में छत के रास्ते घर में घुसे चोरो ने अलमारी व बक्से के ताले चटका दिए। जहां से चोर हजारों रुपए की नगदी के अलावा करीब 8 लाख के कीमती आभूषण समेट कर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित गृहस्वामी ने सूचना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। शहर के मोहल्ला लहरियापुरवा रजिस्ट्री ऑफिस के पास रहने वाले सत्यप्रकाश तिवारी ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें बताया कि बीती 17 दिसंबर को वह मकान में ताला डालकर अपने पूरे परिवार के साथ पैतृक गांव हथना थाना सिरसा कलार गया हुआ था। इस दौरान घर को सूना पाकर चोरों ने उसके घर में सेंध लगा दी, और छत के रास्ते घर में घुसे चोरो ने जिन्होंने छत पर लगे जाल व जीने के रास्ते को भी खोल लिया। इसके बाद चोर उस कमरे में पहुंच गए जहां अलमारी व बक्से रखे हुए थे। जहां पर चोरों ने फुर्सत से ताले चटकाए और अलमारी व बक्से खंगालते हुए उनमें रखे 75 हजार रुपये नगद सहित हाल ही में बेटी की हुई सगाई में आया करीब 8 लाख रुपए का जेवरात चुरा लिया। बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद चोर वहां से भाग निकले और आस पड़ोस के लोगों को भनक भी नहीं लगी। बताया कि जब वह परिवार सहित वापस लौटा और घर में बिखरा पड़ा सामान व जाल को खुला पाकर उसे चोरी होने का पता चला। तब उसने कोतवाली पहुंच कर घटना की तहरीर दी। फिलहाल पुलिस मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## जीआईसी स्कूल के छात्रों में हुई मारपीट, एक घायल



**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र में करमेर रोड स्थित जीआईसी स्कूल में शनिवार की सुबह किसी बात को लेकर छात्रों में मारपीट हो गई। जिसमें एक छात्र घायल होकर अचेत हो गया। जिसे शिक्षकों और आसपास के छात्रों ने जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। शहर कोतवाली क्षेत्र में करमेर रोड स्थित जीआईसी स्कूल में शनिवार की सुबह तकरीबन सुबह 11 बजे कक्षा 7 के छात्र समीर 16 वर्ष पुत्र दिलदार अहमद निवासी बजरिया का विवाद स्कूल के एक छात्र से हो गया। जिससे वहां मौजूद छात्रों में मारपीट शुरू हो गई। मारपीट देख वहां पर शिक्षक भी मौके पर पहुंच गए और छात्रों में हो रहे विवाद खत्म करने में जुट गए। लेकिन तब तक एक छात्र ने समीर के सर में ब्रेंच का टूटा हुआ पटिया मार दिया। जिससे छात्र का सिर फट गया और वह वहीं पर अचेत होकर गिर गया। कक्षा 7 के छात्र को जैसे ही शिक्षकों और आसपास के छात्रों ने देखा तो वह उसको जिला अस्पताल लेकर पहुंचे और परिजनों को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनो का कहना है कि वह आरोपी के खिलाफ तहरीर देने जा रहे। वहीं पुलिस का कहना है कि अभी तक उनके पास कोई तहरीर नहीं आई है। अगर तहरीर मिलती है तो आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रक चालक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से ट्रक चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कालपी के मोहल्ला आलमपुर निवासी रज्जन यादव 35 वर्ष ट्रक ड्राइवर था, जो पिछले करीब 10 दिनों से अपने घर पर ही था। शुक्रवार रात को वह खाना खाने के बाद अपने घर से निकल गया था। इस दौरान वह कानपुर झांसी रेल मार्ग के कालपी रेलवे स्टेशन के पास पहुंचा। जहां ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। शनिवार की सुबह ट्रैक किनारे पड़े चालक के शव को देखकर वहां से गुजर रहे राहगीरों में अफरातफरी मच गई। मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और मृतक की पहचान कर घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। उधर मामले की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। जहां मृतक के भाई सज्जन यादव ने बताया कि रज्जन शराब पीने का लती था और ट्रक चलाकर अपना जीवन यापन करता था। फिलहाल पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** जन एक्सप्रेस/कुठौंद थाना क्षेत्र के बरियारपुर के पास अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिसमें चालक की मौत हो गई। हरसिंगपुर गांव निवासी मनोज तिवारी उम्र 35 वर्ष के एकों गांव के खेत में मटर टूट रही थी। जब वह खेत पर काम कर रहे मजदूरों के लिए होटल पर खाना लेने आ रहे थे। तभी उन्हें बरियारपुर श्रमदान पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद 1 घंटे घटनास्थल पर पड़े रहने के बाद सूचना पर पहुंचे एसआई शशांक बाजपेई ने एंबुलेंस से कुठौंद अस्पताल पहुंचाया। जहां लेकिन अधिक खून बहाने के कारण मृत घोषित कर दिया गया। बाइक में साथ में सवार महेंद्र पाल को कोई चोट नहीं आई।

# थाना समाधान दिवस में 15 मामले प्रस्तुत, 2 का मौके पर निस्तारण



जन एक्सप्रेस । कालपी

कोतवाली के मीटिंग हाल में कार्यवाहक प्रभारी मोहम्मद अशरफ की मौजूदगी में क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादियों के द्वारा 15 मामले प्रस्तुत किए गए। जिससे दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में मोहल्ला रावगंज निवासिनी रामकली ने जमीनी विवाद को लेकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। शंकरलाल निवासी तिरही के द्वारा विपक्षियों के खिलाफ जमीन में कब्जा करने की शिकायत की गई। दिनेश पुरवार निवासी मोहल्ला हरीगंज में विपक्षी नूरुद्दीन के खिलाफ मकान के निर्माण को लेकर शिकायत की। मुस्ताक निवासी ग्राम सुरौला के द्वारा जमीनी विवाद को लेकर शिकायती पत्र दिया गया। ग्राम काशीरामपुर निवासी गंगाराम ने विपक्षीगणो के द्वारा जमीन में कब्जा करने की शिकायत की। इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ ने बताया कि अन्य मामलों को निपटने के लिए राजस्व तथा पुलिस विभाग की टीम को मौके पर रवाना किया गया। इस मौके पर आरआई रामभवन सिंह, लेखपाल अभिषेक, सुमित, रवि कुमार, विजय आनंद, जितेन सिंह, प्रमोद दुबे, राहुल कुमार, महाराज सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रार्थना के दौरान शिक्षकों में चले लात घूसे

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिले के लार ब्लॉक के एक परिषदीय कंपोजिट विद्यालय में उस समय अफरा तफरी मच गई जब शिक्षकों में आपस में मारपीट शुरु हो गई। और दोनों ओर से जमकर लात घूसे चलने लगे। शिक्षकों के इस रूप को देखकर एक छात्रा बेहोश हो गई और अन्य छात्र छात्राएं चिल्लाते हुए गांव की ओर भागने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन शिक्षकों को हिरासत में लेकर थाना चली आई।

## एनएसडीसी के सहयोग से विदेश में रोजगार पाएंगे युवा

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के स्किल्ड युवाओं को विदेशों में रोजगार दिलाने की योजना बनायी जा रही है। इसके लिए नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनएसडीसी) से भी बात की गई है। युवाओं को कौशल विकास के साथ-साथ विदेशी भाषा एवं संबंधित देश की संस्कृति एवं कानून का भी प्रारंभिक ज्ञान दिया जाएगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला समन्वयक समिति की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । महोबा



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मृदुल चैधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला समन्वयक समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति की समीक्षा की गई तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाएं जैसे पी.एम. ई.जी.पी., पी.एम.एफ.एम.ई., मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पीएम स्वनिधि आदि योजनाओं का लाभ अमजान तक पहुंचाने एवं लक्ष्य प्राप्ति पर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी बैंकों को सहभागिता एवं चिन्हित योजनाओं जैस अटल पेंशन योजना, सुरक्षा बीमा योजना आदि का प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा मनरेगा लाभार्थियों के आधार लिंक तथा स्वयं सहायता समूह और आरसेटी से प्रतिक्षित लाभार्थी के क्रेडिट लेके्ज हेतु बैंकों को निर्देशित किया गया। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, भारतीय रिजर्व बैंक के ए.जी. एम. अनिल कुमार मिश्र, नावार्ड के डी.डी.एम.हरिओम सोनी, अग्रणी बैंक प्रबंधक सरोज कुमार, उपायुक्त उद्योग महेश चंद्र सरोज, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी समस्त स्टाफगण उपस्थित रहे।

## सेवामित्र पोर्टल से बढ़ेगा स्वरोजगार

जन एक्सप्रेस । देवरिया

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपदवासी सेवायोजन विभाग द्वारा संचालित सेवा मित्र पोर्टल पर स्वरोजगार की असीमित संभावना मौजूद है। यह ग्राहकों एवं सर्विस प्रोवाइडर के मध्य सेतु की तरह कार्य करता है। इस पोर्टल के माध्यम से आमजन कारपेंटर, प्लंबर, पेंटर, इलेक्ट्रीशियन, आरओ रिपेयर मैकेनिक, एसी मैकेनिक, ड्राइवर, ब्यूटीशियन, सैलून, केटरिंग सर्विस, पैथोलॉजी, रसोइया, दाई जैसी रोज़मर्रा से जुड़ी 20 से अधिक सेवाओं को घर बैठे एक क्लिक में हासिल कर सकते हैं। यह ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में कार्य करता है। सेवाओं की प्राप्ति के लिए सेवा मित्र हेल्पलाइन नंबर 155330 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# उद्योग बंधुओ की बैठक कलेक्ट्रट सभागार मे सम्पन्न



जन एक्सप्रेस । महोबा

जनपद स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में कबरई से कबरई बांध तक के रोड के निर्माण का प्रकरण उद्यमियों द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सिंचाई विभाग को निर्देश दिया गया कि प्रकरण में अपने मुख्यालय स्तर से आवश्यक कार्रवाई कराते हुए धनराशि अवमुक्त करने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि कबरई क्षेत्र में प्रदूषण को देखते हुए एंटी स्मोक मशीनों को लगवाने का कार्य उद्यमियों द्वारा आपसी सहयोग से किया जाए, जिससे जनपद का वातावरण स्वच्छ कराया जा सके। उन्होंने विद्युत के संबंध में कबरई क्षेत्र में रोस्टर को ठीक करने हेतु विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि पुनः पत्र अपने मुख्यालय को भेजा जाए। रोजगार योजनाओं के संबंध में अग्रणी जिला प्रबंधक तथा उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया गया कि शासन के मानक के अनुसार समस्त योजनाओं में प्रगति सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, उपायुक्त उद्योग महेश चंद्र सरोज सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण एवं उद्यमी उपस्तिथ रहे।

# योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को देना सरकार का लक्ष्य: रविंद्र कुशवाहा

जन एक्सप्रेस । भाटपार रानी,देवरिया

विकास खंड के ग्राम पंचायत शंभू बनकटा एवं माणीपुर तथा बनकटा विकासखंड के सोहनपुर एवं सुंदर पार भटवलिया में विकसित भारत संकल्प का यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं के गोद भराई का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सरकार की योजनाओं को आमजन के समक्ष रखा। सोहनपुर में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद रविंद्र कुशवाहा ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने की गारंटी देने का जज्बा अगर किसी के अंदर है तो वो है भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंदर है। शंभू बनकटा एवं माणीपुर में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक सभाकुंवर कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्वला योजना के माध्यम से 10 करोड़ से ऊपर गरीब महिलाओं को जहां निशुल्क गैस कनेक्शन देने का कार्य किया गया है वहीं पर सौभाग्य योजना के अंतर्गत लोगों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन देने का कार्य हुआ है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी भइयन लाल पटेल,ए डी ओ आईएसबी राजेश कुमार, सुशील कुमार शाही, ग्राम प्रधान शंभू बनकटा राधा यादव, प्रधान प्रतिनिधि माणीपुर राजेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष अनिल शाही, शशि रंजन तिवारी, सहित ग्राम वासी उपस्थित थे।

## छत के रास्ते घर में घुसकर चार लाख से अधिक की चोरी

**जन एक्सप्रेस/सलेमपुर,देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र के मधवापुर में चोरों ने बीती रात छत के रास्ते घर मे घुसकर चार लाख रुपये से अधिक के गहने व घर मे रखा आठ हजार रुपये नगद चुरा लिए, इसकी जानकारी सुबह जागने पर घर वालों को हुई तो शोर मचाने लगे। इसकी लिखित सूचना घर वालों ने कोतवाली पुलिस को दी। इस सम्बन्ध में मिले समाचार के अनुसार क्षेत्र के मधवापुर निवासी विकास यादव पुत्र स्वर्गीय श्यामदेव यादव के घर अज्ञात चोरों बीती रात करीब एक बजे घर के छत पर चढ़कर सीढ़ी के रास्ते नीचे गए और घर के कमरे में बक्से में रखा बक्सा उठा ले गए जिसमें एक हार सेट, झुमका, पायल, नथिया, चांदी का करधन व सोने की अंगूठी सहित करीब चार लाख रुपये के गहने व आठ हजार रुपये नगद थे। घर के लोगों का कहना है कि उस समय हम समझे कि नील गाय आई होगी। सुबह उठने पर परिजनों को चोरी की जानकारी हुई।

## ग्रामीण क्षेत्र में बने अस्पतालों का बुरा हाल, कहीं लटका है ताला कहीं तैनात ही नहीं डॉक्टर

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य महकमा बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं होने का लाख दम भर रही हो लेकिन बुंदेलखंड के महोबा में जमीनी हकीकत यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बने नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर या तो बंद रहते हैं या फिर उनमें कोई डॉक्टर ही तैनात नहीं है ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपनी बीमारी का इलाज कराने के लिए जिला मुख्यालय आने या मध्य प्रदेश जाने के लिए मजबूर हो जाते हैं। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम सरकारी अस्पतालों में पहुंचकर स्वास्थ सेवाओं की हकीकत जानने की न केवल कोशिश कर रहे हैं बल्कि व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दे रहे हैं मगर जिम्मेदारों को शायद उनके निर्देशों की कोई परवाह नहीं है यही वजह है कि महोबा जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित सरकारी अस्पतालों में अधिकतर ताला ही लटकता रहता है और यहां आने वाले मरीज बिना इलाज बैरंग लौटने के लिए मजबूर हो जाते हैं।

## एक दिवसीय रोजगार मेले का जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** उत्तर प्रदेश शासन एवं निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार आज शुक्रवार को प्रातः सुबह 10 बजे से वीर भूमि स्नातकोत्तर महाविद्यालय महोबा में एक दिवसीय बृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें निजी क्षेत्र की 42 कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेले में टायर इंडस्ट्रीज, मदरसन शूमी सिस्टम, न्यू एलनबेरी वर्क ग्लोबल सर्विस, साहू मोटर्स, सैमसंग इलेक्ट्रिक, हिंदुस्तान ऑटो स्पेयर पार्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इत्यादि कंपनियों ने वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग किया। उपरोक्त कंपनियों हेतु जनपद में कुल 1968 युवक, युवतियों नें साक्षात्कार दिया जिसमें से कुल 1131 अभ्यर्थी विभिन्न कंपनियों में चयनित हुए। वृहद रोजगार मेले का शुभारम्भ जिलाधिकारी मृदुल चैधरी नें फीता काटकर किया। इस मौके पर सीडीओ चित्रसेन सिंह, एसडीएम सदर जितेंद्र सिंह, उपायुक्त उद्योग, सेवायोजन अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## रोजगार की नई राह खोल रहा सेवायोजन

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जनपद के युवाओं को रोजगार दिलाने में रोजगार मेला प्रभावी माध्यम साबित हो रहा है। रोजगार मेले के माध्यम से कई युवा अपने सपने को पूरा कर रहे हैं। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में सेवायोजन विभाग द्वारा 24 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया, जिसमें 5,266 युवाओं ने प्रतिभाग किया और 2,694 अंतिम रूप से चयनित हुए। उन्होंने बताया कि सेवायोजन कार्यालय द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों एवं रोजगार प्रदाताओं को रोजगार मेले के माध्यम से एक ही प्लेटफॉर्म पर बुलाया जाता है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए युवाओं को सेवायोजन पोर्टल 222. sewayojan.up.nic.in पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य है। नियोक्ता इस पोर्टल पर अपनी रिक्तियों को अपलोड करते हैं और जिन अभ्यर्थियों की प्रोफाइल नौकरी की मांग के अनुरूप होती है उन्हें सिस्टम जनरेटेड ई-मेल चला जाता है। पोर्टल पर हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, पॉलिटेक्निक सहित विभिन्न पृष्ठभूमि के युवा अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

## मारपीट के मामले में अभियुक्त को हुआ कारावास

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** मारपीट के एक मामले मे विद्वान न्यायाधीश जयप्रकाश यादव की अदालत ने अभियुक्त को चार वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार शारदा प्रसाद पुत्र लटोरा निवासी ग्राम चिंतेपुरा थाना चरखारी द्वारा गांव के ही एक व्यक्ति की लाठी डण्डो से बुरी तरह मारपीट की थी पीड़ित ने थाना चरखारी पहुँचकर मुकद्मा अपराध संख्या 289/2018 को धारा 308 के तहत पंजीकृत कराया था। थाना चरखारी पुलिस ने पीड़ित का डॉक्टरी परीक्षण कराया तथा अभियुक्त शारदा पुत्र लटोरा को बंदी बनाकर जेल भेजा था। थाना चरखारी पुलिस ने मामले की विवेचना कर चार्जसीट न्यायालय को सौपी थी। न्यायालय मे सत्र परीक्षण के दौरान चिकित्सक पुलिस व वादी के ब्यान होने तथा अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष के विद्वान अधिवक्ताओ की दलीले सुनने के पश्चात् मारपीट का प्रकरण सिद्ध हो जाने पर जिलाजज ने अभियुक्त शारदा को चार वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष से मामले की पैरवी जिला शासकीय अधिवक्ता केशव प्रसाद राजपूत द्वारा की जा रही थी।

## श्रीरामनिवास रामानुजम की जंयती मनायी

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज महोबा मे महान गणितज्ञ श्रीरामनिवास रामानुजम की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य शिवराम गुप्त ने श्रीराम निवास रामानुजम के जीवनदर्शन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से सीख लेने का आवाहन किया। आचार्य आदित्य मिश्रा ने रामानुजम को महान गणितज्ञ कहते हुए कहा कि हम सबको इन महापुरूषों से सीख लेनी चाहिए। उन्होने कहा कि दुनिया के लोगों को गणित का ज्ञान भारत से ही हुआ। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संगीताचार्य पं0 जगप्रसाद तिवारी ने कहा कि विश्व के लोगों ने हमारे देश मे आकर ज्ञान प्राप्त किया इससे हमारे दर्शकों विश्व गुरू कहा गया। उन्होने कहा कि अब पुनः हमारा राष्ट्र अपने खोये हुए वैभव को प्राप्त कर विश्व गुरू के पद पर प्रतिष्ठित होगा। अंत मे आचार्य जयनारायण तिवारी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्यगण तथा छात्र उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री स्वतंत्रत देव सिंह

**गिनाई केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियां**

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह जनपद के एकदिवसीय भ्रमण पर पहुँचे। भ्रमण के दौरान उन्होंने किसान सम्मान दिवस के मौके पर गैसड़ी विकासखंड में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अरविंद सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगे स्टालों का निरीक्षण किया तथा अन्नप्राशन भी कराया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य सरकार द्वारा रखा गया है। इस लक्ष्य में आम जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित हो एवं सभी राष्ट्र के नवनिर्माण में अपनी सहभागिता एवं मजबूती दे सके, इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित किया जा रहा है। यह काफी हर्ष की बात है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं माताएं प्रतिभाग कर रही हैं तथा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए उनका लाभ प्राप्त करने को स्वयं आगे आ रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं एवं नीतियों को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारा जा रहा है, जिसके अच्छे व्यापक परिवर्तन दिखाई पड़ रहे हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए मंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी द्वारा वर्ष 2047 तक भारत राष्ट्र को विकसित भारत बनाए जाने का दृढ़ संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत राष्ट्र अब रुकने वाला नहीं है, अब भारत राष्ट्र विकसित राष्ट्र कहलाने वाला है। अब भारत के लोगों में वैचारिक बदलाव देखने को मिल रहा है,सभी स्वयं को सशक्त महसूस कर रहे हैं। लोगों में राष्ट्रीयता की भावना प्रबल हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार गरीबों, युवाओं, महिलाओं एवं किसानों की सरकार है। इस दौरान मंत्री द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।


इस अवसर पर विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, जनप्रतिनिधिगण, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, उपनिदेशक कृषि जिला कृषि अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**मंत्री ने पाइप पेयजल परियोजना का किया निरीक्षण**

मंत्री द्वारा ग्राम देवनगर में पाइप पेयजल परियोजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## सांसदों के निलंबन पर सपा का हल्ला बोल डीएम को सौपा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



सांसदों के निलंबन के पर सपाइयों ने सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करते हुए बहाली की मांग की। भाजपा सरकार की तानाशाही और असंवैधानिक रवैय्ये को लेकर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ माणिक लाल कश्यप के नेत्रत्व धरना प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया।

अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष डॉ माणिक लाल कश्यप ने कहा कि मोदी सरकार मनमानी पर उतर आई है...वह बेहद अहम बिलों को बगैर बहस के मनमाने ढंग से पारित कराना चाहती हैं। इसीलिए वो सदन में विपक्षी सांसदों को नहीं देखना चाहती है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार विपक्ष मुक्त देश की बात इसीलिए करती है ताकि अपनी मनमानी कर सके। श्री कश्यप ने इसे संसद और लोकतंत्र पर हमला बताया है!

अपने वक्तव्य में जिला मीडिया प्रभारी विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि संसद की सुरक्षा का उल्लंघन एक बहुत बड़ा मुद्दा है। अगर सांसद और विपक्ष इस मुद्दे को नहीं उठाते हैं तो फिर उनके संसद में रहने का कोई मतलब ही नहीं है। सांसदों को ऐसे मुद्दे उठाने के लिए जनता ने भेजा ही है! इसी क्रम में जिला महासचिव नरसिंह पाल यादव ने कहा कि अगर सांसदों का व्यवहार विघ्न डालने वाला था भी तो भी ये मुद्दा ऐसा था कि सरकार को कड़वा घूंट पीते हुए उनकी बातें सुननी चाहिए थी। चाहते तो कुछ घंटों के लिए सस्पेंड भी कर देते। लेकिन उन्हें पूरी तरह सस्पेंड कर ?देना अच्छा नहीं है। उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति से मांग करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री व गृहमंत्री संसद की सुरक्षा के चूक के मामले में सदन में आकर अपनी जवाबदेही दें। इस मौके पर मलिक एजाज, अंसार खान ,मोहम्मद असलम , प्रमोद यादव, जिला मीडिया प्रभारी विशाल श्रीवास्तव,मोहम्मद शकील इदरीसी, रामदयाल यादव, प, कृष्ण कुमार यादव, नागर , डॉक्टर हिना कौसर, फिरोज खान, बबलू भाई, वारिस अली, राजेंद्र यादव, मोहम्मद वसीम, महबूब आलम,सफीउल्लाह विकास मंत्री,आर के गुप्ता,ओंकारनाथ पटेल, इकबाल जावेद फ्लावर,महेंद्र विक्रम अकेला, मो. हसन कुरैशी आदि उपस्थित रहे।

## ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल मैच का कैबिनेट मंत्री ने किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज में 19 दिसंबर से चल रहे महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह ऑल इंडिया प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट का समापन शनिवार को हो गया । फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया । फाइनल मुकाबला हॉकी अमरावती तथा आइटीबीपी जालंधर के बीच खेला गया । आइटीबीपी जालंधर की टीम ने 2-1 से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम किया। जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर को एमएलके पीजी कॉलेज के हॉकी ग्राउंड पर महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच आइटीबीपी जालंधर तथा हॉकी अमरावती महाराष्ट्र के बीच खेला गया । रोमांचक मुकाबले में कड़ा टक्कर देते हुए दोनों टीमे पहले हाफ तक एक एक गोल की बराबरी पर रही । दूसरे हाफ में आइटीबीपी जालंधर ने एक गोल और करके बढत बना ली, जो अंत तक बरकरार रहा । आइटीबीपी जालंधर की टीम ने अमरावती की टीम को दो एक के अंतर से पराजित कर ट्राफी अपने नाम किया । विजयी टीम को 75 हजार रुपए नगद व ट्राफी प्रदान किया गया वहीं उपविजेता टीम अमरावती महाराष्ट्र को 51 हजार रुपए नगद तथा ट्रॉफी प्रदान किया गया।

## सदर विधायक व नगर पालिका अध्यक्ष ने किया सेल्फी पॉइंट का लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय की बलरामपुर चीनी मिल द्वारा मिल कॉलोनी गेट पर निर्मित कराए गए सेल्फी पॉइंट का शुभारंभ शनिवार को सदर विधायक पलटू राम, नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू तथा मिल के प्रधान मुख्य प्रबंधक निष्काम गुप्ता द्वारा फीता काटकर किया गया। जानकारी के अनुसार 23 दिसम्बर को बलरामपुर चीनी मिल्स लि0, बलरामपुर द्वारा नैगमित सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत बलरामपुर फाउण्डेशन के सौजन्य से निर्मित बलरामपुर चीनी मिल कॉलोनी गेट पर सेल्फी प्वाइण्ट का लोकार्पण सदर विधायक पलटू राम, नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू व मुख्य प्रधान प्रबंधक निष्काम गुप्ता द्वारा किया गया । ज्ञातव्य हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की प्रेरणा से बलरामपुर फाउण्डेशन द्वारा चीनी मिल के आसपास के एरिये का सौन्दयीकरण कराया जा रहा है। इसी क्रम में सेल्फी प्वाइण्ट का उ?द्घाटन मुख्य अतिथि पल्टूराम-विधायक (सदर), विशिष्ट अतिथि धीरेन्द्र प्रताप सिंह (धीरु) अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, बलरामपुर एवं चीनी मिल के मुख्य प्रधान प्रबंधक निष्काम गुप्ता द्वारा किया गया । मुख्य अतिथि पल्टूराम ने कहा कि बलरामपुर चीनी मिल का क्षेत्रीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। चीनी मिल द्वारा समय से गन्ना मूल्य भुगतान के कारण क्षेत्रीय गन्ना कृषक सशक्त व समृद्ध हो रहा है। चीनी मिल द्वारा निर्मित सेल्फी प्वाइण्ट एक सुन्दर व सराहनीय प्रयास है। उन्होंने इस कार्य के लिए मिल प्रबंधन की सराहना की । विशिष्ट अतिथि डॉक्टर धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि बलरामपुर नगरपालिका एवं बलरामपुर शहर को हम स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिये प्रसारत हैं। बलरामपुर चीनी मिल भी इस पुनीत कार्य में पूरा सहयोग कर रही है। बलरामपुर चीनी मिल द्वारा निर्मित सेल्फी प्वाइण्ट सभी लोगों में बलरामपुर शहर के प्रति स्नेह का भाव जागृत करेगा । चीनी मिल के मुख्य प्रधान प्रबंधक निष्काम गुप्ता ने बताया कि चीनी मिल सदैव सामाजिक कार्यों के लिये सजग रहती है । वह अपने सामाजिक दायित्व को भी भली-भाँति समझती है एवं इसी दायित्व के अन्तर्गत चीनी मिल द्वारा इस सेल्फी प्वाइण्ट का निर्माण करवाया गया है जिससे बलरामपुर जिले की रौनक और अधिक बढ़ सके । उन्होंने कहा कि चीनी मिल भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्य करती रहेगी । इस शुभअवसर पर चीनी मिल की ओर से प्रधान प्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) राजीव अग्रवाल, सी0टी0टी क्वालिटी कंटोल प्रभाटी के0 जगदीश, प्रधान प्रबंधक (गन्ना) श्याम सिंह, प्रधान प्रबंधक (यांत्रिकी) योगेन्द्र सिंह बिष्ट, प्रधान प्रबंधक (उत्पादन) एस.डी. पाण्डेय, प्रधान प्रबंधक (यांत्रिकी) केमिकल व पॉवर एम.के. अग्रवाल, अपर प्रधान प्रबंधक (वाणिज्य) बी.एन. ठाकुर, उप-प्रधान प्रबंधक (आई0टी0) डी.एस. चौहान, उप-प्रधान प्रबंधक (क्यू0सी0) उदयवीर सिंह, सहायक प्रधान प्रबंधक (गन्ना) अरुन कुमार श्रीवास्तव, प्रबंधक (गन्ना) संजय सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी डी0पी0 सिंह, ई0एच0एस0 हेड संजीव मिश्रा, प्रबंधक (एच0आर0) हरीश सिंह, सहायक प्रधान प्रबंधक (गन्ना) दिनेश कुमार शर्मा, सहायक प्रधान प्रबंधक (उत्पादन) ओ पी.एस. यादव, श्रीनिवास सिंह, श्रम कल्याण अधिकारी एस.पी. सिंह एवं समस्त अधिकारी, कर्मचारी व क्षेत्रीय जनता उपस्थित रहे।

## खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार लाने का हो रहा है प्रयास: गिरीश चन्द्र यादव

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

**स्पोर्टस स्टेडियम में सांसद खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन**

मकबरा स्थित स्पोर्टस स्टेडियम में चल रही लोकसभा क्षेत्र की सांसद खेल प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में खेल राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने दीप प्रज्जवलन व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके प्रतियोगिता की शुरुआत की। छात्र-छात्राओं से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मधुर प्रस्तुति किया।

खेल राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि सरकार खिलाड़ियों के विकास व उनकी प्रतिभा में निखार लाने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। खिलाड़ियों अच्छी सुविधाएं देने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे हमारे खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत करके अपने क्षेत्र व प्रदेश का नाम रोशन कर सके। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि खेलों में प्रतिभाग करने से खिलाड़ी के भीतर टीम भावना आती है। टीम भावना से भविष्य में संघर्ष करने की क्षमता और बढ़ती है। प्रतियोगिताओं में शामिल होने खिलाड़ियों को अपनी कमियों को दूर करने का अवसर मिलता है।

आयोजन समिति के सचिव अनूप दूबे ने बताया कि रसाकस्सी की प्रतियोगिता में रुदौली विजेता, हरिग्टनगंज उपविजेता, वालीवाल में बीकापुर विजेता, पूरा उपविजेता, कबड्डी बालक वर्ग में महानगर विजेता, सोहावल उपविजेता, कबड्डी बालिका वर्ग में बीकापुर विजेता, महानगर उपविजेता, खो-खो बालिका में महानगर विजेता, अमानीगंज उपविजेता, बालक वर्ग में महानगर प्रथम विजेता व महानगर द्वितीय उपविजेता रही।उन्होंने बताया कि दौड़ में 100 मीटर बालक वर्ग में निर्भय सिंह पूरा प्रथम सौरभ सिंह महानगर द्वितीय, 200 मीटर बालक वर्ग में निर्भय सिंह पूरा प्रथम, राहुल निषाद बीकापुर द्वितीय, 400 मीटर बालक वर्ग में चिरंजीव यादव दरियाबाद प्रथम, अंकुर सिंह पूरा द्वितीय, 800 मीटर बालक में राकेश यादव प्रथम व सुनील यादव बनीकोडर, 1500 मीटर बालक राकेश यादव मसौधा प्रथम व आवेश यादव सोहावल द्वितीय रहे। वहीं बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में शिवानी हैरिग्टनगंज प्रथम, अंशिका मौर्य मसौधा द्वितीय, 400 मीटर में नेहा हैरिग्टनगंज प्रथम आयुषी सिंह आर्मी स्कूल द्वितीय, 800 मीटर में शिवानी हैरिग्टनगंज प्रथम व अंकित यादव आमी स्कूल द्वितीय, बालिका 1500 मीटर में नेहा हैरिग्टनगंज प्रथम व शांति वर्मा बीकापुर द्वितीय रही। मौके पर महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जौनपुर के पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह, कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह, डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, अवधेश पाण्डेय बादल, अभिषेक मिश्रा, आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय गुप्ता, नगर निगम के उपसभापति जयनारायन सिंह रिंकू, सूरज सोनकर, अशोका द्विवेदी, रीना द्विवेदी, आशा गौड़, आकाश गुलानी मौजूद रहे।

### युवक को जल पुलिस ने भिजवाया चिकित्सालय

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** प्रभु श्री राम की नगरी में आज सरयू नदी के किनारे सुबह रामू पुत्र मुन्नीलाल निवासी पोस्ट बाघ थाना भीसंडा जनपद बांदा का रहने वाला है।बाद में पूछताछ करने से पता चला कि वह नगर निगम के कर्मचारी भी है। जिनकी अचानक तबीयत बिगड़ जाने के कारण सरयू स्नान घाट के पास केंद्रीय जल आयोग के सामने गिर पड़े। जिनके सर में चोट व मुँह से ब्लड बह रहा था। जिसकी हालत गंभीर दिख रहा थी। जल पुलिस के कांस्टेबल नित्यानंद यादव मौके पर पहुँच कर,गौ सेवक रितेश दास व पुलिस मित्र के विजय कुमार इन लोगों ने बीमार व्यक्ति को ऑटो रिक्शा से ले जाकर। श्री राम चिकित्सालय में भर्ती कराया हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टर ने दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया। वहां इलाज शुरू होते ही स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है।इस महत्वपूर्ण कार्य करने में जल पुलिस के नित्यानंद यादव और गौ सेवक रितेश दास व विजय कुमार का बड़ा ही योगदान रहा। व परिवार वालों ने पहुंचकर जल पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## भगवान श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर पूरे भारत एवं विश्व की नजर: बृजेश पाठक




जन एक्सप्रेस । अयोध्या

उपमुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार बृजेश पाठक की अध्यक्षता में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के 22 जनवरी 2024 में प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दृष्टिगत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारियों के सम्बंध में बैठक अन्तर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में आयोजित की गई। उपमुख्यमंत्री ने वर्तमान में अयोध्या में स्थित विभिन्न चिकित्सालयों में उपलब्ध सुविधाओं आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि भगवान श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर पूरे भारत एवं विश्व की नजर है। हम सभी पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अयोध्या आने वाले विशिष्ट जनों श्रद्धालुओं को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का दायित्व है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्व से ही कर लिया जाय। उन्होने कहा कि अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान अयोध्या के आसपास के जनपदों के हास्पिटलों में सभी सुविधाओं की तैयारियां कर ली जाय। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों आदि के सम्बंध में जानकारी दी।मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों के सम्बंध में प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया तथा जिलाधिकारी नितीश कुमार ने स्वास्थ्य सम्बंधी विभिन्न बिन्दुओ के सम्बंध में अवगत कराया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चम्पत राय ने ट्रस्ट द्वारा की जा रही स्वास्थ्य सम्बंधी तैयारियों के सम्बध में विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान मेयर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, श्रीराम जन्मभूमि न्यास के सदस्य डा0 अनिल मिश्रा, महानिदेशक स्वास्थ्य डा0 दीपा त्यागी, अपर निदेशक स्वास्थ्य सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, सीएमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनायी चौधरी चरण सिंह की जयंती

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर- अयोध्या।** संयुक्त किसान मोर्चा जिला कमेटी अयोध्या द्वारा किसानो के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 121वी जयंती पर शहीद स्मारक स्थल बीकापुर में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए विचार गोष्ठी आयोजित की गई । उनके सपनों को साकार करने के लिए उनके रास्ते पर चलने के लिए उपस्थित किसानों ने संकल्प लिया । किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार किसान मजदूर लोकतंत्र संविधान विरोधी है किसानों को एकजुट होकर अपने सम्मान की रक्षा करनी होगी और तानाशाह सरकार हटाना ही चौधरी चरण सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि होगी संचालन कमला प्रसाद बागी तथा अध्यक्षता जिला संयोजक मायाराम वर्मा ने किया कार्यक्रम में किसान नेता मायाराम वर्मा मोहम्मद इशहाक जिला मंत्री अवध राम यादव बाबूराम यादव कामरेड मायाराम वर्मा ,विष्णु देव वर्मा ,भागीरथ वर्मा दृगपाल वर्मा ,अंबरीश पटेल लक्ष्मण निषाद राम तिलक वर्मा, राम सुखपाल राजेंद्र वर्मा आशीष पटेल ,राम तेज वर्मा एडवोकेट मोहम्मद कासिम आदि किसान नेता मौजूद रहे।

## चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर किसान सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर

कृषि विभाग की तरफ से जिलाधिकारी के निर्देशानुसार किसान सम्मान समारोह का आयोजन लोहिया भवन में किया गया, जिसमें सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एवं नेशनल मिशन आन एडिबल ऑयल योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय किसान मेला। कृषि प्रद?र्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ अश्वनी कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक द्वारा जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी का स्वागत करते हुए, कृषि विभग द्वारा संचालित योजनाओ की जानकारी एवं चौधरी चरण सिंह जी के जीवन वृत्त पर विधिवत् प्रकाश डाला गया एवं रवि फसल में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जनपद के कृषकों को आच्छादित होने के लिए अनुरोध किया गया। जिला कृषि अधिकारी द्वारा जनपद में उपलब्ध कृषि निवेश की जानकारी दी गई तथा बताया गया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं। डॉक्टर साधना सिंह सहायक निदेशक मत्स्य द्वारा विभाग का संचालित कृषकों के हित में योजनाओं के बारे में बताया गया, जिला उद्यान अधिकारी द्वारा दिए इरिगेशन, स्प्रिंकल एवं बागवानी के बारे में जानकारी दी गयी। जिला प्रबन्धक, इफको द्वारा कृषक प्रश्नोत्तरी का सही जवाब देने वाले कृषकों को नैनो यूरिया एवं डीएपी का पुरुस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि द्वारा जनपद के किसानों की उत्पादकता पर हर्ष व्यक्त करते हुए और अधिक उत्पादन बढाने हेतु प्रेरित किया गया तथा विविधिकरण, पशुपालन, बागवानी, मत्स्य, फलो की खेती को समाहित करने पर जोर दिया गया।

## खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने लहराया परचम

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर




युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में शनिवार को भीटी विकासखंड के अभ्यूदय डिफेन्स एकेडमी रैमल पुर सोनवां में खंड स्तरीय उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी भीटी दिनेश कुमार मौर्य वअरुण कुमार सिंह लेफ्टिनेंट कर्नल रहे। इस प्रतियोगिता में कबड्डी व कई तरह की दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया गया। कबड्डी सब जूनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय टण्डौली द्वितीय स्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय बसोहारी ने प्राप्त किया वहीं बालिका वर्ग में सब जूनियर लम्बी कूद में प्रिया ने प्रथम स्थान तो आंचल वर्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया लम्बी कूद बालिका सीनियर वर्ग में शामली ने प्रथम और रमन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया चार सौ मीटर सबजूनियर वर्ग में कुमकुम ने प्रथम और आंचल ने दितीय स्थान प्राप्त किया कबड्डी जूनियर वर्ग में अभ्युदय डिफेन्स एकेडमी ने बाजी मारी कार्यक्रम को सफल बनाने में लेफ्टिनेंट डाक्टर हरीश कुमार सिंह रामतीरथ यादव दीनानाथ कृष्ण कुमार द्विवेदी राम धीरज मौर्य वैभव सिंह अम्बुज का सराहनीय योगदान रहा।

## अन्तर्राजीय गाँजा तस्कर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

जनपद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना बसखारी व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा बसखारी क्षेत्र अन्तर्गत अकबरपुर जाने वाली सड़क के हरैया मोड़ पर चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की टाण्डा की तरफ से एक सैंट्रो कार में कुछ लोग नाजायज गांजा लेकर जा रहे है मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना पर बसखारी पुलिस व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा टाण्डा बसखारी हाइवे पर बढियानी कला कट के पास चेकिंग करने लगे कि तभी एक कार आती दिखायी दी जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वह भागने का प्रयास करने लगे पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी कर कार को रोकवाया गया तो तलाशी लेने पर कुल 08 बंडल में 25 किलो 500 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ तथा गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा अपना नाम - अमित चन्द यादव पुत्र स्व0 श्रीराम यादव निवासी मछलीगांव थाना सम्मनपुर जनपद अम्बेडकरनगर। तेजबहादुर यादव पुत्र शिवकरन यादव उर्फ रामअछैवर यादव निवासी सरैया वीरान थाना कूड़ेभार जनपद सुल्तानपुर पुष्पा पत्नी स्वर्गीय सन्तराम निवासी रामडीह सराय मझौवा थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर को बसखारी थाना क्षेत्र के बढियानी कला हाईवे कट से एक हुण्डई सेन्ट्रो कार वाहन 25 किलो 500 ग्राम नाजायज गांजा के साथ समय गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पुलिस पूछताछ में बताया कि हम लोग उड़ीसा, आन्ध्र प्रदेश से चार पहिया वाहन से व बिहार से दो पहिया वाहनों से तथा महिलाओं के जरिये गांजा मगवाते थे जिससे हम लोग पकड़े न जा सके उसके बाद जनपद व पड़ोसी जनपदों में थोड़ा-थोड़ा करके बेचते थे।

# मनरेगा कार्य में जेसीबी मशीन से खुदाई कराने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

* विगत दिनों क्षेत्रीय विधायक ने उक्त अमृत सरोवर का किया था शिलान्यास
* कागजों पर 69 मजदूर कार्य कर रहे हैं और खुदाई जेसीबी मशीन कर रही है

जन एक्सप्रेस । जौनपुर







विकास खंड सुईथाकला के ग्राम पंचायत भैसौली में मनरेगा के तहत प्रस्तावित अमृत सरोवर तालाब के सौंदर्यीकरण में मनरेगा मजदूरों के बजाय जेसीबी मशीन से खुदाई कराने का मामला प्रकाश में आया है ग्रामीण सोशल मीडिया समेत विभागीय अधिकारियों को मोबाइल समेत लिखित शिकायत जेसीबी मशीन से खुदाई कराने का आरोप लगाया है वही ग्रामीणों की मानें तो शनिवार पूरा दिन पूरे तालाब की खुदाई जेसीबी करती रही मामला तूल पकड़ने के बाद देर शाम तालाब से जेसीबी मशीन निकाल ली गई।

गौरतलब हो कि शनिवार दोपहर ब्लाक के भैसौली ग्राम पंचायत में 22 लाख 9 हजार रुपए की लागत से अमृत सरोवर तालाब जो मनरेगा के तहत प्रस्तावित है जिसका शिलान्यास बिगत दिनों क्षेत्रीय विधायक रमेश सिंह ने किया था वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि शनिवार ग्राम प्रधान द्वारा उक्त तालाब में मनरेगा मजदूरों के बजाय जेसीबी मशीन से तालाब की खुदाई किया जा रहा था जबकि कागज पर 69 मजदूर कार्य कर रहे हैं।सूचना पर गांव के ही क्षेत्र पंचायत सदस्य पंकज सिंह ने खंड विकास अधिकारी मनरेगा सुईथाकला गौरवेन्दर सिंह, जिला मनरेगा अधिकारी जौनपुर ग्राम पंचायत अधिकारी सुईथाकला समेत जिले के आला अधिकारियों को अवगत कराया और मामले की जांच करा दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने की मांग किया। वही मामले की जानकारी स्थानीय अधिकारियों कर्मचारियों से करने पर कुछ बोलने से कतराते नजर आए वही विकासखंड मनरेगा प्रभारी गौरवेन्दर सिह ने उक्त कार्य मनरेगा से कराए जाने से इनकार किया है जबकि उक्त मारेगा प्रभारी के मौजूदगी में ही विगत दिनों क्षेत्रीय विधायक द्वारा उक्त तालाब का शिलान्यास मनरेगा के तहत कराए जाने के लिए किया गया था।

# अधिवक्ता समिति के लिए चार पदों पर होगा मतदान, शेष पदों पर निर्विरोध निर्वाचन

* अर्हता के अभाव में एक पदाधिकारी का पर्चा निरस्त, एक पद पर हुआ पर्चा वापस

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**मछलीशहर।** अधिवक्ता समिति के पदाधिकारियों के चुनाव के लिए नामांकन के बाद नाम वापसी व जांच प्रक्रिया समाप्त हो गई। अब अध्यक्ष,महामंत्री,उपाध्यक्ष 10 वर्ष से अधिक अनुभव व उपाध्यक्ष 10 वर्ष से कम अनुभव वाले चार पदों पर 28 दिसंबर को मतदान होगा। अध्यक्ष पद पर जगदम्बा प्रसाद मिश्र,बृजेश कुमार श्रीवास्तव,हुबेदार पटेल,महामंत्री पद पर वेद प्रकाश श्रीवास्तव,नंद लाल यादव,शिव प्रसाद मौर्य के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है और उपाध्यक्ष 2 पद 10 वर्ष से अधिक अनुभव के लिए रतन लाल गुप्ता,राजेश कुमार,जितेंद्र प्रसाद यादव व उपाध्यक्ष एक पद 10वर्ष से कम अनुभव के लिए सदीप कुमार सिंह के नामांकन वापस लेने के बाद उदय प्रताप यादव संदीप श्रीवास्तव के बीच मुकाबला है।जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष पद पर रमेश चंद्र यादव,संयुक्त सचिव प्रकाशन पद पर संदीप कुमार सिंह, संयुक्त सचिव पुस्तकालय के लिए कुंवर बहादुर, आय व्यय निरीक्षक के लिए धर्म प्रकाश दूबे,सदस्य कार्यकारिणी 6 पद पर 15 वर्ष से कम अनुभव के लिए अनुपम यादव,धर्मेंद्र सिंह,प्रदीप कुमार सरोज,शिव कुमार,मनोज कुमार पाल,राम प्रसाद व सदस्य कार्य कारिणी 15 वर्ष अनुभव से अधिक 6 पद के लिए अजय कुमार यादव का निर्विरोध निर्वाचन तय है। वहीं संयुक्त सचिव प्रशासन के पद पर राम सिंह द्वारा किया गया नामांकन अर्हता के अभाव में निरस्त कर दिया गया। इस रिक्त पद के लिए बाद में चुनाव होगा। एल्डर्स कमेटी(चुनाव अधिकारी) दिनेश चंद्र सिन्हा, केदार नाथ यादव,राजेंद्र प्रसाद सिंह, अशोक कुमार श्रीवास्तव,राम आसरे द्विवेदी, इंदू प्रकाश सिंह,भरत लाल यादव, कुंवर भारत सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद, महामंत्री बनवारी राम मौर्य की उपस्थिति में जांच व नाम वापसी प्रक्रिया संपन्न हुई।

## फास्ट फॉरवर्ड

### चोरों ने घर और पाही से उड़ाया हजारों का सामान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/खुटहन। थाना क्षेत्र के दो अगल बगल गांवो से चोरों ने शुक्रवार की रात एक बंद पड़े घर और पाही को निशाना बना दिया। दोनों जगहों से लगभग पचहत्तर हजार कीमत का सामान चोर समेट ले गए। भुक्तभोगियों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल किया। जगजीवन पट्टी गांव निवासी अजय गौतम बस्ती से तीन सौ मीटर दूर खेत में नया घर बनाए हैं। शुक्रवार की शाम वे किसी काम से पुराने घर पर आये थे। वहीं भोजन कर सो गए। रात में अज्ञात चोर दरवाजा की कुण्डी तोड़ कर भीतर रखा सौर ऊर्जा संयंत्र की बैटरी, स्टेबलाइजर और पीतल के वर्तन उठा ले गए। बगल गांव कम्मरपुर निवासी रोहित गौतम की पाही पर कमरे की कुण्डी तोड़ भीतर रखा 15 केवीए का स्टेबलाइजर चोर उठा ले गए। घटना की जानकारी दूसरे दिन सुबह होने पर पीड़ितों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है।

### आज जौनपुर में आयेंगे प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह



जन एक्सप्रेस। जौनपुर । भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह ने बताया कि कल दिनांक 24 दिसम्बर को जौनपुर में उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार और जौनपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह आयेंगे। उन्होंने आगे बताया कि सिकरारा ब्लाक में पहले भारत संकल्प यात्रा में भाग लेंगे जिसमें भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के साथ राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र, शाहगंज विधायक रमेश सिंह और विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंशु भी रहेंगे। उसके पश्चात सीहीपुर स्थित जिला कार्श्वयालय पर संगठन कि आवश्यक बैठक लेगे।

### अभिभावक मीटिंग के दौरान बच्चों ने लगायी विज्ञान प्रदर्शनी



जन एक्सप्रेस। जौनपुर/सुइथाकला। क्षेत्र के सरायमोहिउद्दीनपुर स्थित सनसाइन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शनिवार को अभिभावक मीटिंग में विज्ञान प्रदर्शनी लगाकर अपनी योग्यता का परिचय का बखूबी प्रदर्शन किया। इस दौरान बच्चों द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में कुल 38 माडल पेश किया गया। जिसे देखकर अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की।स्कूल प्रबंधन से रविशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदर्शनी में कक्षा 4से 11वीं तक के बच्चे और बच्चियों ने प्रतिभाग किया था। जिनके द्वारा मानव पाचनतंत्र से लेकर रोबोट तक कुल 38 माडल प्रस्तुत किया गया था। प्रदर्शनी का समापन बाल मेले के आयोजन के साथ हुआ, जिसमें अभिभावकों समेत बच्चों ने बढ़चढ़कर मेले का लुत्फ उठाया। आगन्तुक अभिभावकों द्वारा बच्चों की प्रस्तुति पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। इस दौरान प्रधानाचार्य पूजा सिंह, चिन्ताहरण सिंह, मनोज यादव समेत अभिभावक और बच्चे मौजूद रहे।

### शार्ट सर्किट के चलते लगी आग में तीन मवेशियों समेत घरेलू सामान खाक



जन एक्सप्रेस। जौनपुर/सुइथाकला बीती रात क्षेत्र के खानपुर चौरवा गांव में शार्ट सर्किट के चलते लगी आग में घरेलू सामान सहित तीन मवेशी जलकर खाक हो गए। सूचना पर ग्राम प्रधान व पशु पालन विभाग के अलावा कोई अन्य जिम्मेदारान मौके पर नहीं पहुंचा। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात उक्त गांव निवासी मन्ने लाल हरिजन के रिहायशी मड़हे में शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई। जब तक आसपास के लोग इकट्ठा होते तब तक उसमें रखे घरेलू सामान सहित तीन बकरियां जलकर खाक हो गई। किसी तरह से ग्रामीण आग पर काबू पा सके। घटना की सूचना पर दूसरे दिन शनिवार सुबह पशुपालन विभाग के लोगों के मौके पर पहुंचने की सूचना प्राप्त हुई। मामले में जानकारी के लिए पशु चिकित्सा अधिकारी डाक्टर चन्द्र भान यादव से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया तो पता चला कि वह अपने पास मोबाइल ही नहीं रखते। फिलहाल अगलगी से पीड़ित परिवार को जान माल दोनों से हाथ धोना पड़ा।

### विधायक ने जरुरतमंदों को किया कंबलों का वितरण



जन एक्सप्रेस/पूरनपुर। शनिवार को कलीनगर के गोमती सभागार में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में जरूरतमंद पहुंचे। कार्यक्रम में सौ से अधिक जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। इससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। सर्दी का प्रकोप शुरू हो गया है। शासन द्वारा प्रशासन को जरूरतमंदों के लिए कंबल उपलब्ध कराए जा चुके हैं। इनका वितरण किया जा रहा है। कलीनगर तहसील प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। ताकि सभी गरीब, असहायों को कंबल मिल सके। शनिवार को कलीनगर गोमती सभागार में आयोजित समारोह विधायक बाबूराम पासवान और एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने जरूरतमंदों को कंबल बांटे। इससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। इस मौके पर तहसीलदार वीरेंद्र कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवम जायसवाल, पवन जायसवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# योजनायें ही नही डबल ईंजन सरकार लाभान्वित करने की देती है गारंटी: संजय सिंह गंगवार

* राज्यमंत्री ने कई गॉवों में क्षेत्र भ्रमण किया जनसम्पर्क, सुनी समस्यायें

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



प्रदेश के गन्ना विकास एंव चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि पिछली सरकारों में आमजनों के लिए जो मूलभूत सुविधायें मुहैय्या नही कराई गई वो भाजपा की डबल ईंजन की सरकार के कार्यकाल में गरीबों वंचितों एंव जरूरतमदों को उपलब्ध कराई गई है। उन्होनें कहा कि सरकार योजनाओं से गरीबों को लाभान्वित करने की केवल योजना ही नही बनाती बल्कि उनकी गारंटी भी देती है। राज्यमंत्री श्री गंगवार आज क्षेत्र भ्रमण एंव जनसम्पर्क कार्यक्रम के तहत मरौरी ब्लाक के ग्राम मीरपुर एंव ललौरीखेडा ब्लाक के ग्राम पिपराभूग, पिपरा वाले, पिपरा वाले 2, गुटैहा, रूपपुर कृपा, रूपपुर कमालू, राजीव कालोनी, एंव वरहा में आयोजित जन सभाओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होनें कहा कि बीते 67 सालों में जो सरकारे रही उनकी कथनी करनी में बडा अन्तर रहा लेंकिन भाजपा की डबल ईंजन की सरकार और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एंव लोकप्रिय प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के कुशल नेतृत्व में सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे जनता को पहुॅच रहा है। उन्होनें जन सभाओं के दौरान लोगों से पूछा की सरकार की आवास योजना, शौचालय योजना, आयुष्मान कार्ड योजना आदि से कितने ग्रामीणों को लाभ मिला है हाथ उठाकर बताये इस पर कई लाभार्थियों ने हाथ उठाकर बताया कि योजनाओं का लाभ उन तक पहुॅच रहा है। उन्होनें विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दलों के पास आज जनहित का कोई मुददा नही है और न ही उनके पास जन कल्याण की योजनायें है। विपक्षियों का एकमात्र फार्मूला जनता को गुमराह करना है ऐसे लोगों से जनता को सावधान रहना चाहिए। इस मौके पर ललौरीखेडा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, नगर विकास अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, संतोख सिंह संधु, किशन गंगवार, उमाचरन, मोहित गंगवार, कमल वर्मा, मनोज मिश्रा , शिव नरायन शर्मा, पूरन लाल गंगवार, राजेन्द्र वर्मा, धीरज मिश्रा, आकाश गंगवार,रविन्द्र कुमार, रोहित कुमार, लोकेश गंगवार, गुडडू वर्मा, अमित गंगवार सहित बडी संख्या में क्षेत्र के ग्राम प्रधान, बी0डी0सी0 सदस्य एंव गणमान्य नागरिक गण मौजूद रहें।

# जोगराजपुर ओर कुरैंया के तीन मेडिकल स्टोरों पर ड्रग इंस्पेक्टर ने की छापेमारी

* संदिग्ध दवाओं के लिए सैंपल जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजे

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





**पूरनपुर।** सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के तीन मेडिकल स्टोरों पर औषधि निरीक्षक नेहा वैश ने छापेमारी कर जांच की। जांच के दौरान संदिग्ध दवा के नमूने लिए। मेडिकल स्टोरों की जांच रिपोर्ट सहायक आयुक्त औषधि बरेली को भेजी गई। अचानक हुई छापेमार कार्रवाई से कई संचालक मेडिकल बंद कर खिसक गए। शनिवार थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव जोगराजपुर ओर कुरैंया में औषधि निरीक्षक नेहा वैश ने सिन्हे मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान मेडिकल पर दवा व्यवसाय व दवाओ से सम्वन्धित अभिलेखों, दवाओं के क्रय एवं विक्रय व दवा भन्डारण आदि की जांच की। दवा भंडारण आदि में अनियमितता पाई जाने पर संचालक को कार्यवाही की चेतावनी दी। कार्रवाई के लिए जांच रिपोर्ट सहायक आयुक्त (औषधि) बरेली मंडल को भेजी गई निरीक्षण के दौरान दो अन्य प्रतिष्ठान हिंदुस्तान मेडिकल स्टोर व मिश्रा मेडिकल स्टोर पर दवा व्यवसाय से सम्वन्धित अभिलेखों, दवाओं के क्रय एवं विक्रय व दवा भन्डारण आदि की जांच की गयी ।दवा भंडारण आदि में अनियमितता पाई जाने पर प्रतिष्ठान पर उपस्थित प्रतिष्ठान स्वामी को विधिक कार्यवाही की चेतावनी दी गयी ।

# रोजगार मेला में साक्षात्कार के बाद 17 युवाओं को दिए गए नियुक्ति पत्र

* 17 कंपनियों को 735 युवाओं में 376 ही मिले नौकरी के काबिल
* पूरनपुर के गन्ना महाविद्यालय में लगा रोजगार मेला, बेरोजगार युवाओं की उमड़ी भीड़

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** शनिवार को नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में जिला सेवा योजन एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें करीब 735 शिक्षित बेरोजगारों ने पहुंचकर रजिस्ट्रेशन कराया। मेले में 17 कंपनियों ने युवाओं का साक्षात्कार लिया। इनमें 376 युवाओं का सलेक्शन किया गया। नियुक्ति पत्र मिलने पर युवाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। रोजगार मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक बाबूराम पासवान, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री डा. विनोद तिवारी आदि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मेले में पूरनपुर व कलीनगर तहसील क्षेत्र के अलावा जिलेभर से बड़ी संख्या में शिक्षित युवा बेरोजगार पहुंचे। करीब 735 युवाओं ने पंजीकरण कराया। मेले में देश की 17 प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया और पंजीकृत युवाओं का साक्षात्कार लिया। इसमें 376 युवाओं का चयन कर उनको नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। नौकरी मिलने पर युवाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। निवर्तमान प्रबंधक मोहन सिंह , निवर्तमान उपाध्यक्ष सतेन्द्र सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी विवेक शुक्ला एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सुधीर कुमार शर्मा ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य डा. सुधीर शर्मा ने जो युवा चयनित नहीं हो सके उनको भविष्य में चयन के लिए योग्यता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही मेले में पहुंचे सभी अतिथियों का आभार जताया। संचालन डा. पिंदर सिंह ने किया। रोजगार मेले की समस्त व्यवस्थाएं मेला प्रभारी डा. अरविन्द दीक्षित ने संभाली। इस मौके पर जितेन्द्र कुमार शर्मा, डा. सौरभ सक्सेना, शाहिद खान, अनूप शुक्ला, महेंद्र वर्मा, आशीष कंचन, रामकुमार, राजाराम, रोशन सिंह, उर्मिला सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं जिले भर से आए युवा छात्र मौजूद रहे।

# ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों की याद में वीर बाल दिवस मनाया



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

आज ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादो की याद में वीर बाल दिवस मनाया गया। वीर बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चों को चार साहेबजादे मूवी दिखाकर उनसे संबंधित सभी जानकारी दी गई। बच्चों ने इस मूवी के द्वारा अपने इतिहास के बारे में जाना। विद्यालय में इस उपलक्ष में सबद कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसे सभी बच्चों ने मनोभाव से सुना। प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने शहीद साहेबजादे बालकों को अश्रुपूरित नेत्रों से भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हमारे इतिहास में जिस तरह से वीर बालकों ने अपने देश को बचाने के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। लेकिन सर झुकाना उचित नहीं समझा ।इसी प्रकार से सभी बच्चों को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और इनके जैसा बनना चाहिए। जिस प्रकार से इन्होंने बहादुरी का परिचय देते हुए अपने देश के प्रति खुद को बलिदान कर दिया। प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने सभी शहीदों को अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धांजलि दी तथा सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार विद्यालय में चार साहिबज़ादे मूवी दिखाने का हमारा मुख्य उद्देश्य सभी बच्चों को हमारे इतिहास से संबंधित सभी जानकारी प्रदान करना है। मूवी के माध्यम से बच्चों को जानकारी दी गई।

# भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया

* राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, विधायक बरखेडा स्वामी प्रवक्तानंद एवं जिलाधिकारी प्रवीण कुमार ने किसानों को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



उ0प्र0 मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन गॉधी स्टेडियम स्थित प्रेक्षागृह में राज्यमंत्री (गन्ना एवं चीनी मिलें) उ0प्र0 शासन संजय सिंह गंगवार एवं जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में किया गया।

गतवर्षों की भांति इस वर्ष भी स्व0 चौधरी चरण सिंह (भूतपूर्व प्रधानमंत्री) के जन्म दिवस को आज किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें कृषि, गन्ना, उद्यान, मत्स्य, फसल बीमा, पषुपालन विभाग, अन्य विभिन्न कम्पनियों द्वारा स्टाल लगाया गया जिनका अवलोकन राज्यमंत्री एवं जिलाधिकारी द्वारा किया गया और लगाये गये स्टालों से जानकारी प्राप्त की। जिसमें कृषि, गन्ना, उद्यान, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग द्वारा सम्बन्धित क्षेत्र में उच्च उत्पादन प्राप्त करने वाले कृषकों को राज्यमंत्री, विधायक, बरखेड़ा एवं जिलाधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र एवं सॉल देकर सम्मानित किया गया। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये कृषकों द्वारा स्टालों को देखा गया। राज्यमंत्री द्वारा लता कृषक उत्पादक संगठन एवं इनबायरो ग्रीन कृषक उत्पादक संगठन (एफ0पी0ओ0) को राज्यमंत्री (गन्ना एवं चीनी मिले) द्वारा कृषि विभाग से 80 प्रतिशत अनुदान पर वितरण किये गये फार्म मशीनरी बैंक के टेॳक्टर की चाबी को दिया गया तथा पहल ग्रामीण सेवा समिति, सैदपुर द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मनोरंजन के साथ विभाग में चल रही योजनाओं के बारे में कृषकों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही साथ राज्यमंत्री द्वारा सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

जिलाधिकारी द्वारा समस्त कृषकों से विभागों में चल रही योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई। साथ ही उनके द्वारा यह भी अपील की गई की सभी कृषक भाई अपनी-अपनी फसलों का फसल बीमा अवष्य करा लें, ताकि आपदा आने पर फसलों में हुई क्षति का मुआवजा मिल सके। इस कार्यशाला में कृषकों को मिलेट्स (ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, सांवा, कुटकी, काकून एवं चीना) के पोषक तत्वों, मिलेट्स के विभिन्न प्रकारों, उसके उपभोग एवं उत्पादन के बारे में कृषि विज्ञान केन्द्र, टांडा विजैसी, पीलीभीत के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 शैलेन्द्र सिंह ढाका द्वारा जानकारी दी गई साथ ही अन्न की फसलों की पहचान एवं उनसे बनने वाले उत्पाद तथा उन्नतशील खेती करने की जानकारी दी गई तथा अन्न में पाये जाने वाले पोषक तत्वों एवं अन्न को दैनिक भोजन में कैसे उपयोग करें, के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा उनके द्वारा बताया गया कि महिलाओं में खून की कमी और कैल्शियम की कमी बहुतायत से है। यदि महिलाएं अन्न को दैनिक भोजन में प्रयोग करती हैं तो उक्त बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। संतोष कुमार सविता, उप कृषि निदेशक, पीलीभीत के द्वारा अन्न की खेती करने तथा उसमें पड़ने वाले उर्वरकों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी तथा इनके द्वारा बताया गया कि अन्न के उत्पादन करने में बहुत ही कम खाद उर्वरक एवं सिंचाई की आवश्यकता होती है। यह भी बताया गया कि अन्न की खेती वर्षा के आधार पर हो जाती है, अलग से सिंचाई करने की बहुत ही कम आवश्यकता पड़ती है। इसके साथ ही पी0एम0 किसान सम्मान निधि योजना के बारे में विस्तृत जानकारी कृषकों को उपलब्ध कराई गई। वैज्ञानिकों द्वारा कार्यशाला में उपस्थित कृषकों को कृषि की विभिन्न विधाओं एवं तकनीकी जानकारियॉ उपलब्ध कराई गई जिससे कृषक कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। विभिन्न विभागों से आये अधिकारियों द्वारा अपने विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# घना कोहरा : एक्सप्रेस वे पर खड़े लोडर से टकराई एंबुलेंस, मरीज समेत आठ घायल

* कैंसर रोगी को दिल्ली से बिहार ले जा रही थी एंबुलेंस
* बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत देवखरी गांव के पास हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत देवखरी गांव के सामने घने कोहरे में तेज रफ्तार एंबुलेंस पहले से ही खड़े लोडर के पीछे जा टकराई। हादसे में एक कैंसर मरीज और दो महिलाओं सहित आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने चौकी पुलिस की मदद से सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दिल्ली के डब्ल्यू-16 ओखला हेड शाहीन बाग निवासी नसीम पुत्र इलियास कैंसर रोग से पीड़ित है। नसीम का बेटा अब्दुल्ला और बहू नाजिया उसे एंबुलेंस से लेकर बिहार प्रांत स्थित अपने पैतृक गांव जा रहे थे। उसी एंबुलेंस में ही नसीम के रिस्तेदार इरफान पुत्र मोहम्मद खुर्शीद, अमीना पत्नी नसीर, अतुल्ला पुत्र नसीर भी सवार थे। एंबुलेंस विवेक यादव निवासी भुलाई किर्थुवा मैनपुरी चला रहा था। जबकि आगे की सीट पर दूसरा चालक गोलू पुत्र विधान सिंह निवासी भुगतियार पुर विहार बैठा था। रास्ते में शुक्रवार को आधी रात आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत ग्राम देवखरी के सामने चालक कोहरे के चलते आगे पहले से ही खराब खड़े लोडर को देख नहीं पाया और तेज रफ्तार एंबुलेंस लोडर के पीछे जा टकराई। हादसे में दोनों चालकों सहित एंबुलेंस में बैठे सभी यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम और पीतम पुरा चौकी पुलिस ने आनन-फानन सभी घायलों को सरकारी एंबुलेंस से बांगरमऊ सीएचसी भेजा। जहां डाक्टर ने हालत नाजुक देखकर सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रेस्क्यू टीम ने हाइड्रा की मदद से क्षतिग्रस्त एंबुलेंस और लोडर को पुलिस चौकी परिसर में खड़ी कराकर मार्ग पर आवागमन बहाल कराया।

## राम मंदिर पर समर्पित होगी इस बार की तुलसी पूजन यात्रा: विमल द्विवेदी

* यात्रा के मंच करेगा 51000 तुलसी के पौधों नि:शुल्क वितरण

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



हर वर्ष की भांति नर सेवा नारायण सेवा व हिन्दू जागरण मंच की 25 दिसंबर को निकाली जाने वाली तुलसी पूजन दिवस विशाल यात्रा राम मंदिर व खाटू श्याम जी सहित सैकड़ो मनमोहक झांकियो के साथ ही डांडिया, आर्मी बैंड, स्थानीय बैंड व घोड़े, रथो में महापुरुषों की झांकियों के साथ पूरी भव्यता से निकाली जाएगी। यात्रा दोपहर 12 बजे रामलीला मैदान से आवास विकास वृंदावन गार्डन तक जाएगी। यह जानकारी हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय प्रभारी विमल द्विवेदी ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं द्वारा महजनसम्पर्क अभियान चलाकर आमजनमानस को आमंत्रण पत्र व तुलसी का पौधा देकर आमंत्रित किया गया है। यात्रा के दौरान भी तुलसी के पौधों का नि:शुल्क वितरण होगा। साथ ही ढोल नगाड़ों के साथ भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी के जन्मदिन को भी मनाया जाएगा। साथ ही रामजन्मभूमि आंदोलन में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले हजारों कार सेवकों को भी हम कृतज्ञ हिन्दू समाज की तरफ से श्रद्धांजलि देंगे। यात्रा के आरंभ स्थल गंतव्य वृंदावन गार्डन आवास विकास में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। वार्ता में हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, सहसंयोजक विष्णु गुप्ता, आचार्य कमलेश बाजपेई, मनीष अवस्थी, योगेंद्र तिवारी, मनीष मिश्रा, शिवम आदि मौजूद रहे।

## एपीजीसी इंडिया की राष्ट्रीय आम सभा बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



एपीजीसी इंडिया ने शनिवार को अपनी राष्ट्रीय आमसभा बैठक(एनजीबीएम) और तीसरी कार्यकारी परिषद बैठक(ईसीएम) का आयोजन किया जिसे सीएस आजाद पक्षी अभयारण्य, नवाबगंज, उन्नाव में कानपुर सिटी चैप्टर द्वारा आयोजित किया गया। बताते चलें कि एसोसिएशन ऑफ़ प्रोफेशनल ग्रेजुएट सिविल इंजीनियर्स(एपीजीसीई) का गठन 2005 में उत्तर प्रदेश के प्रोफेशनल ग्रेजुएट सिविल इंजीनियरों के एक गैर लाभकारी, गैर-राजनीतिक संस्था के रूप में किया गया था, एपीजीसीई इंडिया के पूरे भारत में 43 चैप्टर हैं, ये पेशेवर इंजीनियर मुख्य रूप से औद्योगिक, वाणिज्यिक, आवासीय और हाइड्रोलिक परियोजनाओं के निर्माण में समाज को वास्तुकला और संरचनात्मक इंजीनियरिंग सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इस प्रतिष्ठित वार्षिक कार्यक्रम में भारत के 5 राज्यों अर्थात उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, बिहार और असम में फैले 43 शहर चैप्टर के 150 से अधिक इंजीनियरों ने भाग लिया। बैठक में भाग लेने वाले महत्वपूर्ण पदाधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष इं.एफ. यू. रहमान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इं.कुमार नीरज, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष इं.विवेक नारायण थे। कानपुर चैप्टर से प्रमुख उपस्थित अभियंतागण इं. नरेश खंडेलवाल, डॉ.रजत. के. खरे, इं.आनंद सिंह, इं.रमेश कुशवाहा, इं.मिन्हाज जाफरी, इं. यदुवेंद्र यादव, इं. सुधीर सिंह एवं इं. मोहम्मद अली आदि शामिल थे।


## कानपुर इनकम टैक्स बार एसोसिएशन का टूर्नामेंट ग्रीन पार्क में संपन्न



जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा

कानपुर इनकमटैक्स बार एसोसिएशन (KITBA) की ओर से स्वर्गीय अजय कुमार गुप्ता मेमोरियल बैडमिंटन एंड टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन शनिवार को ग्रीन पार्क क्रिकेट स्टेडियम में किया गया। इस प्रतियोगिता में कानपुर इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के मेम्बरों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। मैच में कांटे की टक्कर देखने को मिली। प्रत्येक

| विनर | रनर |
|---|---|
| • बैटमिंटन सिंगल्स के विनर | • सचिन गुप्ता |
| • बैडमिंटन डबल्स के विनर | • रनर हिमांशु सिंह |
| • टीटी सिंगल | • सचिन गुप्ता |
| • टीटी डबल्स | • मो. तारिक़ सिद्दीकी |
| | • रनर हिमांशु सिंह |
| | • विष्णु माहेश्वरी |
| | • विनर विष्णु माहेश्वरी |
| | • रनर सरबजीत सिंह मदान |
| | • विनर सरबजीत सिंह मदान |
| | • सचिन गुप्ता |
| | • रनर शैलेन्द्र सचान |
| | • आशीष जौहरी |




पार्टिसिपेंट्स को बार की तरफ से पुरुस्कार भी वितरित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय सह संयोजक विनोद गुप्ता रहें। बार के वर्तमान स्पोर्ट्स सेक्रेटरी सीए आनंद गुप्ता जी ने बताया कि इस वर्ष पार्टिसिपेंट्स के लिए लकी ड्रॉ भी रखा गया है जिसमें 3 लकी ड्रॉ निकाले गये जिसको क्रमशः फर्स्ट, सेकंड एंड थर्ड प्राइज के रूप में दिया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों में शरद शेखर श्रीवास्तव (प्रेसिडेंट) नरपत जैन वाइस प्रेसिडेंट मनीष श्रीवास्तव (चेयरमैन) राहुल चंद्रा (महामंत्री) आनंद गुप्ता (स्पोर्ट्स सेक्रेटरी)

## नशे की हालत में पति ने गर्भवती पत्नी को पीटा



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बिछिया। दही थाना क्षेत्र के घटोरी मजरे तारगाव निवासी अमित ने शुक्रवार शाम नशे की हालत में पांच माह की गर्भवती पत्नी रिंकी को पीट दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई पत्नी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने रिंकी को जिला अस्पताल लेकर गई जहां उसका इलाज करवाकर मेडिकल करवाया दरोगा खेड़ा चौकी प्रभारी राम प्रताप सिंह ने बताया की एनसीआर दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है पत्नी मायके चली गई है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### नन्हे-मुन्ने बच्चे बने सेंटा क्लॉज

**जन एक्सप्रेस** । शुक्लागंज/उन्नाव। आनंद नगर स्थित शिवम कान्वेंट स्कूल में क्रिसमस डे को देखते हुये पार्टी का आयोजन किया गया। इसके साथ ही राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में भी बच्चों ने क्रिसमस डे को सैलीब्रेट करने के लिए स्कूल में क्रिसमस ट्री की सजावट की। वहीं पोनी रोड स्थित दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में क्रिसमस डे पर नन्हे मुन्ने बच्चे सेंटा क्लाज की वेषभूषा में पहुंचे। जहां सेंटा क्लॉज ने गिफ्ट बांटे। इस दौरान प्रबंधक संतोष तिवारी, प्रधानाचार्या सुधा तिवारी, अभिषेक तिवारी, सुधीर सिंह के अलावा शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रही। राजमार्ग स्थित डीएसएम. पब्लिक स्कूल में भी क्रिसमस डे मनाया गया। इसके अलावा संत विवेकानंद स्कूल, पूर्णिमा विद्या मंदिर, शिवांश कान्वेंट, महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल में भी बच्चों ने क्रिसमस मनाया।

### आमने-सामने ई बसें आने से लगा जाम

**जन एक्सप्रेस** । शुक्लागंज/उन्नाव। शनिवार को सुबह बालूघाट से नवीन पुल का मार्ग संकरा होने के कारण आमने-सामने ई बसें आ गई। जिससे छोटे वाहन नहीं निकल सके और जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में फोरलेन तक जाम की स्थिति बन गई। जिससे कानपुर ड्यूटी जाने वालों के अलावा स्कूली छात्र-छात्राएं विलंबित हो गई। वहीं बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर दोपहर के समय अप और डाउन लाइन से ट्रेनें निकलने के कारण सरैयां क्रासिंग पर जाम की स्थिति बनी रही। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। पुलिस न मौजूद होने पर वाहन सवार खासे परेशान रहे। जाजमऊ पुराने पुल पर एनएचआई की ओर से मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। जिस कारण शनिवार को हाइवे पर पूरे दिन भीषण जा लगा रहा। जाम छुड़ाने में पुलिस के पसीने छूट गये। जाम में तमाम वीआईपी, एम्बुलेंस और लंबी दूरी की बसें फंसी रही। कई किलोमीटर लंबा जाम लगने से राहगीर परेशान हो गये। जाम दोपहर दो बजे से देर शाम तक लगा रहा।

### गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन

**जन एक्सप्रेस** । शुक्लागंज/उन्नाव। शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के रहने वाले लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इस दौरान उन्नाव अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। जहां कुल 12 लोग फरियाद लेकर पहुंचे। जिसमें 10 मामले राजस्व से संबंधित आए। वहीं 2 मामले पुलिस से संबंधित भी आये। सभी मामलों को निस्तारण के लिये संबंधित कर्मियों को सौंपा गया है। वहीं राजस्व के मामले न निस्तारित होने पर फरियादी मायूस होकर लौट गये।

### दुग्ध वाहन ने पैदल जा रहे मजदूर को मारी टक्कर, मौत

**जन एक्सप्रेस** । उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में बीती शाम मजदूरी कर पैदल घर लौट रहे मजदूर को दुग्ध वाहन ने टक्कर मार दी। घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया। आसीवन थाना क्षेत्र के बदुल्ला खेड़ा निवासी अरविंद(28) पुत्र नरेश मजदूरी करने गया था। देर शाम पैदल घर लौटते समय महमदखेड़ा व बदुल्लाखेड़ा के बीच दूध कलेक्शन की पिकअप ने टक्कर मार दी। घायल घटनास्थल पर पड़ा रहा। राहगीरों ने पहचान कर घर वालों को सूचना दी। परिजनों ने उसे सीएचसी मियागंज पहुंचाया। जहां डाक्टर ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां पहुंचने पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक चार भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी मौत पर मां मालती, पत्नी आरती समेत परिजन बेहाल है। अरविंद की मौत से उसके पांच वर्षीय बेटे पियूष के सिर से पिता का साया हमेशा के लिए छीन गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शनिवार शव का पोस्टमार्टम कराया।



### 102 एंबुलेस की महिला कर्मी ने पायलट पर लगाए आरोप

**जन एक्सप्रेस** । उन्नाव। 102 सेवा की एंबुलेंस मे तैनात महिला ईएमटी ने धर्म विशेष के पायलट पर छेड़छाड़, मारपीट का आरोप लगाते हुए जिला अस्पताल चौकी में शिकायत की। पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाया। जहां आपस में समझौते को लेकर बात चीत चल रही है। मामला संज्ञान में आने पर एंबुलेंस सेवा के इंचार्ज ने दोनों कर्मियों पर कार्रवाई की बात कही है। जिला महिला अस्पताल में तैनात 102 सेवा की एंबुलेंस में कार्यरत ईएमटी युवती ने समुदाय विशेष के पायलट पर धार्मिक टिप्पणी करते छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए जिला अस्पताल चौकी में शिकायत की। चौकी इंचार्ज प्रवीण पुंज ने दोनों पक्षों को बुलाया। जहां दोनों पक्षों में समझौते को लेकर वार्ता चल रही है। इस मामले में एंबुलेंस सेवा डिस्ट्रिक मैनेजर ने दोनों पर कार्रवाई की जाएगी।

## लूट की घटना के बाद हुआ समझौता



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**बिछिया।** दही थाना क्षेत्र के अलगनगढ़ के निकट गंगा एक्सप्रेस वे में काम कर रहे श्रमिक रहमत अली का एक वीडीओ सोसल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमे श्रमिक ने एक गोलू यादव नाम के युवक का नाम ले आरोप लगाया है की पास के ही एक युवक ने अपने कुछ साथियों के साथ मेरे साथ रात के अंधेरे में मारपीट की मेरे दो साथियों को भी मारापीटा और मुझे वेतन मिला था बीस हजार रुपए वो तमंचा लगाकर छीन ले गया जिसको लेकर पुलिस को भी सूचना दी है। गंगा एक्सप्रेस वे में लगी गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की है जिससे उसका सीसा भी टूट गया है। इस घटना में जब दही थानाध्यक्ष अनुराग सिंह से बात की गई तो बताया की आपसी मारपीट का मामला था दोनों पक्षों ने आपसी समझौता कर लिया है।

## मोहनी चाय ने पेश किया डबल धमाका ऑफर




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

मोहनी उद्योग समूह अपने ग्राहकों तथा व्यावसायिक भागीदारों के साथ हमेशा संजीदा रहा है साथ ही उनके हितों को हमेशा ध्यान में रखकर योजनाओं का क्रियान्वयन करता रहा है। यह बात मोहनी चाय के निदेशक श्री दिनेश अग्रवाल ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि मोहनी चाय द्वारा अपने उपभोक्ताओं एवं होलसेलर्स तथा रिटेलर्स को प्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से उनके हित को ध्यान में रखते हुए दो योजनाएं प्रारम्भ की हैं। पहली योजना के माध्यम से सीधे ग्राहकों को लाभ मिलेगा जिसके अंतर्गत मोहनी गुड टाइम 200 ग्राम पैक की खरीद पर 35 ग्राम अतिरिक्त चाय व स्टेनलेस स्टील का चम्मच मुफ्त मिलेगा यह जानकारी मोहनी चाय के निदेशक श्री दिनेश अग्रवाल ने दी। दूसरी योजना मोहनी चाय के होलसेलर्स तथा खुदरा व्यापारी बंधुओं के लिए है जिसके अंतर्गत 12 किग्रा मोहनी चाय की खरीद पर एक स्क्रैच कूपन कंपनी द्वारा दिया जायेगा जिसे स्क्रैच करके 100 रु से 1100 रु तक कैशबैक मिलेगा तथा 10 कैशबैक कूपन इकट्ठा करने पर पाएं एक बोनस स्क्रैच कूपन मुफ्त, जिसमें आप 21 किलो ग्राम तक मुफ्त मोहनी चाय जीत सकते हैं। यह योजनाएं चुनिंदा शहरों में। दिसंबर 2023 से 30 अप्रैल 2024 तक लागू की गयी हैं। इस अवसर पर मोहनी चाय के निदेशक श्री सुरेश चंद्र अग्रवाल, रीजनल सेल्स मैनेजर श्री शिवेंद्र प्रताप सिंह व वितरक श्री अर्जुन शर्मा, श्री संजय गुप्ता व श्री राजू शर्मा उपस्थित रहे।

## विकसित भारत कार्यक्रम में शामिल हुईं बिल्हौर ब्लॉक प्रमुख अरौल

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो




बिल्हौर तहसील क्षेत्र में प्रत्येक ग्राम सभा में जनप्रतिनिधियों के द्वारा सभाएं कर सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देना और लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करना कार्यक्रम चल रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को बिल्हौर ब्लाक प्रमुख श्रीमती मनोरमा कठेरिया ने ग्राम पंचायत अरौल व भीटी हवेली में पहुंचकर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत चलाया गया स्वच्छता अभियान व अन्य कार्यक्रम में उपस्थित रहकर अपने भाषण में आए हुए किसानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अगर कोई भी गरीब पात्र व्यक्ति है और उसको उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है तो वह हमको इसी मीटिंग में अभी नाम नोट कराए हम उसकी जांच करा कर अगली वाली लिस्ट में पात्रता सूची में शामिल कराएगे और उसका लाभ दिलवाएंगे उन्होंने बताया किसी को भी किसी भी तरह की कोई दिक्कत है तो हमारे घर पर आकर अपनी पूरी बात बता सकता है हम उसका समय रहते हैं समाधान निकालेंगे और उसकी हर संभव मदद करेंगे आए हुए किसानों का उन्होंने पात्रता सूची शामिल उज्ज्वला योजना लाभार्थियों में सोनी देवी, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि में रामखिलावन, अमर सिंह, राकेश कुमार व रामविलास, साधन सहकारी समिति सूची में बच्चू सिंह, विनोद सिंह, अमर सिंह शिवकुमार और सुनील सिंह आयुष्मान सूची में सत्यवती को प्रमाण पत्र दिए गए इस मौके पर जिला महामंत्री डॉ राजेंद्र कटियार, जिला मंत्री अमरनाथ राजपूत, जिला उपाध्यक्ष संतोष बाजपेई, सचिव शिवपाल सिंह प्रधानपति आनंद करण सिंह, राशन एवं खाद्य विभाग टीम में ओम प्रकाश राणा, शुभ्रा वर्मा, गणेश कटियार एडीओ समाज कल्याण हर्ष कुमार अरौल प्रधान श्रीमती सुमन सिंह पत्नी आनंद करण सिंह और भीटी हवेली प्रधान निक्की कटियार आदि के द्वारा प्रधानमंत्री सम्मान निधि प्रमाण पत्र आयुष्मान कार्ड उजाला योजना के अंतर्गत गैस चूल्हे वितरित किए गए और जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में आए हुए ग्रामीणों को विधिवत समझाया गया। प्रधानों ने आए हुए ग्रामीणों का भोजन व्यवस्था भी कराई।

## दिखा कोहरे का कहर तीन ट्रकों की आपस में हुई भिड़ंत



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के घाटमपुर क्षेत्र में कोहरे के कारण एक बड़ा हादसा हुआ है, जिसमें तीन ट्रक आपस में भिड़ गये। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ट्रक से निकलवाया तथा उन्हे घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया गया, जहां एक की हालत गंभीर होने के कारण उसे हैलट अस्पताल भेज दिया गया है। घटना के कारण हाइवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया था। सर्दी बढने के साथ ही अब सुबह कोहरा भी घना होने लगा है और ऐसे में सड़क पर चलने वाले बड़े वाहनो के चालकों को काफी सावधानी बरतनी होगी। कोहरे के कारण कई बड़े हादसे होते रहते हैं कानपुर के घाटमपुर क्षेत्र में कोहरे के चलते तीन ट्रकों की आपस में भिडंत हो गयी। हादसे में चालक सहित दो अन्य लोग घालय हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने घालयों को 108 एंबुलेंस द्वारा घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया जहां एक की हालत गंभीर होने के कारण उसे हैलट रिफर कर दिया गया। ट्रक चालक सरोज द्वारा बताया गया कि वह अमेठी के बख्तावर फुर्सतगंज का रहने वाला है। बताया कि वह फतेहपुर की ओर जा रहे थे कि सजेती थाना क्षेत्र के भदवारा गांव के पास सामने से आ रहे ट्रक से उनका ट्रक टकरा गया और उसके बाद पीछे से आनेवाला ट्रक भी उनसे भिड़ गया। सरोज को गंभीर अवस्था में कानपुर के हैलट अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया गया है।

## चोरों ने आयरन स्टील की दुकान से माल किया पर

**जन एक्सप्रेस** । कानपुर नगर। शहर के आस-पास के क्षेत्रों में लगातार चोरों का आतंक जारी है और लगातार रात को चोर किसी न किसी दुकान, घर को अपना निशाना बनाते जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना बिधनू क्षेत्र के अतंर्गत एक आयरन स्टील की दुकान में ताला तोड़ चोरो ने लाखों का माल पार कर दिया। सुबह जब दुकान मालिक को चोरी की घटना का पता चला तो वह थाना बिधनू पहुंचा। बिधून थानाध्यक्ष ने कहा कि जांच की जायेगी और जल्द ही मामले का खुलासा किया जायेगा। जानकारी के अनुसार हंसपुरम नौबस्ता के रहने वाले विवेक गुप्ता की दुकान थाना बिधनू क्षेत्र के हरबसपुर गांव में मां भगवती एंड आयरन स्टील के नाम से है। बताया कि दुकान में निर्माण सम्बन्धि कार्य किया जा रहा है। उन्होने बताया कि शनिवार की सुबह जब वह अपनी दुकान में पहुंचे तो उन्होने ताला टूटा पाया और अन्दर जाने में जानकारी हुई की चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। उन्होने बताया कि चोरो द्वारा दुकान में रखा दस टन काला तार, इन्वेटर बैट्री सहित अन्य इलेक्ट्रिक का सामन चोरो ने पार कर दिया है। चोरी के सम्बन्ध में थाना बिधनू अध्यक्ष प्रेमचंद द्वारा बताया गया कि उन्हे चोरी की सूचना मिली है, जांच शुरू कर दी गयी है जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा किया जायेगा। बताया कि चोर छत के रास्ते से दुकान में घुसे, चूंकि दुकान में निर्माण का काम चल रहा था ऐसे में यहां काम करने वालो का भी इस घटना की पीछे हाथ हो सकता है।

## चार साहिबजादों की स्मृति में बनाई गयी मानव श्रंखला




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के आवास-विकास, हंसपुरम, नौबस्ता के सरस्वती शिशु मविधा मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल में विधालय के प्राचार्य तेजनारायण पाण्डेय द्वारा पूज्य गुरू गोविन्द सिंह जी के बलिदानी पुत्रों की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित विधालय के समस्त शिक्षकों तथा छात्रो द्वारा गुरूजी के पुत्रों को श्रृद्धा सुमन अर्पित किये गये। इसके उपरान्त विधालय के विधार्थियो द्वारा छात्र श्रृंखला बनाई गयी। इस अवसर पर विधालय के प्रचार्य तेजनारायण पाण्डेय ने कहा कि हमे पूज्य गुरू गोविन्द सिंह की कुर्बानी को हमेश स्मरण में रखते हुए अपने देश व समाज के प्रति अपने दायित्वों का निवार्हन पूर्ण इमानदारी के साथ करना चाहिए, बाधा चाहे जितनी बड़ी हो उन्हे दरकिनार करते हुए सच्चे ह्रदय से देश सेवा का अवसर खोना नही चाहिये। कहा कि गुरू जी के पुत्रों का बलिदान हमेशा देश के लिए गर्व का विषय रहेगा और हमारी आने वाली पीढ़ियों को लिए एक प्रेरणस्त्रोत बना रहेगा।

## शहर में अभी और बढ़ेगी सर्दी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने शनिवार को बताया कि पहाड़ों पर बना पश्चिमी विक्षोभ दूर चला गया है और परिणामस्वरूप इस सिस्टम के गुजरने के कारण मैदानी इलाकों में तापमान में गिरावट आई है। इसके अलावा उत्तरी मैदानी इलाकों के कुछ हिस्सों में भी इस मौसम का अब तक का न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है। थोड़े समय के लिए छिटपुट कोहरा छाया रहा, लेकिन इन इलाकों में लंबे समय तक या घने कोहरे की कोई सूचना नहीं मिली। अमृतसर और जालंधर के सबसे संवेदनशील हिस्सों में भी कुछ कोहरा देखा गया और दृश्यता घटकर 100 मीटर रह गई, जिससे परिचालन प्रभावित हुआ लेकिन स्थितियों में तेजी से सुधार हुआ।

### तमंचे के साथ शातिर को दबोचा

**जन एक्सप्रेस** । कानपुर नगर। सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार की रात बिठूर थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह अपने साथियों के साथ सिंहपुर में रात्रि ग्रस्त कर रहे थे तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि अभिषेक विश्वकर्मा पुत्र अशोक विश्वकर्मा निवासी सिंहपुर कछार मैनावती पर खड़ा है इसके खिलाफ कानपुर के अलावा अन्य जनपदों में भी एक दर्जन से अधिक संगीत धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। सूचना मिलते ही बिठूर थाना प्रभारी अपने साथियों उप निरीक्षक धर्मेंद्र उपनिरीक्षक सौरभ सिंह के साथ मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचे और आरोपी को दौड़कर पकड़ लिया। पुलिस को 315 बोर का तमंचा और जिंदा 2 कारतूस मिले हैं।

# भारत आ रहे जहाज पर हिंद महासागर में ड्रोन अटैक

## इस पर 20 भारतीय क्रू मेंबर, भारतीय नौसेना के एयरक्राफ्ट का जहाज से कॉन्टैक्ट हुआ

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

अरब महासागर में एक व्यापारिक जहाज पर ड्रोन हमले के बाद आग लगने की खबर सामने आई है। इसे लेकर भारतीय नौसेना भी अलर्ट हो गई है। भारतीय नौसेना के अधिकारियों ने बताया कि पोरबंदर तट से 217 समुद्री मील दूर अरब सागर में एक व्यापारिक जहाज एमवी केम प्लूटो में ड्रोन हमले के कारण आग लगने की आशंका है। ये जहाज इस्राइल से जुड़ा बताया जा रहा है। समाचार एजेंसी एएफपी मुताबिक, ब्रिटिश सेना की यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस और समुद्री सुरक्षा फर्म एंब्रे ने कहा कि एक व्यापारिक जहाज पर भारत के वेरावल के पास ड्रोन द्वारा हमला किया गया। भारतीय रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, जहाज में कच्चा तेल है और यह सऊदी अरब के एक बंदरगाह से मंगलुरू की ओर जा रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आग तो बुझ गई है लेकिन इसका असर कामकाज पर पड़ा है। उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय तटरक्षक बल के जहाज आईसीजीएस विक्रम को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। साथ ही आसपास के क्षेत्र में भारतीय नौसेना के युद्धपोत भी भारतीय विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर अरब सागर में व्यापारी जहाज एमवी केम प्लूटो की ओर बढ़ रहे हैं।

### ईरान ने किया बड़ा दावा

इस बीच, गाजा और इस्राइल के बीच चल रही जंग को लेकर ईरान वे बड़ा बयान दिया है। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के एक कमांडर ने कहा है कि अगर संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगी गाजा में हमले जारी रखेंगे तो भूमध्य सागर को बंद किया जा सकता है। ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद रजा नकदी ने कहा कि जल्द ही भूमध्य सागर, जिब्राल्टर और अन्य जलमार्गों को बंद किया जा सकता है।



### भारतीय नौसेना ने स्थापित किया संचार

नौसेना के अधिकारियों ने यह भी बताया कि भारतीय नौसेना का व्यापारिक जहाज के साथ संपर्क हो गया है। उन्होंने बताया कि नौसेना के पी-8आई समुद्री निगरानी विमान ने गोवा में आईएनएस हंसा नौसैनिक हवाई अड्डे से उड़ान भरी और संकटग्रस्त जहाज एमवी केम प्लूटो के साथ संचार स्थापित किया। उन्होंने यह भी कहा कि नौसेना का युद्धपोत जहाज की ओर बढ़ रहा है और अगले कुछ घंटों में व्यापारी जहाज तक पहुंचने की उम्मीद है।

### जहाज ने आखिरी बार सऊदी अरब संपर्क किया था

ब्रिटिश मिलिट्री के मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स ने बताया कि जब जहाज पर हमला हुआ तो वह भारत के पोरबंदर कोस्ट से करीब 200 समुद्री मील की दूरी पर था। यह भारत के एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन से भी दूर था। जहाज सऊदी अरब से मेंगलुरु जा रहा था। न्यूज एजेंसी के मुताबिक हमले में किसी को नुकसान नहीं पहुंचा, लेकिन जहाज पर आग लग गई। इस आग पर काबू पा लिया गया है। लाइबेरिया के झंडे वाला यह जहाज इजराइल से संबंधित बताया जा रहा है। फिलहाल किसी ने भी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। जहाज से आखिरी बार सऊदी अरब संपर्क किया गया था।

### चालक दल में 20 भारतीय

रक्षा अधिकारियों ने बताया कि आईसीजीएस विक्रम को भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र की गश्त पर तैनात किया गया था जब उसे संकट में फंसे व्यापारिक जहाज की ओर निर्देश मिला था। उन्होंने बताया कि जहाज के चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। इनमें करीब 20 भारतीय भी शामिल हैं। आईसीजीएस विक्रम ने क्षेत्र के सभी जहाजों को सहायता प्रदान करने के लिए सतर्क कर दिया है। भारतीय तटरक्षक अधिकारियों ने बताया कि भारतीय तट रक्षक डोर्नियर समुद्री निगरानी विमान ने व्यापारिक जहाज एमवी केम प्लूटो के साथ संचार स्थापित किया है। ड्रोन हमले के बाद जहाज ने अपनी स्वचालित पहचान प्रणाली को बंद कर दिया जिसका उपयोग जहाज को ट्रैक करने के लिए किया जा सकता है। जहाज की बिजली उत्पादन प्रणाली अब काम कर रही है। जहाज के रवाना होने से पहले उसकी पूरी जांच की जा रही है।

# क्रिसमस के दिनों में सभी हिंदू-सिखों को शोक मनाना चाहिए: ठाकुर दलीप सिंह

**जन एक्सप्रेस। पंजाब**



नामधारी मुखी ठाकुर दलीप सिंह ने अपने संदेश में कहा कि क्रिसमस के दिनों में सभी हिंदू सिखों को शोक मनाना चाहिए क्योंकि क्रिसमस का त्योहार हमारा भारतवासियों का नहीं है। क्रिसमस के दिनों, धर्म की रक्षा करते हुए सतगुरु गोबिन्द सिंह जी के माता जी तथा साहिबजादों का बलिदान हुआ तथा हजारों सिख शहीद हुए थे। उनके इस महान बलिदान का हमें शोक मनाना चाहिए। इस बलिदान को स्मरण करके अपने बच्चों में, अपने परिवार में भी ऐसा तत्व भरना चाहिए जिससे हम धर्म की तथा राष्ट्र की रक्षा कर पाएं। यदि आवश्यकता हो तो हम भी अपने धर्म की रक्षा के लिए जीवन बलिदान कर सकें। गुलामी के कारण, विदेशी अमीरों की सभ्यता की नकल करते हुए; हम भारतवासी भी अचेत मन से ही क्रिसमस का त्योहार मनाने लग गए हैं। ठाकुर जी ने अपनी बात स्पष्ट करते हुए कहा कि हम भारतवासी विशेष रूप से सिख; यह भूल गए हैं कि क्रिसमस उन्हीं ईसाई अंग्रेजों का त्योहार है जिन्होंने हमारा देश गुलाम बनाया, महाराजा रणजीत सिंह के पुत्र महाराजा दलीप सिंह को ईसाई बना कर इंग्लैंड ले गए, हमारे हरिमंदिर साहिब को नीलाम करने व गिरजा घर बनाने की कोशिश की, 1873 में 'सिंह सभा' बना कर उसके माध्यम से सिखों को देश-भगत से अंग्रेज़-भगत बनाया। अंग्रेज़-भगत बना कर, सिखों को अंग्रेज़ी फौज में भर्ती करके, दोनों बड़े विश्व युद्धों में इंग्लैंड की ओर से लड़वाया; जिनमें एक लाख केसधारी सिख मारे गए तथा एक लाख केसधारी सिख अपंग हो गए। हजारों ही देश भगत निहंग सिंघों, नामधारी सिंघों का कत्लेआम किया, जलियाँ वाले बाग में हजारों निहत्थे लोगों पर गोलियां चलवाईं, हिन्दू सिखों की आपस में फूट डलवा कर उन्हें लड़वाया, हमारी भारतीय संस्कृति को नष्ट किया। जब ईसाई~ गुरुपुर्व या हमारे त्योहार नहीं मनाते; तो क्रिसमस का त्योहार मनाना भी हमारे लिए सही नहीं है। हम अपने त्योहार भूल रहे हैं; और विदेशी अमीरों की नकल करते हुए उनके त्योहार मनाने लग गए हैं जो कि हमारी भारतीय संस्कृति के लिए अति हानिकारक है। ठाकुर जी ने कहा कि क्रिसमस के दिनों में साहिबजादों की शहीदी होने के कारण, हम सिखों को तो कोई भी त्योहार या खुशी मनानी योग नहीं। हम नामधारी सिखों की विनती है~ कृपया आप क्रिसमस के त्योहार की बजाय सतगुरु गोबिन्द सिंह जी के बाल वीर साहिबजादों का शहीदी दिवस मना कर, उन को नमन करें।

## अखनूर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, सुरक्षाबलों की फायरिंग में एक घुसपैठिया ढेर, तीन भागे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर में अखनूर के आईबी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम की गई है। 22 और 23 दिसंबर की रात को चार आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधि देखी गई। अलर्ट सुरक्षाबलों ने संदिग्ध गतिविधि देख फायरिंग कर दी। फायरिंग में एक आतंकवादी मारा गया है। जबकि तीन वापस भाग गए। तीनों आतंकी एक शव को घसीटकर ले गए। आतंकवादियों को एक शव को आईबी के पार घसीटते हुए देखा गया है। आपको बता दें कि पुंछ-राजोरी सेक्टर में 25 से 30 पाकिस्तानी आतंकवादी के सक्रिय होने का संदेह है। माना जा रहा है कि इस सेक्टर में फैले घने जंगल और प्राकृतिक गुफाओं को आतंकी अपना ठिकाना बना रहे हैं। भारत ने 2020 में चीन के साथ बिगड़े हालातों के बीच राष्ट्रीय राइफल्स की यूनिटों को पुंछ सेक्टर से हटाकर लद्दाख में स्थानांतरित कर दिया था। सूत्रों ने कहा कि पुंछ और राजोरी क्षेत्र में पाकिस्तान और चीन द्वारा आतंकवादी गतिविधियों को पुनर्जीवित करने की साजिश रची गई है, ताकि भारतीय सेना पर लद्दाख सेक्टर से सैनिकों को हटाने और इस क्षेत्र में बलों को फिर से तैनात करने के लिए दबाव बनाया जा सके। इस बीच पाकिस्तान ने भारतीय सैनिकों के खिलाफ हमले करने के लिए पाकिस्तान से अपने आतंकवादियों को राजोरी-पुंछ क्षेत्र में भेजना शुरू कर दिया।



## बीजेपी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक खत्म, आगामी लोकसभा चुनाव समेत कई मुद्दों पर चर्चा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारियों की दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में दो दिवसीय बैठक का आज अंतिम दिन था। शनिवार को हुई बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शिरकत की। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में बड़े अंतर से जीत हासिल किए जाए। साथ ही बैठक में लोकसभा चुनाव की रणनीति पर भी चर्चा की गई है।

### बैठक में कई मुद्दों पर किया गया फोकस

दिल्ली में दो दिवसीय भाजपा पदाधिकारियों की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा के साथ बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया गया। पदाधिकारी से चर्चा के दौरान कहा गया कि वह नए मतदाताओं को जोड़ने पर फोकस करें। साथ ही बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में पचास प्रतिशत वोट शेयर हासिल करने का भी लक्ष्य तय किया गया है।

### पीएम मोदी बोले, चार जातियों पर दें ध्यान

पहले दिन बैठक में पीएम मोदी ने शिरकत की थी। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा था कि चार जातियों (महिलाओं, किसानों, युवाओं, गरीब) को ध्यान में रखकर काम किए जाएं। साथ ही उन्होंने 2024 के आम चुनाव के लिए मिशन मोड में काम करने पर जोर दिया है।

### 'राम' के जरिए भाजपा लगाएगी नैय्या पार

भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष को घेरने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही भाजपा में राम मंदिर निर्माण पर एक बुकलेट जारी करने पर सहमति बनी। वहीं भाजपा एक जनवरी से मंदिर समारोह अभियान चलाएगी, जिसके जरिए विपक्ष को घेरने की तैयारी की जा रही है।



# भारत को अपने नागरिकों तक राजनयिक पहुंच मिली

## मानव तस्करी के शक में रोका गया था विमान, जांच जारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

फ्रांस में भारतीय दूतावास को अपने नागरिकों तक राजनयिक पहुंच मिल गई है। फ्रांसिसी अधिकारियों ने एक विमान को पेरिस के पास एक हवाई अड्डे पर तकनीकी ठहराव के दौरान हिरासत में ले लिया था। यह विमान 303 लोगों को लेकर निकारागुआ जा रहा था।

### चालोन्स-वाट्री हवाई अड्डे पर रोका गया विमान

स्थानीय मीडिया ने शनिवार को फ्रांस के अधिकारियों के हवाले से खबर दी कि विमान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई से उड़ान भरी थी। इसमें 303 भारतीय यात्री थे। विमान को गुरुवार को मानव तस्करी के संदेह में मार्ने के चालोन्स-वाट्री हवाई अड्डे पर रोक दिया गया था।

### भारतीय दूतावास की टीम पहुंची

दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, फांसिसी अधिकारियों ने हमें सूचित किया है कि 303 यात्रियों को लेकर दुबई से निकारगुआ जा रहे एक विमान को फ्रांस के हवाई अड्डे पर तकनीकी ठहराव के दौरान रोक लिया गया। उन्होंने कहा, दूतावास की टीम पहुंच गई है और राजनयिक पहुंच हासिल कर ली है। हम स्थिति की जांच कर रहे हैं और यात्रियों की कुशलक्षेम भी सुनिश्चित कर रहे हैं। देश के एक प्रमुख अखबार ने अपनी खबर में बताया कि मार्ने की नागरिक सुरक्षा इकाई ने शनिवार को कहा कि 13 नाबालिग भी यात्रियों के साथ विमान में सवार थे। जिनकी उम्र 21 महीने से 17 साल के बीच है।

### जांच पूरी होने तक हिरासत में दो लोग

इससे पहले की एक खबर में कहा गया था कि जुनाल्को ने जांच अपने हाथ में ले ली है। जुनाल्को फ्रांस की राष्ट्रीय संगठित अपराध रोधी इकाई है। वहीं, पेरिस अभियोजक कार्यालय ने एक बयान में कहा कि विशेष जांचकर्ता विमान में सवार सभी लोगों से पूछताछ कर रहे हैं। आगे की जांच पूरी होने तक दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### विमान में सवार थे 303 भारतीय

मार्ने के पूर्वोत्तर विभाग ने कहा कि रोमानियाई कंपनी लीजेंड एयरलाइंस द्वारा संचालित 340 विमान गुरुवार को लैंडिंग के बाद चालोन्स-वाट्री हवाई अड्डे पर खड़ा रहा। पेरिस से 150 किलोमीटर पूर्व में स्थित यह हवाई अड्डा ज्यादातर बजट एयरलाइन की सेवा करता है। खबर में कहा गया है कि प्रान्त ने कहा कि विमान को ईंधन भरना था और इसमें 303 भारतीय नागरिक सवार थे, जो यूएई में काम कर रहे थे।


# भारत-म्यांमार सीमा पर म्यांमार सेना ने बरसाए आर्मी बेस पर बम, 50 से अधिक कैडरों की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। आइजोल**



भारत-म्यांमार सीमा पर शुक्रवार को म्यांमार सेना के लड़ाकू विमानों ने अराकेन आर्मी बेस पर बमबारी की। इसमें अभी तक 50 कैडरों के मौत की खबर है। भारतीय सीमा के अंदर इस बामबारी का कोई असर नहीं हुआ है। विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि शुक्रवार शाम को करीब को तीन बजे म्यांमार सेना (एमए) के लड़ाकू विमानों और हेप्टरों ने म्यांमार गांव वरंग के पास स्थित अराकन आर्मी (एए) बेस पर बमबारी की। घटना में 40-50 एए कैडर मारे गए हैं और अन्य करीब 30 घायल हुए हैं। जानकारी के मुताबिक वरंग के सभी ग्रामीण जंगलों में भाग गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि कुछ लोग भारतीय क्षेत्रों में घुसे हो सकते हैं। लेकिन अभी तक किसी ने भी भारतीय क्षेत्र में घुसने की सूचना नहीं दी है। म्यांमार का गांव वरंग, भारत के गांव डुमजाओ और हमावंगबुचुआ के करीब हैं। इसलिए आसपास के भारतीय गांवों में म्यांमार के नागरिकों के प्रवेश से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# समलैंगिक जोड़ों को आशीर्वाद दे सकेंगे कैथोलिक पादरी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। शिलॉन्ग**

मेघालय में कैथोलिक चर्च ने घोषणा की है कि उसके पादरियों को समलैंगिक जोड़ों को बिना किसी विवाह संस्कार के आशीर्वाद देने की अनुमति दी जाएगी। यह फैसला ऐसे समय में किया गया है, जब कुछ दिन पहले पोप फ्रांसिस ने ऐसे जोड़ों के लिए आशीर्वाद देने की मंजूरी दी है। इस घोषणा से दस लाख से ज्यादा की आबादी वाले पूर्वोत्तर राज्य में कैथोलिक चर्च संगठन में बड़े बदलाव आएंगे। शिलॉन्ग के मुख्य पादरी विक्टर लिंगदोह ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि पोप फ्रांसिस की मंजूरी के बाद कैथोलिक चर्च ने फिडुसिया सप्लिकन्स घोषणा जारी की। इसके साथ ही कैथोलिक पादरियों के लिए समलैंगिक जोड़ों को किसी प्रकार के अनुष्ठान के बिना (विवाह संस्कार) आशीर्वाद देना संभव होगा। मुख्य पादरी ने कहा कि यह घोषणा कैथोलिक पादरियों को समलैंगिक जोड़ों को आशीर्वाद देने की अनुमति देती है, जिसमें किसी भी औपचारिक विवाह संस्कार को शामिल किए बिना देहाती पहलू पर जोर दिया गया है। बयान में आगे बताया गया है कि आशीर्वाद अनौपचारिक शब्दों के साथ एक पुजारी की सहज प्रार्थना होगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इसे विवाह के दौरान चर्च के आधिकारिक धार्मिक और धार्मिक अनुष्ठानों के रूप में गलत नहीं माना जाना जाहिए। उन्होंने इसकी पवित्रता और अनौपचारिक आशीर्वाद व आधिकारिक धार्मिक अनुष्ठानों के बीच अंतर पर जोर दिया।

# 'दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में नकली दवाएं'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

विजिलेंस डिपार्टमेंट ने एक रिपोर्ट में दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में नकली दवाएं होने की बात कही है। इस पर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने चीफ सेक्रेटरी नरेश कुमार को जांच कराने का निर्देश दिया है। ये भी कहा कि मामले की जांच सीबीआई से कराएं। मामले पर भाजपा की तरफ से मनोज तिवारी और वीरेंद्र सचदेवा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें आरोप लगाए कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नकली दवाओं के व्यापारी है। उनका सब कुछ नकली है। वहीं, वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि ,क्क के नेताओं के भ्रष्टाचार के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। ये पार्टी पैसे की भूखी है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने चीफ सेक्रेटरी को लिखी चिट्ठी में कहा है कि ये नकली दवाएं दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में लाखों मरीजों को दी जा रही हैं और शायद मोहल्ला क्लीनिक्स में भी बांटी जा रही है। उन्होंने दवाओं की खरीद में किए जा रहे खर्च पर चिंता जताई और दावा किया दूसरे राज्यों के सप्लायर और मैन्युफैक्सरर भी इस धांधली में शामिल हैं। सक्सेना ने विजिलेंस डिपार्टमेंट की रिपोर्ट के हवाले से कहा कि सरकारी लैबोरेटरी में जो 43 सैंपल भेजे गए थे, उनमें से तीन सैंपल क्वालिटी टेस्ट में फेल हो गए हैं, जबकि 12 रिपोर्ट अभी आनी बाकी हैं। इसके अलावा प्राइवेट लैब को जो 43 सैंपल दिए गए थे, उनमें से पांच सैंपल क्वालिटी पर खरे नहीं उतरे।

### ये पांच ड्रग्स सरकारी और प्राइवेट लैबोरेटरी में फेल हुईं

एमलोडिपाइन, लेवेटिरासीटम, पैंटोप्राजोल, सेफ्लैक्सीन और डेक्सामेथासोन जैसी दवाएं सरकारी और प्राइवेट दोनों लैबोरेटरीज में फेल हो गई है। चंडीगढ़ की एक सरकारी लैब में 11 और सैंपल पेंडिंग पड़े हैं। वहीं, विजिलेंस डिपार्टमेंट का कहना है कि क्योंकि 10 प्रतिशत सैंपल क्वालिटी टेस्ट में फेल हो गए हैं, इसलिए सैंपलिंग स्कोप बढ़ाया जाएगा।

### मराठा आरक्षण को लेकर 20 जनवरी से फिर आंदोलन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** मराठा आरक्षण का प्रमुख चेहरा मनोज जारांगे ने चेतावनी दी है कि वे 20 जनवरी से मुंबई के आजाद मैदान में आमरण अनशन करेंगे। शनिवार (23 दिसंबर) को मनोज जरांगे बीड में हुई मराठा आरक्षण सभा में बोल रहे थे। मनोज की इस सभा से पहले 200 जेसीबी से उन पर फूल बरसाए गए, जबकि पूरे कार्यक्रम स्थल पर हेलिकॉप्टर से फूलों की बरसात की गई। मनोज ने अक्टूबर में 9 दिन का अनशन किया था। तब उन्होंने सरकार को आरक्षण लागू करने 2 जनवरी तक का समय दिया था। ऐलान करते हुए मनोज ने कहा- हम अपने हक का आरक्षण चाहते हैं, यही हमारी लड़ाई है। हम सरकार से अपील करते हैं कि हम सभी का दर्द एक जैसा है, आरक्षण मिलने तक मराठा पीछे नहीं हटेंगे। सरकार को समझदारी भरा रुख अपनाना चाहिए, मंत्री छगन भुजबल की बात न सुनें, अगर एक बार पूरा समाज परेशान हो जाए तो अपना मामला साफ समझिए।

# इंडिया गठबंधन भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे लोगों का समूह: अनुराग

*** वपक्ष को आम आदमी से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर बहस में भाग लेना चाहिए था**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को विपक्षी इंडिया गठबंधन को भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे नेताओं का एक ऐसा समूह करार दिया, जिनकी कोई समान विचारधारा या राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए ठाकुर ने कहा कि विपक्षी गठबंधन ने हाल ही में विधानसभा चुनावों में अपनी हार से हताश होकर संसद के शीतकालीन को बाधित किया। अनुराग ठाकुर की यह टिप्पणी तब सामने आई है, जब एक दिन पहले इंडिया गठबंधन ने शीतकालीन सत्र के दौरान 146 सांसदों के निलंबन के खिलाफ राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन किया। 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया था। इसके बाद से इंडिया गठबंधन केंद्रीय गृहमंत्री से इस मामले पर बयान की मांग कर रहा है।

### एक आवाज में नहीं बोल सकते विपक्षी नेता

सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा, गठबंधन कहा है? वे पंजाब में संघर्ष कर रहे हैं, वे अन्य राज्यों में संघर्ष कर रहे हैं। वे एक आवाज में नहीं बोल सकते। वे भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे लोगों का एक समूह हैं और एक साथ आए हैं। उन्होंने कहा, उनकी कोई समान विचारधारा नहीं है। उनके पास कोई न्यूनतम साझा कार्यक्रम या साझा उम्मीदवार नहीं है। कोई इंडी गठबंधन नहीं है।

### विपक्षी सांसदों के निलंबन पर कही ये बात

संसद से विपक्षी सांसदों के निलंबन पर मंत्री ने कहा कि उन्हें उन गतिविधियों के लिए निलंबित किया गया है जिन पर अध्यक्ष ने रोक लगा दी थी। ठाकुर ने कहा कि सभी राजनीतिक दल इस बात पर सहमत हुए थे कि वे नए संसद भवन में लोकसभा और राज्यसभा के कक्षों के अंदर तख्तियां नहीं लाएंगे। उन्होंने कहा, %जब हमने नए संसद भवन में प्रवेश किया था तो अध्यक्ष ने सभी से नई परंपराओं के साथ शुरुआत करने का अनुरोध किया था कि किसी को भी कागज फाड़कर चेयर (स्पीकर) पर नहीं फेंकना चाहिए और चैंबर के अंदर कोई तख्तियां नहीं लाई जानी चाहिए।

### चुनाव परिणामों से गिरा विपक्षी नेताओं का मनोबल

मंत्री ने यह भी कहा कि तीन राज्यों में चुनाव परिणामों के बाद विपक्षी नेताओं का मनोबल गिरा है और उन्होंने संसद को बाधित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, तीन चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बाद वे हताश और निराश थे और वे सत्र का बहिष्कार करने की वजह ढूंढ रहे थे। ठाकुर ने कहा कि विपक्ष को आम आदमी से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर बहस में भाग लेना चाहिए था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)